हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 09.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 226 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# स्वावलंबी, स्वतंत्र और सशक्त नारियों के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण संभव : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कहा कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए पुरुषों से महिलाओं को सहयोग करने की अपील की है।

राष्ट्रपति नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'नारी नेतृत्व से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प हम सबका संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को पूरे आत्मविश्वास, लगन एवं मेहनत के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और देश एवं समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस अवधि में महिला समुदाय ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जीवन यात्रा को इस प्रगति का एक हिस्सा मानती हैं। ओडिशा के एक साधारण परिवार और पिछड़े इलाके में जन्म लेने से लेकर राष्ट्रपति भवन तक का उनका सफर भारतीय समाज में महिलाओं के लिए समान अवसरों और




सामाजिक न्याय की कहानी है। उन्होंने विश्वास जताया कि महिलाओं की सफलता के उदाहरण आगे भी बढ़ते रहेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने को लेकर लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल मिलना जरूरी है। उन्हें ऐसा माहौल मिलना चाहिए जहां वे बिना किसी दबाव या डर के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। हमें ऐसा आदर्श समाज बनाना है, जहां कोई भी बेटी या बहन अकेले कहीं जाने या रहने से न डरे। महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना ही भयमुक्त सामाजिक माहौल बनाएगी। ऐसे माहौल में लड़कियों को जो आत्मविश्वास मिलेगा, वह हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि जब भी हमने महिलाओं की प्रतिभा का सम्मान किया है, उन्होंने हमें कभी निराश नहीं किया है। हम संविधान सभा की सदस्य रहीं सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी और हंसाबेन मेहता जैसी विभूतियों के योगदान को नहीं भूल सकते। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां महिलाओं ने अपनी बुद्धि, विवेक और ज्ञान के बल पर न केवल ख्याति अर्जित कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, बल्कि देश और समाज का मान भी बढ़ाया है। चाहे विज्ञान हो, खेल हो, राजनीति हो या समाज सेवा हो- सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का सम्मान जगाया है।

उन्होंने कहा कि जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़नी चाहिए। भारत ही नहीं, बल्कि अन्य देशों में भी, कार्यबल में महिलाओं की कम भागीदारी का एक कारण यह धारणा है कि महिलाएं अपने बच्चों की देखभाल के लिए छुट्टी ले लेंगी या काम पर कम ध्यान दे पाएंगी लेकिन यह सोच सही नहीं है। हमें खुद से पूछना होगा कि क्या बच्चों के प्रति समाज की कोई जिम्मेदारी नहीं है। हम सभी जानते हैं कि परिवार में पहली शिक्षिका मां होती है। अगर एक मां बच्चों की देखभाल के लिए छुट्टी लेती है तो उसका यह प्रयास समाज की भलाई के लिए भी है।

## मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है : प्रधानमंत्री



नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी जिले में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस दिन, गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की शिष्टाचार भेंट



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल गंगवार ने इस अवसर पर राज भवन की ओर से प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

# गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग : मुख्यमंत्री





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## क्या भाजपा भी अपने राज्यों में माताओं-बहनों से किए वादों को पूरा करेगी! : सीएम

हेमन्त सोरेन ने कहा है कि महिला दिवस का शुभ अवसर है और आने वाले दिनों में होली, बाहा पर्व और ईद भी है। मुझे विश्वास है कि मंईयां सम्मान की राशि जो मेरी माताओं-बहनों के खातों में जाना शुरू हुई है। वह उनके और उनके परिवार को त्योहारों को हर्षोल्लास से मनाने में मदद करेगी। उनकी जरूरतों को पूरा करने में सार्थक सिद्ध होगी। कहा कि आशा है कि भाजपा भी अपने राज्यों में माताओं-बहनों से किए वादों को पूरा करने का काम करेगी। झारखंड के पदचिन्हों पर चलने का काम जल्द करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि यह राशि आपके सम्मान की राशि है, यह राशि आपके स्वाभिमान की राशि है। झारखंड की लाखों मंईयां से किए वादों को हम निभाने का काम कर रहे हैं, राज्य की हर मंईयां को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं।

## हेमन्त सोरेन ने बाहा बोंगा पर्व में की शिरकत, जाहेर स्थान में की पूजा-अर्चना



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन संग शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे। वहां आदिवासी समाज द्वारा आयोजित बाहा बोंगा पर्व के भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना की और कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने प्रकृति की उपासना के महत्व को समझाया। कहा कि प्रकृति की उपासना का यह महापर्व उन्हें इतनी व्यस्तता के बावजूद रांची से जमशेदपुर खींच लाया। उन्होंने वादा किया कि वह हर साल इस कार्यक्रम में जमशेदपुर आया करेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कार्यक्रम में आई महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वह मंईयां सम्मान योजना का पैसा सभी महिलाओं के खाते में भेज रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी पत्नी के साथ जाहेर स्थान भी गए, जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज होगी चैंपियन बनने की जंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार (9 मार्च) को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह ठीक एक सप्ताह पहले हुए ग्रुप स्टेज मुकाबले की पुनरावृत्ति होगी, जहां भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। अब तक इस टूनामेंट में भारत अजेय रहा है, जबकि न्यूजीलैंड ने अपनी लय हासिल करने के लिए सभी चार अलग-अलग स्थानों पर मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड को दुबई में खेलने का अनुभव है और कागज पर वे भारत को कड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार दिखते हैं।

भारत को अपने अंतिम एकादश को लेकर एक बड़ा फैसला करना होगा–क्या वे कुलदीप यादव की जगह एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को खिलाएं? हालांकि, इससे उनके पास बाएं हाथ के न्यूजीलैंड बल्लेबाजों के खिलाफ स्पिन का एक प्रभावी विकल्प कम हो जाएगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को यह तय करना होगा कि खराब फॉर्म में चल रहे विल यंग की जगह डेवोन कॉनवे को मौका दें या नहीं। दुबई की पिच धीमी और टर्निंग रही है, जिससे स्पिनरों को मदद मिली है। अब तक के चार मैचों में, जिस टीम के स्पिनर प्रभावी रहे, वह जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत के स्पिनर तेज और सीधी गेंदबाजी करने में माहिर हैं, जो इस पिच पर कारगर साबित हो सकता है।




न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के शीर्ष क्रम के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। उन्होंने पावरप्ले में भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ 20.20 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल के विकेट भी दर्ज हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ने हाल के मैचों में उनके खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाई है और पिछले दो मुकाबलों में हेनरी के खिलाफ 18 गेंदों पर 33 रन बनाए हैं।

भारत के सलामी बल्लेबाज आमतौर पर तेज शुरूआत करना पसंद करते हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें शुरूआत में सतर्क रहना पड़ सकता है। हालांकि, हेनरी की फिटनेस पर संशय बना हुआ है, क्योंकि सेमीफाइनल में फील्डिंग के दौरान उनके कंधे में चोट लगी थी।

न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर और माइकल ब्रेसवेल इस टूनामेंट में बेहतरीन लय में हैं। सैंटनर की सफलता का सबसे बड़ा कारण उनकी सटीकता रही है–उन्होंने 39.5 प्रतिशत गेंदें स्टंप्स पर डाली हैं, जिससे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका कम मिला है। हालांकि, विराट कोहली के लिए बाएं हाथ के स्पिनर परेशानी का सबब रहे हैं। 2022 से अब तक, कोहली का औसत लेफ्ट आर्म स्पिन के खिलाफ केवल 26.80 का रहा है और उनका स्ट्राइक रेट भी 73 प्रति 100 गेंद से नीचे चला जाता है।

हालांकि, शुभमन गिल ने सैंटनर और ब्रेसवेल के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। गिल ने सैंटनर के खिलाफ 115 रन और ब्रेसवेल के खिलाफ 62 रन बनाए हैं, और अब तक उनसे आउट नहीं हुए हैं। मध्यक्रम के लिए स्पिन का सामना करना अहम रहेगा, खासकर जब दबाव में बड़े शॉट लगाने की जरूरत होगी।

रचिन रवींद्र इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़े रन-स्कोरर रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक लगाए हैं। भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में उनका शुरूआती विकेट गिरने के बाद टीम को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। यदि फाइनल में वे क्रीज पर टिके रहते हैं, तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अपने गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

## एक नजर

### 112 महिलाओं की मंईयां सम्मान योजना की राशि जा रही थी एक व्यक्ति के खाते में, मामला दर्ज

**रांची :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में अब तक जो भी फर्जीवाड़ा हुआ है उसमें एक बड़ा खुलासा हुआ है। रांची डीसी ने बताया कि तमाड़ प्रखंड के रहने वाले कार्तिक पातर के खाते में 112 महिलाओं के मंईयां सम्मान योजना के पैसे जा रहे थे। इस संबंध में तमाड़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार कार्तिक पातर का भाई प्रज्ञा केंद्र का संचालक है। मिली जानकारी के अनुसार कार्तिक पातर ने सभी महिलाओं के नाम पर अपने खाते को जोड़ दिया था, जिसके बाद सभी 112 महिलाओं की राशि उसके खाते में जा रही थी।

# एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या, तीन हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम पद पर कार्यरत कुमार गौरव की गोली मार कर हत्या कर दी गई। शनिवार को वे अपने घर से हजारीबाग से ऑफिस के लिए निकले थे। उनकी गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के फतहा चौक के पास पहुंची बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। वे ऑफिस की स्कॉर्पियो में सवार थे। गाड़ी में उनके अलावा दो और लोग बैठे थे। आनन-फानन में उन्हें पास के ही आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।घटना की जानकारी मिलते ही डीजीएम के बड़े पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अस्पताल में जिले के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद थे। मामले को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चर्चा इस बात भी हो रही है इलाके में लेवी को लेकर आए दिन माइनिंग कंपनियां और उसके कर्मी अपराधियों की रडार पर रहते हैं। इससे पहले भी आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम की हत्या लेवी के लिए अपराधियों ने कर दी थी। इस घटना की वजह भी लेवी से ही जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि कुमार गौरव पर ही कोयला डिस्पैच की जिम्मेदारी थी।

वहीं कुमार गौरव की गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही



कुमार गौरव की फाइल फोटो

उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया।यह घटना आग की तरह पूरे हजारीबाग में फैल गई। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली।

वहीं जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं अस्पताल परिसर में जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है यह जांच का विषय है। घटना ने सुरक्षा पर अवश्य सवाल खड़ा कर दिया है।उन्होंने कहा कि घटना के बाद परिवार के लिए क्या कर सकते हैं यह बेहद जरूरी है। जिस तरह से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है यह कई सवाल जरूर खड़ा कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी सबसे बड़ी बात यही है कि कंपनी ने एक होनहार पदाधिकारी को खो दिया। जो भारत सरकार के लिए काम कर रहा था। उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मियों की सुरक्षा का इंतजाम पुख्ता हो। उल्लेखनीय है कि कुमार गौरव अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। उनके पिता की मृत्यु जब वह दो साल के थे तभी हो गई थी। उनकी माता ने परिवार का भरण पोषण किया। बहुत ही मेहनत से उन्होंने यह नौकरी पाई थी। उनकी उम्र लगभग 42 वर्ष थी। उनकी एक बेटी है जिसकी उम्र 10 वर्ष है। जो हजारीबाग के स्कूल में पढ़ाई करती हैं। मूल रूप से कुमार गौरव नालंदा के किंगर सराय के रहने वाले थे। घटना के बाद मृतक की मां और धर्मपत्नी भी अस्पताल पहुंची।

# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू, गरीब महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की भाजपा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला समृद्धि योजना को लागू करने की घोषणा की। इसके तहत दिल्ली की गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे। लाभार्थियों के सत्यापन के लिए ई-केवाईसी का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लागू करने की मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने प्रारंभिक रूप से इस योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के कार्यान्वन के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और कपिल मिश्रा शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली की माताओं-बहनों से किया गया वादा पूरा करते हुए हमारी सरकार ने महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये करोड़ आवंटित किए हैं। जल्द ही हर पात्र महिला को 2500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि मोदी की गारंटी को साकार करने की प्रतिबद्धता है।

## एक नजर

### देशी कट्टा लेकर रंगदारी करता युवक गिरफ्तार, गया जेल

**हजारीबाग :** कोर्रा थाना क्षेत्र के कनहरी हिल के समीप पार्किंग में मनीष कुमार साव देशी कट्टा लेकर रंगदारी कर रहा था। जिसकी सूचना हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को मिली उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया। उक्त दल ने त्वरित कारवाई करते हुए छापामारी किया इस दौरान युवक के मनीष कुमार साव के पास से एक लोहे का देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, एक यामाहा मोटर साइकिल जेएच 02 बीएम 0817 बरामद किया है। पुलिस के द्वारा बरामद अवैध देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस तथा मोटरसाइकिल को विद्युत जप्त करते हुए अभी को गिरफ्तार कर पूरा थाना कांड संख्या 45/25 धारा 352/ 351 (2) भारतीय न्याय संहिता एवं 25 (1-बी) '/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त छापामारी दल में सदर मंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद पुलिस और निरीक्षक महेश कुमार पासवान पुलिस और निरीक्षक रोशन कुमार पुलिस अवर निरीक्षक महेश कुमार सिंह सहायक और निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहायक और निरीक्षक पिंटू कुमार सिंह एवं कुर्रा थाना सहित नंदू ठाकुर संजीव कुमार गणेश सिंह पैंथर शामिल थे।

### एनटीपीसी अधिकारी की हत्या पर मुन्ना सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की

**हजारीबाग :** शनिवार को एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) कुमार गौरव की नृशंस हत्या के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक दुखद और गंभीर घटना है, लेकिन हमें न्याय प्रणाली और प्रशासन पर विश्वास रखना चाहिए। पुलिस पूरी तत्परता से जांच कर रही है, और मुझे भरोसा है कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा, हम सरकार से मांग करते हैं कि औद्योगिक क्षेत्र और वहां कार्यरत अधिकारियों की सुरक्षा को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। मैं खुद इस मुद्दे पर लगातार प्रशासन से संपर्क में हैं और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एनएसयूआई ने विभावि में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**हजारीबाग :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में एनएसयूआई द्वारा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे हॉस्टल सुविधा, बस सेवा, कॉमन रूम्स, सुरक्षा व्यवस्था आदि को विश्वविद्यालय प्रशासन तक पहुँचाना था। इस मौके पर एनएसयूआई की सक्रिय सदस्य आरती मेहता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, महिला सशक्तिकरण केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि हमारे हक की लड़ाई है। बेहतर शिक्षा और सुरक्षित माहौल हर छात्रा का अधिकार है, जिसे हम सभी को मिलकर हासिल करना होगा। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता अभिषेक राज ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, एनएसयूआई छात्राओं के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्षरत है।

# नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपयुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है। हर सफल महिला के पीछे उसकी मेहनत संघर्ष और आत्मविश्वास होता है सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण करती है महिलाएं किसी से कम नहीं वह अपने बलबूते इतिहास रचने की क्षमता रखती है। आज अंतर्राष्ट्रीय 8 मार्च को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने प्रोजेक्ट जागृति के बारे में सभी महिलाओं से जानकारी साझा की उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट जागृति बच्चियों के शिक्षण उत्थान के लिए कार्य कर रही है। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है इसके रोकथाम के प्रयास प्रोजेक्ट जागृति के माध्यम से किये जा रहे हैं, यह प्रोजेक्ट महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। कुछ महिलाओं और बच्चियों ने ग्रामीण स्तर पर अच्छा कार्य किया है। प्रोजेक्ट जागृति ग्रामीण स्तर पर बच्चियों के ड्रॉप आउट या अन्य समस्याओं पर भी कार्य कर रही है,बच्चियों को बेहतर जीवन मिल सके इस पर भी अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि परिवार में रह रही महिलाएं अगर कुछ करना चाहती हैं तो उन्हें सपोर्ट करें। महिलाएं अपना आत्मविश्वास और सम्मान बनाए रखें। उपायुक्त ने पुनः सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को पीएम मातृत्व वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,सुकन्या समृद्धि योजना व अन्य सरकार द्वारा महिलाओं को केंद्र बिंदु में रखकर चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2025 24 25 में राज्य विधवा पुनर्विवाह योजना अंतर्गत स्वीकृत लाभुकों को इस कार्यक्रम के माध्यम से दो-दो लाख रुपए का चेक दिया गया। जिसमें बड़कागांव लंगातू ग्राम की निवासी सावित्री कुमारी, डाड़ी प्रखंड के गीद्दी (ए) निवासी प्रीति कुमारी,चौपारण के वृंदा पंचायत की प्रीति कुमारी, हजारीबाग ग्रामीण के दारू पंचायत की मधु कुमारी एवं बरही प्रखंड के बरही पश्चिमी निवासी निजहत नाजनीन को उपायुक्त के हाथों दो दो लाख रुपया का चेक वितरित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय, हजारीबाग के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत 29 सेविकाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सैकड़ों महिलाओं को अंबा प्रसाद ने किया सम्मानित

# बड़कागांव में कोड शक्ति की हुई शुरूआत, स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं को बनाया जाएगा स्वावलंबी : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** पुरुष प्रधान भारत देश में महिलाओं के लिए ऐसे कई नियम एवं प्रथा बना हुआ है जिसके कारण आज भी महिलाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। इतिहास गवाह है जो महिलाएं इस बंधन को तोड़ते हुए घर से बाहर निकल रही है उसे आगे बढ़ाने के लिए कोई रोक नहीं सकता है। जो महिलाएं आगे बढ़े हैं उनका दायित्व है कि आज भी जो महिलाएं पीछे हैं उन्हें आगे बढ़ावे। उक्त बातें बड़कागांव की पूर्व विधायक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पश्चिम बंगाल कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री अंबा प्रसाद ने बड़कागांव स्थित जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। विधानसभा स्तरीय महिलाओं की सशक्तिकरण यात्रा की शुरूआत के दौरान अंबा सखी सहकारिता समिति एवं शक्ति कोड मिशन की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता देवी, गिन्नी वर्मा एवं चन्दर साव ने संयुक्त रूप से किया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि क्या समाज आज भी महिलाओं को सम्मान देता है कोई भी कार्य करने के लिए अभी भी महिलाओं को पुरुष से ही अनुमति लेनी पड़ती है। आज भी महिलाओं का उत्पीड़न अत्याचार जारी है। समाज में आज भी महिलाएं असहज महसूस करती हैं। जो महिलाएं आगे बढ़कर अपनी आवाज बुलंद कर रही है या पहचान बना रही है उनका दायित्व है कि पिछड़ी महिलाओं को आगे बढ़ाने में मदद पहुंचाएं। सपना देखने वाली महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और हर महिलाओं को सपना देखना चाहिए। अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि आज अंबा सखी सहकारी समिति एवं शक्ति कोड का शुभारंभ किया जा रहा है। फिलहाल इसमें 300 महिलाओं को जोड़ा गया है। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को स्वावलंबी एवं सशक्तिकरण बनाने के लिए प्रशिक्षित करते हुए रोजगार मुखी बनाया जाएगा ताकि लोग अपनी आय में बढ़ोतरी कर अच्छे ढंग से घर गृहस्ती चला सके। बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि जिस महिला में स्वयं आगे बढ़ने की लक हो वह हर हाल में आगे बढ़ रही है। जिसने भी संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है उसे कोई रोक नहीं सकता।

### चेपाकला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**बड़कागांव :** चेपाकला पंचायत के जुगरा गाँव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षो उल्हास के साथ मनाया गया। सबसे पहले सभी महिला मंडल के अध्यक्ष सचिवों ने केक काटकर शुरूआत किया और सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का खुशियां मनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरिता देवी पूर्व पंसस एवं संचालन आरती देवी ने। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम विशिष्ट अतिथि पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी ने दीप ज्वलित करके कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। महिलाओं ने अपने जीवन से संबंधित और गीत गाकर साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण राम ने कहा कि महिलाएं आज के समय में किन्ही से कम,कमजोर और पीछे नहीं है। जो शक्ति महिला के पास है वह अद्भुत है। सिर्फ अपने परिवार और जीवन को निखारने की आवश्यकता है।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** पदमा प्रखंड स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं की स्थिति, शिक्षा, अधिकार, विकास तथा समस्याओं सहित अन्य पक्ष पर चचाएं हुई। मौके पर डॉ. वीरेंद्र चौरसिया ने कहा कि मातृशक्ति का सामान हमारी संस्कृति का हिस्सा है। प्रो. जितेंद्र झा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के बिना हम विकसित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। प्रो. शनि देव कुमार ने कहा कि जिस क्षेत्र में भी महिलाओं को अवसर मिला है उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. तनुज गुप्ता तथा मंच संचालन प्रशिक्षु काजल कुमारी ने किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं में कामेश्वर कुमार पांडे काजल कुमारी, निशांजलि, स्नेहलता, सिंपल कुमारी, सुलोचना कुमारी, भारती कुमारी, प्रिया कुमारी, विक्की कुमार तथा साहिल कमर प्रमुख रहे।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर वूमेन प्राइड अवॉर्ड सेरेमनी 2025 का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** करुणा की सागर दया की देवी है नारी,ममता की सागर और क्षमा की मूरत है नारी ,प्रकृति का रूप और सहनशीलता का स्वरूप है नारी,जननी जन्मदात्री दुर्गा शक्ति स्वरूपा भगवती है नारी। महिलाओं के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती समाज में उनके अहम योगदान को भूलना नहीं चाहिए और समाज हम सब लोगों से मिलकर बना हैं। अगर हम औरत का सम्मान करेंगे, उनकी इज्जत करेंगे तो वे समाज को यानि हमारी दुनिया को खूबसूरत बना सकती हैं इसी उद्देश्य को लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय संस्था तरंग ग्रुप के साथ लायंस क्लब आफ हजारीबाग रोरिंग,एवं जन जागरण केंद्र हजारीबाग द्वारा संयुक्त रूप से साईं बैंक्वेट हॉल में वूमेंस प्राइड अवॉर्ड सेरेमनी 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्या रुचि कुजूर, निदेशक जिला ग्रामीण विकास शाखा हजारीबाग मां देव प्रिया,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार के साथ लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन राजीव आनंद,जन जागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह, समाजसेवी शेफाली गुप्ता,तरंग ग्रुप के सचिव अमित गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बतौर अतिथि सभी एक स्वर में कहा कि इस तरह का आयोजन एवं प्रोत्साहन महिलाओं को समाज में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। पुष्पदीप संगीत संस्थान द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य से शुभारंभ एवं डांस पैराडाइज के नृत्य से समाप्त हुए।

# महिलाएं समाज का आधार स्तंभ हैं, उनका स्वस्थ और सशक्त होना समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा हजारीबाग सदर विधायक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ-साथ अंगदान जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अंगदान के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल की टीम ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, बीएमआई चेकअप, आंखों की जांच, स्त्री रोग संबंधी जांच और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया और चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सकों ने अंगदान की प्रक्रिया, उसके महत्व और उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का अंगदान कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे सकता है। जागरूकता अभियान के अंत में भाजपा महिला मोर्चा की कई सदस्यों ने अपने अंगदान का संकल्प लिया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक पहल रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास स्वास्थ्य जागरूकता और मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा की महिलाएं समाज का अभिन्न अंग हैं और उनका स्वास्थ्य और कल्याण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य और सेवा भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षी राणा ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अंगदान जैसे पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम के अंत में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पारस हॉस्पिटल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### चोचरो पार्क में पंडित नेहरू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**बरही :** हजारीबाग जिले के बरही विधानसभा क्षेत्र स्थित चोचरो पार्क में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रतिमा के सिर को तोड़कर अपमानजनक हरकत की गई, जिससे स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। जैसे ही इस घटना की सूचना मिली, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू अपने समर्थकों और कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से दोषियों की पहचान कर जल्द से जल्द कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जिला उपायुक्त और स्थानीय प्रशासन को इस घटना से अवगत कराते हुए गहन जांच की मांग की। साथ ही, केंद्र और राज्य सरकार से पार्क के जीर्णोद्धार की अपील की। इस घटना की निंदा करते हुए कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कहा कि यह कृत्य सिर्फ नेहरू जी का अपमान नहीं है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक और समावेशी विचारधारा पर हमला है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साहू ने इस घटना के लिए बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बरही विधानसभा में बीजेपी विधायक के सत्ता में आने के बाद सामंतवादी विचारधारा को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन जल्द से जल्द नई प्रतिमा स्थापित करे और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए। इस घटना के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

### नारी सिर्फ शक्ति ही नहीं, बल्कि स्नेह, धैर्य और दृढ़ संकल्प की मूर्ति भी है : डॉ प्रवीण

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिन शनिवार को मनाया गया। महिलाओं के अधिकार एवं सशक्तिकरण सहित कई विषयों पर विशेष बातचीत हुआ। थीम श्एक्सलरेट एक्शनश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिकार, समानता, सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी सिर्फ शक्ति ही नहीं, बल्कि स्नेह, धैर्य और दृढ़ संकल्प की मूर्ति भी है। समाज के विकास में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है और उनके अधिकारों एवं सपनों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हर महिला को समानता, सुरक्षा और स्वतंत्रता का वातावरण प्रदान करें, ताकि वे अपने हर सपने को साकार कर सकें। मौके पर डेंटल कॉलेज के डॉ ऐश्वर्या धाम, डॉ रोजी कुमारी, डॉ राखी कुमारी एवं डॉ अंजलि मिश्रा सहित कई डॉक्टर्स, प्रशिक्षु एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### तिलेश्वर साहू की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**बरही :** बरही हाउस में स्वर्गीय तिलेश्वर साहू की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सह तिलेश्वर साहू के पुत्र अरुण साहू ने अपने दिवंगत पिता को नमन करते हुए कहा कि उनके पिता ने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा, समाज के उत्थान और न्याय की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया था। श्रद्धांजलि सभा में अरुण साहू ने कहा कि अपने परम आदरणीय व पूज्य पिताश्री शहीद तिलेश्वर साहू की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनका बलिदान हमें सदैव जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि उनके पिता का सपना था कि समाज के हर गरीब, शोषित और वंचित व्यक्ति को न्याय मिले। पिताजी के इस सपने को साकार करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य रहेगा। अरुण साहू ने इस अवसर पर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज की सेवा करते रहेंगे। पिताजी की शिक्षाएं और आदर्श मेरे लिए मार्गदर्शक हैं और मैं आजीवन उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए लोगों की सेवा करता रहूंगा। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय तिलेश्वर साहू की पत्नी साबी देवी ने भी उन्हें याद करते हुए भावुक संदेश दिया। उनके छोटे पुत्र मेघनाथ साहू व पुत्रवधू समेत अन्य परिजनों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भी उनके योगदान को याद किया और उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजसेवी और राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा में लोगों ने तिलेश्वर साहू के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में स्व. तिलेश्वर साहू की पत्नी साबी देवी, उनके पुत्र मेघनाथ साहू, पुत्रवधु शिल्पी साहू, कांग्रेस ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विष्णुधारी महतो, संतोष रजवार, गौतम मेहता, तोखन रविदास, टिंकू साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड के कानून व्यवस्था हुआ है चौपट : रोशन लाल चौधरी

**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग रोड के चौक के पास शनिवार सुबह लगभग 9:30 बजे दिनदहाड़े एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव को अपराधियों गोली मारकर हत्या कर दी जिसको लेकर बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए झारखंड सरकार और पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार में अपराधी खुलेआम दिनदहाड़े घटना को अनजाम दे रहे हैं और पुलिसिया व्यवस्था गहरी नींद में सो रहा है। हेमंत सरकार में ऐसा लग रहा है जैसे कोई सुरक्षित नहीं है और बस यहां अपराधियों का राज चल रहा है आए दिन कभी हजारीबाग, बड़कागांव ,रामगढ़ तो कभी रांची सहित कई जगहों पर दिनदहाड़े अपराधी घटना को अंजाम दे रहे हैं। आगे उन्होंने हजारीबाग पुलिस को कहा है कि जल्द से जल्द ऐसे अपराधी को नकेल कसने का काम करें क्योंकि इससे आम जनमानस में डर का माहौल है। ऐसे अपराधिक घटनाओं से साफ पता चलता है कि हेमंत सरकार लोगों की सुरक्षा देने में असफल है।

### श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा छठा वार्षिकोत्सव भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ

**चौपारण :** श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा छठा वार्षिक उत्सव सह पांच दिवसीय यज्ञ की शुरूआत सुंदर और आकर्षक कलश यात्रा के साथ महिला दिवस के अवसर पर हजारों की संख्या में कलशधारी महिलाओं ने सनातन मजबूती को लेकर एकजुट का नगर भ्रमण किया। बिगहा स्थित गढ़ काली मंदिर प्रांगण के यज्ञ मंडप से महिलाओं ने सुंदर कलश को अपने माथे पर रखकर पूरे मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए चौपारण के ताजपुर स्थित छठ तालाब से पवित्र जल संग्रहण कर वापस पुण: यज्ञ मंडप में क्षेत्र के सुख, शांति, विकास के संकल्प के साथ मंडप में 5 दिनों के लिए स्थापित कर दिया। छठे वार्षिकोत्सव के लिए निकाले गए इस कलश यात्रा की शुरूआत निमोर्ही अखाड़ा के महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज तथा तारापीठ के खडेश्वरी बाबा के द्वारा गढ़ के ऊपर बजरंगी पताके के ध्वजारोहण के साथ हुई। इस दौरान उन्होंने सनातन की मजबूती के संकल्प के साथ ध्वजारोहण किया तथा लोगों को आपस में जुट कर रहने का संदेश दिया।

## एक नजर

### हटिया हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**रांची :** शनिवार को फूड कोर्ट, सोलंकी मोड़, हटिया, रांची के हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड जिला न्यायालय के न्यायाधीश श्री दिरेन्द्र कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने के इतिहास का प्रसार किया और लैंगिक समानता की भी वकालत की। उन्होंने यह भी कहा कि 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाना शुरू किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश सिंह तोमर और उत्तर प्रदेश के राज्य उपाध्यक्ष श्री बृजमणि मिश्रा ने मानवाधिकार के क्षेत्र में अपने विशाल ज्ञान और अनुभव की उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। आप इसे महिलाओं के हित के लिए सफल कार्यक्रम कह सकते हैं क्योंकि रांची, खूंटी और झारखंड के कुछ हिस्सों से लगभग साठ (60) महिलाएं इस अवसर पर शामिल हुईं और लैंगिक समानता की दिशा में प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त किए। झारखंड की राज्य अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिन्हा ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, लैंगिक समानता और राजनीति और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी जैसे मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। झारखंड राज्य के प्रदेश अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम राठौर और राज्य सचिव श्री महेश कुमार सिंह ने भी महिलाओं के साथ शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में भेदभाव जैसे मुद्दों पर जोर दिया। साथ ही दोनों ने मुख्य रूप से रंगभेदी महिलाओं और हाशिए पर पड़े महिलाओ को समानता दिलाने के लिए काम करने पर जोर देने को कहा।

### महिलाओं का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी : शिल्पी




**रांची :** मांडर कॉलेज मैदान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए संगठित होकर लड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अन्याय और अत्याचार को चुपचाप सहने को भी अन्याय की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं अपने हक, अधिकार और समाज में हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए तैयार है।
मंत्री शिल्पी ने ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की भागीदारी को सराहा। कहा कि महिलाओं का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि होली से पहले मिलने की जानकारी दी और महिलाओं से इसे बेहतर तरीके से निवेश करने की अपील की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक कल्पना सोरेन ने महिलाओं को दी शुभकामनाएं

- राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का हो रहा है कार्य
- महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का बनेगा आधार
- राज्य की समस्त नारी शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधायक कल्पना सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विभिन्न समूहों से पहुंची महिलाओं ने मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कल्पना सोरेन से मिलने पहुंची। महिलाओं ने उन्हें ज्ञापन के माध्यम से अपनी कुछ मांगो एवं भावनाओं से अवगत कराया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने निरंतर प्रयास कर रही है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बैंक खाते में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा झारखंड**

विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है, मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं**

विधायक कल्पना सोरेन ने सभी महिलाओं को पुनः एक बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा यहां की नारीशक्ति के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संवेदनशील और कृत संकल्पित प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना है। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गलत मंशा के साथ केंद्र ला रहा परिसीमन : सुप्रियो




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि देश में होनेवाले परिसीमन को लेकर जो ड्राफ्ट आया है उससे पता चलता है कि केंद्र सरकार गलत मंशा के साथ ला रही है। सुप्रियो ने क ?हा कि इस परिसीमन से झारखंड के आदिवासी, मूलवासी और अल्पसंख्यकों के राजनीतिक दखल को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। सुप्रियो ने यह बातें शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। सुप्रियो ने कहा कि इसके पूर्व में जो परिसीमन लाया जा रहा था तो इसका कड़ा विरोध हमलोगों ने संगठित होकर किया था। इससे इसे तत्कालीन केंद्र सरकार ने झारखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों को राहत दे दिया था। लेकिन इस बार इसके दायरे में झारखंड को भी रखा गया है और परिसीमन लागू होने से लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 846 हो जाएगी जो 77 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार झारखंड में लोकसभा के सदस्यों की संख्या 14 से बढ़कर 24 हो जाएगी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में यह 42 से बढ़कर 60, बिहार में 40 से 79, उत्तर प्रदेश में 80 से बढ़कर 143 तक हो जाएगी।

## मिशन यूपीएससी आदिवासी छात्रों के साथ क्रूर मजाक : अजय साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार की मिशन यूपीएससी योजना की कड़ी आलोचना करते हुए इसे छात्रों के साथ क्रूर मजाक करार दिया है। उन्होंने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कहा कि यह योजना लाभकारी बनने के बजाय अव्यवहारिक चयन प्रक्रिया के कारण अपनी मूल भावना से भटक गई है। सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार, इस योजना के तहत झारखंड के 100 आदिवासी छात्रों को दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग के लिए 80,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। हालांकि, इस योजना का लाभ किन छात्रों को मिलेगा,




इसकी चयन प्रक्रिया चौंकाने वाली है। पत्रकार-वार्ता में अजय साह ने कहा कि इस योजना के तहत छात्रों की मेरिट लिस्ट तैयार करने का तरीका पूरी तरह से अव्यवहारिक और अनुचित है। चयन प्रक्रिया के अनुसार सबसे पहले उन छात्रों को लाभ मिलेगा जिन्होंने यूपीएससी का साक्षात्कार दिया है। इसके बाद, यूपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्रों को लिस्ट में शामिल किया जाएगा। तीसरे स्थान पर झारखंड लोक सेवा आयोग साक्षात्कार में शामिल हुए छात्र होंगे। चौथे और अंतिम स्थान पर जेपीएससी प्रीलिम्स पास करने वाले छात्र होंगे। साह ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जिन छात्रों ने पहले ही यूपीएससी प्रीलिम्स और मेंस जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर ली हैं, उन्हें कोचिंग के लिए आर्थिक सहायता देने का क्या औचित्य है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यह ऐसा ही है जैसे सरकार ने पढ़ाई के लिए कोई योजना बनाई हो, लेकिन उसमें शर्त रख दी हो कि इसका लाभ केवल उन छात्रों को मिलेगा जो पहले से ही पीएचडी कर चुके हैं।

## सेल ने सैटेलाईट कॉलोनी में अपनी पहली ग्रीन बिल्डिंग का किया अनावरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेल के आंतरिक सलाहकार, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने, भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की ओर से प्रमाणित सेल की पहली ग्रीन बिल्डिंग का अनावरण अमरेंदु प्रकाश ने शनिवार को सेटेलाइट कॉलोनी में किया।
इसमें सेल बोर्ड के निदेशकों वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (मार्केटिंग), ऐके तुलसियानी, निदेशक (वित्त), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक), बीके तिवारी, निदेशक प्रभारी (बोकारो), एमआर गुप्ता निदेशक (तकनीकी, परियोजना और कच्चा माल) समेत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मेजबानी सीईटी के ईडी श्रवण कुमार वर्मा ने की। सेल सैटेलाइट टाउनशिप, रांची में स्थित 30 वर्ष पुराने इस्पात एग्जीक्यूटिव



हॉस्टल (आईच) को कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए पुनर्निर्मित किया गया है, जो पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए सेल के समर्पण को दशार्ता है। बिल्डिंग की नई डिजाइन और विशेषताएं उच्चतम ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को सुनिश्चित करती है। मौके पर सेल के अनूप कुमार, ईडी (सुरक्षा), वेदप्रकाश, ईडी (डिजिटल) और संदीप कर, ईडी (आरडीसीआईएस) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकाली गयी शोभायात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आदि शक्ति श्री जीण माता प्रचार समिति के तत्वावधान में शनिवार को भव्य शोभायात्रा के साथ दो दिवसीय 15वा वार्षिकोत्सव शुरू हो गया। शनिवार को दोपहर 2 बजे अपर बाजार के लक्ष्मी नारायण मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। यहां से वंशीधर अडुकिया लेन, बड़ा लाल स्ट्रीट, रांची एक्सप्रेस गली, साबू रिक्शा चौक, जैन मंदिर, सरस्वती मार्केट, शहीद चौक, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, दिल्ला ब्रदर, चुरूवाला रोड, कार्ट सराय रोड, शनि मंदिर, हरमू रोड होते हुए वार्षिकोत्सव स्थल मारवाड़ी भवन पहुंची। शोभायात्रा में 501 महिलाएं, पुरुष युवतिया जीण निशान लिए चल रहे थे। जीण धाम से पधारे आनंद पाराशर एवं भागलपुर से राहुल सोनी ने अपनों भजनों से गंगा की लहर बरसा दी। शोभयात्रा में चले रहे जीण निशानों का माहेश्वरी सभा, ब्राह्मण सभा, गीता जोशी, रांची एक्सप्रेस लेन के



भक्तजन, राहुल सिंघानिया, प्रदीप शर्मा, विनायका एजेंसीज, महावीर शर्मा, मारवाड़ी सहायक समिति, भागचंद पोद्दार, बजाज हार्डवेयर, चिरंजीलाल बजाज, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन जीण माता सेवा संघ,अग्रवाल युवा मंच,मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल सभा,जीण माता मंदिर प्रचार समिति,अग्रवाल सभा, संदीप अग्रवाल एवं जीण भक्तों द्वारा पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व सहयोगी संस्था मारवाड़ी युवा मंच राची शाखा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, मंजू शर्मा, शीतल अग्रवाल, सुधा गोयनका आदि सदस्य सहयोग कर रहे है।

# दलित और आदिवासी समाज की समस्याओं के समाधान पर रुचि नहीं दिखा रहीं सरकार : विजय शंकर नायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उपरोक्त बाते शुक्रवार आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज सिरम टोली के मुख्य द्वार पर फ्लाई ओवर से रैम्प हटाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मानव श्रंखला बना कर आन्दोलन करने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही । इन्होने आगे कहा कि सरकार के लिए यह शर्म की बात है कि आदिवासी समाज लगातार इस समस्या के समाधान को लेकर आन्दोलित है ।आन्दोलन का असर यह है कि माननीय मंत्री चमरा लिंडा एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने आन्दोलित आदिवासी समाज के बीच जाकर एंव उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया साथ ही साथ पथ निर्माण विभाग के रांची प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को स्थल पर बुलाकर सब समझाया और इसका सामाधान कि दिशा मे निर्देश दिया और खुद मंत्री चमरा लिंडा और विधायक राजेश कच्छप ने मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर आदिवासी समाज के भावनाओ से अवगत करा कर 24 फरवरी तक किसी भी कीमत में फ्लाई ओवर से रैम्प हटाने का आश्वासन दिया जो अभी तक नहीं किया गया जिससे यह साबित होता है कि



यह सरकार आदिवासी समाज के भावनाओं से कोई लेना देना नहीं है । जिसका ही परिणाम है कि सरकार के वादा खिलाफी के कारण आज पुनः आदिवासी समाज सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर हो गए उनके किए जा रहे सभी आन्दोलनों का आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच समर्थन करता है। श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि सरकार ने अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद की तर्ज पर अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद की स्थापना करने की घोषणा को मात्र दलित समाज के लिए मुंगरी लाल के हसीन सपनो की तरह बताया है । इन्होंने आगे कहा कि आज चार वर्षो से झारखंड मे अनुसूचित जाति आयोग का गठन हेमंत सरकार ने नही किया रघुवर दास के कार्यकाल मे इसके प्रथम अध्यक्ष शिव पुजन राम को बनाया गया था इनके कार्यकाल के समाप्ति के बाद चार वर्षो से अध्यक्ष का पद खाली है मगर इसके गठन की दिशा मे आज तक कोई कार्रवाई नही कि गई और अब एक नया शिगूफा अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद के तर्ज पर अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद गठन करने का निर्णय सिर्फ दलित समाज के लोगो का आईवाश करना भर है । आयोग के गठन नही होने से राज्य मे इन वर्गो का शोषण उत्पीड़न की घटनाओ मे वृद्धि हुई है और इनके सभी क्षेत्रों मे विकास अवरुद्ध हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुई 1101 महिलाएं



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल के 53 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस दिनांक 7 मार्च शुक्रवार को प्रातः 7 :30 बजे से गणेश पूजन ध्वज स्थापना हवन पूजन का आयोजन मंदिर में किया गया। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे से बाबा श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा महादेव सरोवर मंदिर बड़ा तालाब के पास सेवा सदन पथ से निकाली गई। लगभग 1101 श्याम प्रेमी राजस्थानी वेशभूषा में हाथों में ध्वजा लहराते हुए नगर भ्रमण किया। इस भव्य शोभायात्रा में घोड़ा ऊंट डांडिया ताश बैंड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। गुजराती डांडिया का कार्यक्रम पूरे शोभायात्रा में भक्तों को अपने और आकर्षित कर नाचने गाने के लिए उत्साह और उमंग भर रहा था। महादेव सरोवर मंदिर से दोपहर 1:00 बजे यात्रा प्रारंभ हुई जो रंगलाल जालान रोड रांची एक्सप्रेस गली मौलाना आजाद कॉलेज कोतवाली थाना शहीद चौक से पुस्तक पथ गांधी चौक से अप्पर बाजार ईस्ट मार्केट रोड लोहिया चौक कार्ट सराय रोड बारूद चौक गाड़ीखाना चौक होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। इस भव्य शोभायात्रा में धनबाद से आए प्रख्यात भजन गायक महेंद्र अग्रवाल रोमित बंसल आशीष सिंघल ने भजनों की गंगा बहाई । स्थानीय कलाकार एवं श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने भक्तों को अपने भजनो से झुमाए रखा। राजस्थानी वेशभूषा में महिलाएं बाबा श्याम के निशान और सर पर राजस्थानी पगड़ी लगाकर झूमते गाते हुए दिखी। शहर के विभिन्न संस्थाओं ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया।

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं : डॉ. रंजना



**रांची :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फाउंडेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाइंड और जनशिक्षण संस्थान, रांची के सहयोग से शनिवार को आरोग्य भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में संस्था की प्रमुख डॉ. रंजना चौधरी ने कहा कि समय बदल रहा है और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनने और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं के लिए कई कौशल विकास योजनाएं चला रही हैं, जिनका सभी को लाभ लेना चाहिए ।इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही रानी मिस्त्री के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक निखलेश मैती, कृती सिंह, उषा, सुदिप्ता, राखी भगत, रूमी कुमारी, और अमृता कुमारी ने भी अपने विचार साझा किए। महिलाएं सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभ : रंजना
इसी कड़ी में फाउन्डेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाईन्ड एवं जनशिक्षण संस्थान, रांची के सहयोग से रांची के बाड़ू पंचायत के बुकरू गांव में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और संस्था की निदेशक रंजना चौधरी ने कहा कि अब महिलाएं हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं। फाइटर प्लेन भी अब उड़ा रही हैं। गांवों की महिलाएं भी सशक्त हो रही हैं। महिलाओं के लिए सरकार बहुत सारी योजनाएं चला रही हैं, उनका लाभ लेने की जरूरत है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निजी संगठनों के साथ-साथ समाज को भी आगे आना चाहिए।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बडौदा के मैनेजर, बाड़ू पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, ग्राम संगठन की अध्यक्ष पुनीता कुजूर, जेएसएलपी की सीसी दी बिरसमुनी देवी, वार्ड सदस्य इन्द्रजीत मित्रा उपस्थित थे।

### श्याम मंडल का फाल्गुन सतरंगी महोत्सव आज से

**रांची :** श्री श्याम मण्डल, रांची का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव नौ से 11 मार्च तक श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों का आयोजन राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप रेखा देने के लिए मंडल के सदस्य काम कर रहे हैं । कार्यक्रम को लेकर पूरे मन्दिर की साफ सफाई के बाद आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है और श्रृंगार के लिए कोलकाता से आए हुए कारीगरों की टीम कार्य में जुटी है। वहीं नौ मार्च को दोपहर तीन बजे श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर यात्रा शुरू होगी जो रांची के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु भक्तों को आशीष प्रदान करेंगे। साथ ही इस अवसर पर मुख्य तौर पर 750 श्रद्धालू अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे। साथ ही भजन गायक की टोली सम्पूर्ण मार्ग में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इस अवसर पर भक्तजनों के लिए संपूर्ण मार्ग में प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी।

### दरगाह की जमीन विवाद मामले में दुकानदारों ने रखा पक्ष

**रांची :** रिसालदार बाबा दरगाह वक्फ की जमीन है। इसे सरकारी जमीन बताकर अंचल कार्यालय अरगोड़ा में दरगाह कमेटी की नई टीम सदर और सेक्रेटरी को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर के गरीब व लाचार लोगों की दुकान तोड़ने का आवेदन दिया था। जिस पर सभी दुकानदारों को अंचल अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था। सभी ने शनिवार को अरगोड़ा अंचल में जाकर सीओ के समक्ष अपना पक्ष रखा। दुकानदारों ने दुकान से संबंधित सारे कागजात दिखाए। सभी कागजात की जांच की गई। अंचल अधिकारी ने वर्तमान सदर सेक्रेटरी समेत अन्य पदाधिकारियों को भी पक्ष रखने के लिए फोन करके बुलाया। लेकिन पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए। सीओ द्वारा सभी दुकानदारों को आश्वासन दिया गया कि जो अवैध रूप से दुकान संचालन हो रहे हैं इन सभी की जांच की जाएगी और गलत पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची :** पुरूलिया रोड स्थित एसपीडीसी सभागार हॉल में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला और मानव अधिकार थीम पर कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम झारखंडीज आदिवासी विमेन एसोसिएशन द्वारा आयोजित था। इस दौरान महिलाओं को नृत्य संगीत के माध्यम से सभी महिलाओं को सशक्त होने के संदेश दिए गए। महिलाओं ने कहा कि घरेलु कामगार महिलाएं घर-घर काम करके दूसरों की ज़िंदगी आसान बनाती हैं। फिर भी उन्हें अक्सर कम वेतन, असुरक्षित कार्यस्थल और सामाजिक सम्मान की कमी का सामना करना पड़ता है। कई बार उन्हें मजदूरी से वंचित किया जाता है या उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है। सरकार और समाज को मिलकर इनके अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाना चाहिए, जैसे न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करना, कार्यस्थल पर सुरक्षा और सम्मान प्रदान करना शामिल है।

## एक नजर

### मारपीट मामले में छः लोग पर नाम दर्ज

**धनबाद** : बीते दिन मारपीट मामले में घायल शिकायतकर्ता प्रेम कुमार रवानी छोटानगरी निवासी के फर्दब्यान पर तेतुलमारी थाना क्षेत्र के मोदीडीह 40 नं के लोग पर छः नामदर्ज व सात से आठ लोग पर अज्ञात मामला दर्ज हुआ। मामले को दर्ज होने बाद पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

### चास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो** : चीरा चास की कविता सिंह मेयर प्रत्याशी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह चास के आशियाना गार्डन 4 के निकट डोसा कॉर्नर में मनाया है। आज देश ही नहीं संपूर्ण विश्व में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। उसी कड़ी को जोड़ते हुए आज हर क्षेत्र से महिलाएं शामिल हुई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश के सभी माताओं, बहनों एवम बेटियों को ढेर सारी शुभकामनाएं व हार्दिक बधाई दिया है। इस अवसर पर महिलाएं सिर्फ अपने सपनों को ही नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को भी एक नई दिशा देती हैं, उनकी मेहनत, उनकी नेतृत्व क्षमता न सिर्फ आर्थिक विकास को गति देती, बल्कि सामाजिक संरचनाओं में सकरात्मक बदलाव लाती है। महिलाएं आत्मनिर्भरता सशक्तिकरण और समानता की वह किरण है, जो नये भारत के तश्वीर को रौशन कर रही हैं। समिति की महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अध्यक्ष कविता सिंह, नीलम, गरिमा, सुधा कुमारी ,बबीता ,अनीता सिंह ,आरती सिंह, विनीत कंचन सुषमा सुषमा रेखा आदि उपस्थित रहीं।

### हर क्षेत्र में अहम योगदान दे रही हैं महिलाएं : उपायुक्त



**खूंटी** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने किया। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के सशक्तीकरण और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही हैं। उनका हर क्षेत्र में अहम योगदान है। लोकसभा या विधानसभा चुनाव के दौरान भी महिला कर्मियों द्वारा काफी उत्कृष्ट कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले की पहचान खेल से है। यहां की महिला खिलाड़ी देश-विदेश में अपनी पहचान बना रही हैं। हमे साथ मिलकर महिलाओं को सहयोग करने की आवश्यकता है। उन पर काफी जिम्मेदारी रहती है, इसके बावजूद वह हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही हैं। पुरुष वर्ग को हमेशा महिलाओं को सहयोग करना चाहिए, सामूहिक प्रयास से हीं हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर पाएंगे।

# बेटियों को प्रसिद्धि अर्जित करने के लिए उनके हौसले को दें उड़ान : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : बेटियों को प्रसिद्धि अर्जित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए हर माता-पिता को उनके हौसले को उड़ान देनी चाहिए। समाज में यह गलत धारणा है कि बेटा ही परिवार का सहयोग करेंगे। जबकि वर्तमान परिस्थितियों में देखा गया है कि बेटियां अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। मुसीबत में माता पिता और परिवार का सहारा बन रही है।

यह बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण शाखा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर आयोजित समारोह में बतौर मुख्या अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति इस सोच में परिवर्तन लाना है। माता-पिता अपनी बेटियों को उचित मार्गदर्शन दें। आगे बढ़ने के लिए सहयोग करें। उन्हें अच्छी शिक्षा दें। शिक्षा ही बेटियों को इस दुष्चक्र से बाहर निकालेगी। उपायुक्त ने सभी बेटियों को जीवन में अपना लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत करने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र होगी तो वे आत्मनिर्भर बनेगी। परिवार और समाज में उनकी कद्र होगी। समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने को कभी कमजोर नहीं समझे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत स्वयं अपने घर से करें। बेटियों को मजबूत बनाएं। बेटियों के माध्यम से अपने अधूरे सपने पूरा करें। इस अवसर पर सिटी एसपी श्री अजीत कुमार ने महिलाओं को निडर बनने, आत्मविश्वास बढ़ाने, अपनी शक्ति को पहचानने और वैचारिक रूप से श्रेष्ठ समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त, सिटी एसपी, जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य अतिथियों को मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समर्पित कला मंच के कलाकारों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बहुत ही मार्मिक नाटक पेश किया। निर्देशक हारून रशीद के निर्देशन में एसएम मेहंदी, सेराज खान, रेशमा बानो, सुनीला कुमारी, मो अफरीदी, सना परवीन, मो शाहिद व पंकज मिश्रा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। वहीं 16 सेविका एवं 15 महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित किया गया। मैट्रिक और इंटर परीक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाली 6 टॉपर बालिका को सम्मानित किया गया।

## समाज व देश को सबल व समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में शनिवार को महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी व हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी ने कहा कि प्रत्येक महिला को स्वयं पर विश्वास होना चाहिए, तभी वह कुछ बड़ा कर सकती है। महिला केवल घर-परिवार ही नहीं संभालती है, अपितु समाज व देश को सबल व समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। शिक्षिकाएं बच्चों को नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करती हैं। विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। शिक्षा के जरिए बच्चों की तकदीर संवारने की दिशा में सकारात्मक काम कर रही हैं। हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सम्मान दिया गया है। जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। इसलिए नारी का सम्मान करना चाहिए। कहा कि महिलाएं शिक्षा, राजनीति, खेलकूद सहित अन्य क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। शिक्षिकाओं ने गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान शिक्षिकाओं व महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## महिलाओं के लिए अधिकार, समानता व सशक्तिकरण में लाना होगा तेजी : श्वेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : प्रो बारी सहकारी गृह निर्माण समिति लि. तेतुलिया बोकारो की ओर से शनिवार को बारी को-ऑपरेटिव के अभिनंदन हाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा आज भी बड़ा मुद्दा है। महिलाओं को सशक्त करने की बात सिर्फ महिला दिवस पर ही नहीं वरन हर दिन होना चाहिए। कहा कि महिलाओं के लिए अधिकार, समानता व सशक्तिकरण में तेजी लाना होगा। मैं महिला दिवस के अवसर पर हर महिला को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। मुख्य वक्ता सिविल कोर्ट चास की वरीय अधिवक्ता अनु मिश्रा ने कहा कि नारी के लिए मेरा कहना है तू शक्ति, तू भक्ति, तू संगिनी, तू सहचर, फिर क्यूं पूछती है किससे बेहतर है तू. अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष जेएन सिंह ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी कार्य मे पुरुषों से कम नहीं है। पुरुषों के साथ महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम कर रही है। संचालन पीपी प्रसाद ने की. धन्यवाद ज्ञापन सचिव एबी सिंह ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में माला हेमरोम, प्रमिला देवी, कमला देवी, पुनम सिंह, सुधा पांडेय, आरके सिंह, पुनम सिंह, रतन कुमार सिंह, बिमल कुमार सिन्हा, आरपी सिंह, कामेश्वर प्रसाद, डीएन सिंह, एसपी सिंह, डॉ अश्विनी कुमार कुशवाह, गुरुनानक प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अशोक प्रसाद, नीतीश प्रसाद सहित अन्य सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

## नेशनल लोक अदालत,1 अरब 38 करोड 26 लाख 49 हजार 932 रूपये की रिकवरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**धनबाद** : नालसा के निर्देश पर वर्ष 25 के पहले नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी,उपायुक्त सह डालसा के भाईस चेयरमैन माधवी मिश्रा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक,आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है । उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने कहा कि। लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोगों मे प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है।

**तीन लाख छह हजार 583 विवादों का निपटारा**

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 14 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। शुरूआत के चार घंटे में हीं दोपहर दो बजे तक कुल 3 लाख 6 हजार 583 विभिन्न तरह के विवादों का निपटारा कर दिया गया जिसमें 2 लाख 75 हजार 412 प्रिरलेटिगेशन मामले ,जबकी 31हजार 171 विभिन्न तरह के लंबित मुकदमे निष्पादित किए गए।

## श्री रविशंकर का आदिवासी समुदाय ने ढोल ढाक के साथ से किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने अपनी 5 दिवसीय बिहार यात्रा की शुरूआत औरंगाबाद से की जहाँ वे 12 साल बाद राज्य अतिथि के रूप में पहुँचे हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने यह जानकारी दी।गुरुदेव इन 5 दिनों में बिहार के कई शहरों-पटना, औरंगाबाद, पूर्णिया, खगड़िया, भागलपुर और गया की यात्रा करेगें, जहाँ लाखों लोग उनके आगमन की प्रतीक्षा कर रहें हैं। इस ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित यात्रा के दौरान, उन्होंने औरंगाबाद के भव्य ग्रामोत्सव कार्यक्रम में हजारों लोगों को संबोधित किया। सभा में आदिवासी समुदाय, ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग, 300 पंचायत प्रतिनिधि और 50 से अधिक सरकारी अधिकारी शामिल थे। उपस्थित गणमान्यों में अशोक कुमार विधान परिषद सदस्य नवादा, सुशील कुमार सिंह पूर्व सांसद, उदय गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद और उदय सिंह, एक प्रसिद्ध समाज सेवक शामिल थे। आदिवासी समुदाय ने परंपरिक ढोल-ढाक की जीवंत धुनों के साथ गुरुदेव का स्वागत किया। प्रसिद्ध गायक जितेंद्र और धर्मेंद्र ने गुरुदेव के सम्मान में एक विशेष गीत प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम और भी स्मरणीय बन गया। बिहार की भूमि की प्रशंसा करते हुए गुरुदेव ने कहा यह महान मगध साम्राज्य की भूमि है, जहाँ मौर्य जैसे राजाओं ने शासन किया। यह वह जगह है जहाँ नालंदा विश्वविद्यालय जैसे महान शिक्षण संस्थान का विकास हुआ। अष्टावक्र जैसे महर्षि और योगी यहीं से आए। यह भगवान बुद्ध की भी पावन भूमि है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 2 डी कला केंद्र के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, डीपीएलआर मेनका, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने मातृ शक्ति का वंदन किया और महिलाओं को देश प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक, विकास में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने के लिए कृतज्ञता व्यक्त किया गया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने सभी महिलाओं को एक पेन दिया। साथ ही उन्होंने आवाह्न किया कि अपने बच्चों को पढ़ाए, आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं एवं आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि सशक्तिकरण का मतलब सिर्फ आर्थिक रूप से सक्षम बना होना नहीं बल्कि महिलाएं तब सशक्त होगी। जब घर के हर निर्णय में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो। आज के इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से इस महिला दिवस पर एक पेन के माध्यम से संदेश देने का छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बेटियों के हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए चूड़ी नहीं बल्कि कलम दे ताकि वो अपना हाथ नहीं अपना भविष्य सवार सके। इस दौरान कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के विकास एवं कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका लाभ दिलाने का प्रयास निरंतर जारी है। साथ ही सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, सर्वजन पेंशन योजना एवं किशोरी समृद्धि योजना की विस्तार से जानकारी दिया। इसके अलावे बेटियों की जन्म की खुशी में महिलाओं को मेडिकल किट दिया।

महिलाएं अब कई क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, डीपीएलआर श्रीमती मेनका ने कहा कि महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार अनेक कार्यक्रम चला रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व महिला दिवस पर एक परिचर्चा का हुआ आयोजन




**धनबाद** : आर. एस. पी. कॉलेज (झरिया) बेलगड़िया में विश्व महिला दिवस पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ रजनी बारा ने किया, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इन्होंने कहा कि मानव एवं मानवता की मूल है महिलाएं. इस कार्यक्रम मे बीएड के प्रशिक्षु ज्योति कुमारी एवं जूही कुमारी, रोहित कुमार एवं आयशा ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम मे डॉ शुभा आजमानी, डॉ भावना कुमारी, प्रो रमेश सरदार, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ श्याम किशोर प्रसाद, डॉ अशोक कुमार चौबे, डॉ एतवा टुटी, डॉ रामचंद्र कुमार, विजय कुमार विश्वकर्मा समेत विभिन्न विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### जीपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित




**धनबाद** : बायपास रोड बलियापुर, कोला कुसमा स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सम्मान समारोह आयोजित कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जेपी हॉस्पिटल और जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यरत महिलाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं के उन्नति, उत्थान एवं मरीजों की दिन रात सेवा के लिए प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल,डायरेक्टर डॉक्टर मिमी मंडल, कॉलेज की प्राचार्या ने संयुक्त रूप से केक काटा। जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस परिसर में एक्सीलरेट पावर थीम पर बहुत ही आकर्षक रंगोलिया लोगों को बेहद आकर्षित कर रही थी। जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च एवं जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्हें सम्मानित करना है। इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर डॉक्टर मिमी नित्यानंद मंडल ने कहा यह दिन महिलाओं के साथ समानता और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष की याद दिलाता है। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे सबसे खास बात भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरुप माना गया है। जीपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च एवं जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा महिलाएं पुरुषों के अनुरूप हर क्षेत्र में महिलाएं अलग पहचान बना रही है और आगे इसी तरह महिलाओं को जागरूक होना है तभी समाज और देश का स्वर्णिम विकास संभव है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित



**बोकारो** : रोटरी क्लब चास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोल्डन हट में आयोजित इस कार्यक्रम में 16 महिलाओं को सम्मानित किया गया । रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान का सम्मान करने और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की संयोजक डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी महिलाओं के अधिकार एवं सशक्तिकरण की हितेषी है। डिंपल ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने एवं समाज में उनकी भागीदारी को और मजबूत करने की जरूरत है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती श्वेता सिंह, माननीय विधायक बोकारो ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। श्वेता सिंह ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि प्रेरणा देता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि महिलाओं को बराबरी एवं अधिकार सुनिश्चित करने के लिए हमें लगातार प्रयास करने हैं। श्वेता सिंह ने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समृद्ध एवं न्याय संगत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। श्रीमती श्वेता सिंह ने सम्मानित महिलाओं की समाज में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की तथा आशा व्यक्त की अन्य के लिए आदर्श बनेगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 5546 मामलों का निष्पादन

**खूंटी** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 5546 मामलों का निष्पादन किया गया और दो करोड़ 79 लाख 77 हजार 423 रुपये की राशि का समायोजन किया गया।

साथ ही डालसा के सभागार भवन में महिला दिवस पर महिला न्यायिक पदाधिकारियों, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी सहित अन्य की ओर से पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में उपस्थित महिला अधिवक्ता एवं महिला पीएलबी को पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहार न्यायालय के प्रांगण में चिकित्सा विभाग की टीम की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत है। इसमें लंबित वादों के दोनों पक्षों के बीच जीत होती है। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ माध्यम है जिसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए लोक अदालत के माध्यम से करते हैं। निष्पादित मामलों में दो मामले एमएसीसी के हैं जिसमें कुल 65 लाख रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। इन निष्पादित मामलों में कुल 447 वाद न्यायालय में लंबित मामले शामिल है। लोक अदालत के लिए पांच बैंच बनाये गये थे।

## एक नजर

### कार के चपेट में आने से बेलाल अंसारी की मौत

**अनगड़ा** : अनगडा प्रखंड अंतर्गत हेसल एन एच आई 33 टोल प्लाजा के के समीप टाटा सफारी गाड़ी ने बाईक सवार बेलाल अंसारी उम्र 45 वर्ष को अपने चपेट में ले लिया। जिससे का घटना स्थल पर ही मौत हो गई जिसके बाद पूरी तरह से सड़क जाम हो गया। उसके तुरंत स्थानीय थाना प्रभारी हीरा लाल साह अपने दल बल के साथ पहुंचे तो देखा कि काफी भीड़ था लोगो समझा बुझा कर मामला को शांत कराया गया कुछ बुद्धिजीवी लोग थाना प्रभारी के साथ वार्ता हुई की गाडी मालिक से बात कर दस लाख रुपए मूवाजा दिलाने का आश्वासन दिया। उसके बाद लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा वहीं स्थानीय लोगों का कहना था कि यहां पर टोल टैक्स बना उसके बाद से लगातार दुर्घटना हो रही चुकी टोल टैक्स का एरिया पर बिधी व्यवस्था होना चाहिए वह नहीं जिससे स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान मुस्तफा अंसारी अब्दुल इमाम अंसारी सरूफ खान मार्शल ए एहसान अंसारी रब्बानी राज आदि घटना स्थल पहुंचे।

### महिला समूहों को दिलायेंगे दो लाख तक की सहायता : सांसद

**लोहरदगा** : शंखधारा महिला विकास मंडल लोहरदगा कुडू के तत्वावधान में महिला दिवस के मौके पर शनिवार को प्रखंड के नावाटोली मैदान में महिला महाअधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए।मौके पर सांसद ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य की महागठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन लगातार प्रयासरत हैं। महिलाओं को स्वावलंबी तथा सशक्तिकरण किये बगैर समाज, राज्य तथा देश के विकास की बात करना बेमानी है। महिलाएं पुरूषों की तुलना में अधिक काम करती हैं। महिलाओं में श्रम शक्ति अधिक होती है। डायन बिसाही कुछ नहीं होता है। डायन कहकर महिलाओं को प्रताड़ित करना सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं हैं, लाचार महिलाओं को अंधविश्वास के कारण प्रताड़ित करना अपराध है। शराब और नशा समाज के लिए ठीक नहीं, नशा से दूर रहने की जरूरत हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि बच्चों को पढ़ाये। इससे समाज आगे बढ़ेगा। सांसद ने कहा कि महिला समूह को स्वरोजगार के लिए दो लाख तक सहायता दिलायी जायेगी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की हुई मौत

**अनगड़ा** : थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाडेरा के पास सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें बाईक सवार का घटना स्थल पर हुई मौत हो गई ग्रामीणों ने बताया की गोंदली पोखर की तरफ से हाईवा गाड़ी आ रही थी और उसी दिशा से बाइक भी आ रही थी। हाईवा गाड़ी में ने अपने चपेट पर ले लिया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाईक सवार मृतक कामेश्वर चौधरी उम्र लगभग 35 वर्ष है।

# गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन डालटनगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में शनिवार को किया गया। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के लिए भेजे गए संदेश पढ़कर सुनाया, जबकि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शपथ दिलाई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की ओर से समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। महिलाएं हम सभी के लिए खास हैं। प्रत्येक घरों में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। उपायुक्त ने महिला उत्थान के लिए जिले में चलायी जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। उपायुक्त ने महिलाओं की ओर से पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिला होना गर्व की बात है। विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से भी महिलाओं का काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से अबतक जो नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें भी जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान में पुरूषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं को विभिन्न क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। जिले में 18990 समूह से जुड़कर महिलाएं अपने अपने सपनों को पंख दे रही हैं। मुख्यमंत्री की ओर से शराब बिक्री के कार्य में जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक वैकल्कि स्वरोजगार से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत वैसी महिलाओं को 50 हजार रुपए तक एक साथ ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान है। पलामू में 602 महिलाएं इसका लाभ ले रही हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा सहित अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका उपस्थित थे।

## हाथियों का झुंड पहुंचा बागोडीह गांव, किसानों के फसलों को रौंदा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह)** : शुक्रवार की आधी रात लगभग 12 बजे रात 32 हाथियों का झुंड सरिया के बागोडीह गांव पहुँचा जहाँ उन्होंने बागोडीह गांव के कई किसानों के बाड के दीवारों को तोडकर फसलों को नुकसान पहुंचाया जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। हाथियों का झुंड सबसे पहले बागोडीह निवासी किस्टो राम व रघु राम के बाड के दीवारों को तोडकर लगभग डेढ एकड जमीन में लगी गेहूँ के फसलों व जेठुआ फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया जिसमें लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ ।इसके बाद हाथियों का यह झुंड सोबरन कुम्हार, लखन पंडित व राजेश पंडित के बाड का दीवार को तोडकर उसमें लगे प्याज, केला,गन्ना व हरी सब्जियों के फसलों को रौंद डाला। हाथियों के चिंघाड़ सुनकर लोगों ने मामले से वन विभाग को अवगत कराया। वन विभाग की टीम तुरंत वहाँ पहुँची और मशाल, पटाखे तथा सायरन बजाकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रात 12 बजे से 2 बजे तक लगातार हाथियों ने उत्पात मचाया। इन्होंने हुए नुकसान की भरपाई की माँग वन विभाग से की है। बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष जंगली हाथियों का झुंड क्षेत्र में आता है और जब भी हाथी गांव में प्रवेश करता है सबसे अधिक किसानों को ही नुकसान उठाना पड़ता है। हाथी फसल को घर,चारदीवारी आदि को नुकसान पहुंचाते है और चलते बनता है इसकी सूचना वन विभाग को ग्रामीणों द्वारा दिया जाता है वन विभाग के कर्मी आते है हाथियों को भगा कर दूसरे क्षेत्र में भेज देते है।

## महिलाओं को अधिकार, समृद्ध समाज का आधार : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : महिलाओं को सम्मान, समान अधिकार और अवसर मिलना समृद्ध और सशक्त समाज की नींव है। सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने यह बात कही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सुदेश महतो ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ. आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के अवसर देना है। वर्तमान सरकार महिलाओं के नाम पर सिर्फ चंद रुपये बांटकर उन्हें भरण-पोषण तक सीमित रखना चाहती है, जो महिला विकास का अपमान है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने 50 लाख महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था, लेकिन अब 38 लाख महिलाओं को ही राशि देने की बात हो रही है। यह सरकारी खजाने की लूट और वोट बैंक की राजनीति है, जिसकी जांच होनी चाहिए। सुदेश महतो ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का सही अर्थ उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देना है। आजसू पार्टी महिलाओं के अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी और उनके नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## चैनपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने ली शपथ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर** : चैनपुर में बाल विकास परियोजना कार्यालय के परिसर में शनिवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षीका अंजली कुमारी वर्मा ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को संबोधित किया और उन्हें महिला सशक्तिकरण के महत्व के बारे में बताया। महिला पर्यवेक्षीका अंजली कुमारी वर्मा ने कहा, महिला दिवस महज एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक कदम है। नारी वह शक्ति है जो अंधेरे में रोशनी बनकर जलती है, संघर्ष में अडिग रहती है और हर परिस्थिति में मुस्कुराते हुए आगे बढ़ती है। उन्होंने आगे कहा की जब एक महिला सशक्त होती है तो वह न केवल अपने लिए बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता बनाती है। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने एक स्वर में अपने क्षेत्र की सभी महिलाओं के सशक्तिकरण और समान अवसरों को प्रदान करने हेतु अपने दायित्व का निर्वाहन निष्ठापूर्वक करने की शपथ ली। उन्होंने कहा की हम अपने क्षेत्र की सभी महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सभी सेवाओं से आच्छादित करने के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। उन्होंने आगे कहा की हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, स्कूल ड्रॉप आउट, महिलाओं के प्रति हिंसा और दहेज प्रथा के रोकथाम के लिए जन जागरूकता और निराकरण के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे।

### महिला दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अनगड़ा** : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर नाईटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसका उद्घाटन नर्सिंग स्कूल के निदेशक अजीत महतो सचिव राज बाला कुमारी और प्राचार्य लखिया लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया इस कार्य क्रम में सभी छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए इस दौरान तरह तरह के प्रतियोगिता पहला दिन मेहंदी रंगोली एवं चित्र कला आयोजित की गई वक्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा आगे कहा कि विश्व महिला दिवस को हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दशार्ता है। महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। कई देशों में इसे अवकाश के रूप में मनाया जाता है। महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है।

## बांसारूली पंचायत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी** : मुरी बांसारूली पंचायत में पोषित बचपन टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के साथ रैली निकाली गई एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत की महिलाओं और बालिकाओं को महिला एवं बालिका अनुकूल पंचायत की संकल्पना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, पंचायत स्तर पर लड़कियों और महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की गई।कार्यक्रम में महिलाएं और लड़कियां के शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, हिंडाल्को द्वारा समुदाय के हित में किए जा रहे कार्यों को भी उजागर किया गया। राजकुमारी फाउंडेशन के सुप्रिया सिंह ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। जेएसएलपीएस की पंचायत कोऑर्डिनेटर उषा देवी ने कहा कि जहां नारी को सम्मान मिलेगा वहां समाज आगे बढ़ेगा। बांसारूली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव ने अपने संबोधन में कहां की महिलाओं की सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार भी विभिन्न तरह की योजनाओं को संचालित किया है जिसका लाभ लेने की जरूरत है ताकि महिलाएं स्वावलंबी बन सके। अंत में पंचायत के सभी लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह करना जुर्म है का संकल्प दिलाया गया, जिससे हर बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## दिव्यांग समाज के बिना संपूर्ण विकास संभव नही : डॉ मयंक मुरारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा** : समाज के सभी लोगों की सहभागित और प्रगति से ही समग्र विकास हो सकेगा। इसमें मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग को विकास की मुख्यधारा में जोड़ना एक अहम कड़ी है। दिव्यांग समाज के बिना संपूर्ण विकास की परिकल्पना ही अधूरी है। उक्त बातें उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज मानसिक रूप से दिव्यांग युवतियों के लिए सिलाई, टेलरिंग और कढ़ाई के प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर विचार व्यक्त कर रहे थे। उषा मार्टिन फाउंडेशन ने दीपशिखा के समन्वय से मानसिक रूप से दिव्यांग महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संबल परियोजना की शुरूआत की है। एक वर्ष के प्रशिक्षण के बाद कुल 20 बौद्धिक रूप से अक्षम लड़कियों को प्रशिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार दिया जाएगा। दीपशिखा की हेड सुधा लीला ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य सिलाई, टेलरिंग और कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। यह पहल प्रतिभागियों को नए कौशल हासिल करने, उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने और वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएगी। एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, परियोजना विकलांगता के इर्द-गिर्द कौशल अंतर और सामाजिक कलंक दोनों को संबोधित करेगी, कार्यबल में समावेश के लिए एक मार्ग का निर्माण करेगी। मंजू गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग महिलाओं के विकास के लिए ऐसी योजना बहुत लाभकारी होगा। उषा मार्टिन के माध्यम से गांवों में दिव्यांग को सहयोग एवं समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक गांवों के 15 दिव्यांगों को जांच के बाद व्हिलचेयर, ट्राईसाईकिल, ईयर मशीन आदि मुहैया कराया गया है। प्रोजेक्ट संबल के तहत जिन दस लोगों का पहले चरण में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उनके नाम है- अमर चैधरी, छोटी रानी, सुनिधि कुमारी, रिया कुमारी, बुलबुल कुमारी, अबु रेहान, हेमा कुमारी, सुनीता कुमारी, शिल्पा एक्का और श्वेता शिल्पी है। इसे राहील कच्छप और बिना लिंडा के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। मनीषा एक्का इस परियोजना का समन्वय करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गोवंशीय पशु हत्या मामले में बहुरा मुंडा गिरफ्तार

**चैनपुर** : चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कुरमगढ़ थाना क्षेत्र में गोवंशीय पशु हत्या के एक मामले में बहुरा मुंडा को गिरफ्तार किया गया है। बहुरा मुंडा (32 वर्ष) पिता शनिचरवा मुंडा निवासी कुटवां थाना कुरुमगढ़ जिला गुमला को पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। इस मामले में बहुरा मुंडा पर धारा 317(5)/3(5) बीएनएस 12(1) झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 एवं 11(1)(डी)/11(1)(ई) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। बहुरा मुंडा की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बहुरा मुंडा को गोवंशीय पशु हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बहुरा मुंडा पहले भी नक्सली गतिविधियों में शामिल रहा है और नक्सली मामले में जेल भी जा चुका है। हाल ही में बहुरा मुंडा को माननीय न्यायालय द्वारा जमानत पर मुक्त किया गया था। लेकिन अब गोवंशीय पशु हत्या के मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। इस मामले की जांच कुरमगढ़ थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बहुरा मुंडा के खिलाफ आरोपों की जांच की जा रही है और जल्द ही उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बहुरा मुंडा को गिरफ्तार करने के लिए त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बहुरा मुंडा की गिरफ्तारी से गोवंशीय पशु हत्या के मामलों में कमी आएगी और लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

### ज्वलनशील पदार्थ फेंककर घर में आग लगाया, युवक सीसीटीवी में हुआ कैद

**सरिया(गिरिडीह)** : सरिया थाना क्षेत्र के पोखरियाडीह गांव में शनिवार की सुबह लगभग 10 :30 बजे अनूप कुमार पांडेय के घर में ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर एक व्यक्ति के द्वारा आग लगा दी गई। जिससे घर के मुख्य द्वार पर रखे समान धू-धू कर जलने लगे। इसे संजोग कहा जाए की आग लगने की घटना की जानकारी मिलने पर पास-पड़ोस के लोग जुटे तथा आग पर काबू पाया। उक्त घटना की संबंध में भुक्तभोगी सरिया मध्य के जिप सदस्य अनूप कुमार पांडेय ने सरिया थाना में एक आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार बताया गया कि शनिवार की सुबह वह घर में नहीं था। लगभग 10 : 30 बजे पोखरियाडीह स्थित उनके आवास पर (घर के अंदर)परिवार के अन्य सभी सदस्य थे।तभी गांव के ही पवन मंडल पिता छोटू मंडल अपने हाथ में बाल्टी में भरी कुछ ज्वलनशील पदार्थ लाकर उनके दरवाजे पर फेंक दिया तथा माचिस से आग लगा दी।उक्त घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कमरे में कैद है। घटना की जानकारी पर वह घर आए तथा अन्य लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।उक्त घटना के षड्यंत्रकारी छोटू मंडल पिता युगल मंडल ग्राम पोखरियाडीह थाना सरिया है। जो आवेदक के पूरे परिवार को जान से करने के नियत से आगजनी की घटना करवाया है। श्री पांडे ने आवेदन के माध्यम से बताया कि आरोपी व्यक्ति द्वारा उसे 500000 के रंगदारी मांगी गई थी। जिसे लेकर अनुमंडल कोर्ट में वाद संख्या 17/25 के तहत भा ना सु सं की धारा 126 के तहत मामला भी चल रहा है। आवेदन के साथ सीसीटीवी फुटेज की कॉपी भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही उक्त दोनों आरोपी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

### चितरंजन महतो का जाना पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ प्रदीप वर्मा



**सिल्ली** : शनिवार को भाजपा राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के असामायिक निधन पर गमगीन परिजनों से मिलने राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा उनके पैतृक गांव डोकाद पहुंचे। सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि चित्तरंजन महतो का जाना पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है. डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि बहुत ही कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। वे हमेशा पार्टी संगठन एवं सामाजिक कार्यों के लिए सक्रिय रहते थे। परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए सांसद ने आश्वशत किया कि इस दुख की घड़ी में हम सब उनके परिवार के साथ खड़े हैं। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल महामंत्री मेघनाथ,ज्योति प्रसाद, गंगाधर साव, युधिष्ठिर महतो, कृष्ण चरण महतो, ज्ञान रंजन महतो, लक्ष्मण महतो, लक्ष्मीकांत महतो, फलीन्द्र हजाम भी मौजूद रहे।


झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

ई- पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- 08/R2/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA
दिनांक:-08-03-2025
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेण्डर कॉल सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/ EE/ GUMLA/ 08/ 2024-25 | कापोडीह पारसगढ़ा से चापाटोली तक पथ निर्माण कार्य । (लं0-2.200 कि0मी0) | 249.366 | दो करोड़ उनचास लाख छत्तीस हजार छः सौ रू0 मात्र। | 12 माह | द्वितीय |

2वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 11.03.2025
3ई- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:-20.03.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक।
4निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 22.03.2025 अपराह्न 05.30 बजे।
5निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन-835207
6ई-निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0-06524-465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
ह0/-
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला
PR 348180 (Rural Work Department)24-25*D



कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची (अभियंत्रण शाखा)

अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या -27 / 2024-2025

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 19.03.2025 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :दिनांक 20.03.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 20.03.2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र०सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | "Renovation of VVIP Suit Room (Old Building Hostel)24-25 at SIRD Ranchi Jharkhand" | 48,34,700.00 | 96,800.00 | 5000.00 | छः माह |

नोट: 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।
जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची
PR 348155 (Panchayati Raj)24-25*D

# महिला सशक्तिकरण के मायने

8 मार्च के आसपास आते ही महिला सशक्तिकरण, महिला अधिकारों को लेकर समाज का एक तबका जोर-शोर से बातें करनी शुरू कर देता है। नारेबाजी, प्रदर्शन, स्लोगन, पोस्टर, विज्ञापनों के माध्यम से सशक्त होती महिला के विषय में खूब लिखा जाता है। क्या यह केवल एक-दो दिन के लिए विचार है या अनवरत प्रक्रिया? महिलाओं के उत्थान, विकास व प्रगति के लिए दुनिया भर के संगठन महिलाओं का महिमा मंडन करने लगते हैं। बिंदी लगाती, साड़ी-सूट पहनती भारतीय महिला को पिछड़ा हुआ दिखाने में हमारा समाज, सोशल मीडिया, फिल्में इतनी तत्पर हैं और यह बताने में हिचकिचाती नहीं कि क्यों महिलाएं संस्कारी बन, घरेलू जिम्मेदारियां का निर्वहन करें?

भारतीय समाज का सबसे सशक्त स्तंभ हमारा परिवार ही है। पढ़ी-लिखी महिला अगर घर से बाहर निकल कर काम नहीं कर रही हैं तो उसे भी 'ग्रेट सोशल वेस्ट' तक कहने में हम हिचकिचाते नहीं हैं। वहीं, इस्लामिक देशों की बात करें तो तीन तलाक के दंश को झेलती, बुर्का, हिजाब पहनी घरेलू महिलाओं को भी वेस्टर्न मीडिया कभी दबा, कुचला, असहाय नहीं दिखाता तथा उनके पक्ष में संवाद करने व उनके विकास के लिए कटिबद्ध होता प्रतीत नहीं होता है। विगत वर्षों में जब ईरान में महिलाओं ने बुर्के व हिजाब के विरोध में प्रदर्शन किया तो किसी भी विकसित देश, वामपंथी प्रोग्रेसिव लोगों की ओर से उन महिलाओं के पक्ष में कोई लामबंदी नहीं हुई, ना तो कोई लेख लिखे गए, ना टीवी पर चर्चा हुई और अंततः उन प्रदर्शनकारी महिलाओं को जेल में डाल दिया गया या मार दिया गया। अगर यह स्थिति भारत में पर्दा प्रथा के विरुद्ध होती तो चौतरफा हमले व लामबंदी शुरू हो जाती। आमिर खान प्रोडक्शन में महाराज, लापता लेडिज फिल्में बनीं। हम कह सकते हैं कि देवदासी प्रथा और पर्दा प्रथा के क्या नुकसान हो सकते हैं- विषय पर कार्य किया गया और हिंदू समाज ने इसका स्वागत भी किया लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि क्या मुस्लिम बहनों का दर्द, डर और पीड़ा उन्हें दिखाई नहीं देती है? क्यों अभी तक तीन तलाक, बुर्का, हिजाब और एक पत्नी विवाह को आधार बनाकर मुस्लिम बहनों के अधिकारों व हक को भी आवाज देने की आवश्यकता आमिर खान को महसूस नहीं हुई।

भारतीय समाज में महिलाएं वैदिक काल से ही प्रतिष्ठित व सम्मानित रहीं हैं। ऋषि पत्नी, पुत्री, राजकुमारियों को तो अस्त्र-शस्त्र, शास्त्र में पारंगत किया जाता ही था। साधारण परिवार में जन्मी बच्चियों को भी समान अधिकार व शिक्षा का अधिकार था। सीता, विशंभरा, शकुंतला, गार्गी, मैत्रेयी, अनुसुइया, अपाला जैसी अनेक विदुषी महिलाएं हिंदुस्तान में हुईं हैं जो शस्त्र और शास्त्र में पारंगत थीं। मध्यकाल में जब आक्रांताओं ने हिंदुस्तान पर आक्रमण किया और हमारी बहू-बेटियों को बुरी नजर से देखकर उनका अपहरण कर शीलभंग करना प्रारंभ किया तब इन आक्रांताओं से बचने के लिए पर्दा प्रथा प्रारंभ हुई और जैसे ही देश आजाद हुआ हम इस प्रथा से भी मुक्त हुए।

जहाँ केंद्रीय सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाओं से मुक्ति दिलाई है। उत्तराखंड की सरकार ने समान नागरिक संहिता ही लागू कर दी है जो सबसे क्रांतिकारी कदम है। अन्य कई राज्य सरकारें इस विषय पर काम करने की मंशा दिखा चुकी हैं। विकसित देशों में स्वच्छंदता, परिवारों के विघटन व तलाक के केस लगातार बढ़ रहे हैं। वहाँ का समाज पूरी तरह दिशाहीन हो चुका है।

मार्क्सवाद के नए रूप 'वोक' ने शिक्षा संथाओं से लेकर घरों तक में व्यक्ति को केवल अधिकारवादी, व्यक्तिवादी और स्वच्छंदतावादी बना दिया है तथा सरकारों और हर तरह की सामजिक संस्थाओं से असंतुष्ट बना कर छोड़ दिया है। पूरा जोर अधिकारों और अपनी मर्जी चलाने पर है और कर्तव्यों, मयार्दाओं और परम्पराओं का नाम लेना भी पाप बना दिया गया है। गलत को गलत कहना 'जजमेंटल' होना कहा जाता है। माता-पिता भी अब बच्चों का मार्गदर्शन नहीं कर सकते क्योंकि ऐसा करने से 'जजमेंटल' हो जाएंगे। फिल्म, सीरियल, ओटीटी, अखबार, शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से यह सब भारत में भी प्रवेश कर रहा है जिसके शब्दजाल को समझ कर उससे बचना आवश्यक है। विवाह की बजाय 'लिव इन', बच्चों की जिम्मेदारी से बचना, अंग प्रदर्शन को नग्नता की बजाय 'बोल्ड' और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहना, विवाहपूर्व-विवाहेत्तर और अप्राकृतिक यौन संबंधों को स्वीकार्य और अधिकाधिक प्रचलित बनाना महिलाओं को सशक्त नहीं बल्कि स्वच्छंद, अकेला और मयार्दाहीन बनाता जा रहा है। यह अपसंस्कृति शिक्षा संस्थाओं, परिवार और व्यक्ति को खोखला कर रही है।

# रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य

**ललित गर्ग**

आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दशार्ती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। ह्यनेचर फूडह्व पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे।

अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी।

सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है।

स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है।?इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े।

विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है।

आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है, इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं, यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है और कमजोरी-थकान-सुस्ती बढ़ती है।


पैकेटबंद भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में पोषक तत्वों की कमी होती है। पैकेटबंद भोजन अक्सर अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनमें फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना अधिक होती है, इनमें स्नेह, प्यार, अपनापन एवं ममत्व नहीं होने से यह पोषित नहीं होते। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि पैकेटबंद भोजन में पाए जाने वाले कुछ रसायन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में पैकेटबंद भोजन का अधिक सेवन उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्राचीनकाल से ही हमारे देश में घर का चूल्हा यानी रसोई जहां स्वास्थ्य की प्रयोगशाला होती थी वही पूरे परिवार को जोड़ने का केंद्र रही है। यह रसोई ही थी जिसने परिवार को हर सदस्य से प्रेम करना सिखाया। एक दूसरे की इज्जत, सुरक्षा, देखभाल एवं स्वस्थ रहना सिखाया। संयुक्त परिवार के दिनों में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, ननद-भाभी के बीच पनपे मतभेद को मनभेद में बदलने से रोका, भोजन बनाते या साथ बैठकर खाते समय सारे मतभेद, गुस्से को तिरोहित करना भी रसोई ने ही सिखाया। यही हाल पुरुषों का भी था। जब साथ बैठकर खाते थे, तो आपसी मतभेद, मनमुटाव हवा हो जाते थे। लेकिन आज उसी रसोई पर संकट मंडरा रहा है।

# ‘छावा’ ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया

**हृदयनारायण दीक्षित**

सिनेमा दृश्य श्रव्य माध्यम है। यह करोड़ों को रोजगार देता है और प्रतिभाशाली लोगों को सृजन के अवसर। लेकिन बड़े पर्दे के सिनेमा के दर्शक घटे हैं। सोशल मीडिया में अनेक रास्तों से फिल्मी दृश्य और गाने सुने-देखे जा सकते हैं। एक तरह से बहुत बड़े हाल में बैठकर अपनों के साथ फिल्म देखने का अवसर अब नहीं रहा। इधर तीन-चार फिल्में ऐसी आईं जिनमें हिंसा का अतिरेक था। कुछ वेब सीरीज में भी हिंसा और गलियों की बौछार है। ऐसे कथानक कला का आनंद नहीं देते। सभी कलाएं आनंद मार्गी हैं। गीत-संगीत चित्त में आनंद रस का सृजन करते हैं। कुछ फिल्मों की कहानी भी रुचि पैदा करती है। सिनेमा अभी लाखों दर्शकों को सम्मोहित करता है। इस पर देश के जागरूक लोगों को खुशी मनानी चाहिए कि तमाम आधुनिक उपकरणों और तरीकों के बावजूद सिनेमा अभी भी अपना स्थान पूरी प्रतिष्ठा के साथ बनाए हुए है। इस लिहाज से निर्देशक लक्ष्मण के निर्देशन में बनी फिल्म ‘छावा’ दर्शकों की वाहवाही लूट रही है। इस वाहवाही के अनेक कारण हैं। केवल फिल्मांकन ही नहीं। यह अभिनय की दृष्टि से भी कमजोर फिल्म नहीं है। कसे संवाद और कलाकारों का अभिनय फिल्म के आकर्षण का कारण है। फिल्म की राष्ट्रीय चर्चा है। इसका मूल कारण औरंगजेब का व्यक्तित्व है।

औरंगजेब किसी एक व्यक्ति का नाम भर नहीं है। औरंगजेब का नाम लेते ही लगभग 350-400 साल पहले भारतीय संस्कृति और परम्परा को रौंदने वाले अत्याचारी शासक का चेहरा सामने आ जाता है। कथित सेकुलरों ने औरंगजेब की प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। वह उसे फकीर और संत सिद्ध करने में आमादा हैं। औरंगजेब इस देश की संस्कृति को नष्ट करने के लिए ज्यादा जाना गया है। स्वयं ईश्वर



की उपासना करता था लेकिन उसे हिन्दुओं को यह छूट देने पर ऐतराज था। औरंगजेब का एक भाई दारा शिकोह भारतीय संस्कृति और दर्शन का अनुरागी था। अब्बा शाहजहां ने दारा शिकोह के लिए उपनिषद् और वेदांत पढ़ने वाले आचार्यों की नियुक्ति की थी। उसके मन में इस संसार को जान लेने की जिज्ञासा थी। पिता ने ऐसी ही व्यवस्था औरंगजेब के लिए भी की थी। औरंगजेब ने अपने अध्यापक आचार्य को चिट्ठी लिखी थी कि, मेरे पिता ने आपको मुझे दर्शनशास्त्र पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है, जबकि दर्शन में कोई लाभप्रद बात है ही नहीं। जो विषय समझ में नहीं आते जो, समझने और याद करने में क्लिष्ठ होते हैं, वही दर्शन शास्त्र है। अच्छा होता कि आप मुझे शहर में घेरा डालने की विधि समझाते। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को भी जेल में डाल दिया था। फिल्म छावा में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण अंश को दशार्या गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता विकी कौशल के अभिनय की भी प्रशंसा हो रही है। औरंगजेब के व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने के लिए अतिरिक्त साहस और बुद्धि की आवश्यकता थी। फिल्म के निर्देशक इस कार्य में सफल हुए हैं। औरंगजेब ने सनातन धर्म के सभी नियमों, आस्था और विश्वास को खत्म करने का काम किया था। काशी का मंदिर ध्वस्तीकरण औरंगजेब के काले कारनामों में से एक है। मूर्ति पूजा और मंदिरों में जाना औरंगजेब की निगाह में अपराध था। हम भारत के लोग औरंगजेब की प्रशंसा नहीं सुन सकते। छत्रपति शिवाजी आराध्य हैं। फिल्म में छत्रपति शिवाजी के पुत्र की भूमिका बहुत अच्छे तरीके से की गई है। फिल्म की कहानी का मूल आधार शिवाजी सावंत द्वारा लिखे गए उपन्यास छावा पर आधारित है। इस फिल्म ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया है। इसके अलावा औरंगजेब के मूल चरित्र को भी उजागर किया है। हम भारत के लोग विजय पर्व दशहरा का उत्सव मनाते हैं। रावण के पुतले को आग लगाते हैं। इसलिए कि रावण भारतीय ज्ञान परंपरा में खलनायक माना जाता है। विजयादशमी के दिनों में देश के कोने-कोने रामलीलाएं होती हैं। देश में अत्याचार करने वाले किसी भी आताताई अपराधी की उपासना की अपेक्षा हमसे क्यों की जाती है। औरंगजेब भारतीय मध्यकाल के इतिहास का खलनायक था। लेकिन सेकुलर समूह औरंगजेब की छवि को लेकर चिंतित दिखाई पड़ते हैं।

भारत की संस्कृति सभी कलाओं से भरी पूरी है। भारतीय सिनेमा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। यूनानी दार्शनिक अरस्तु ने लिखा है कि, कला प्रकृति की अनुकृति है। सही बात है। अनुसरण से कलाओं का विकास हुआ है। लेकिन भारतीय कला के शतपथ ब्राह्मण की परिभाषा जान लेने लायक है-यो वे रुपम तत शिल्पम परम सत्ता सब तरफ रूप रूप प्रतिरूप हो रही है। सिनेमा में तमाम प्रतिभाओं का श्रम जुड़ता है। सिनेमा आकर्षित करता है।

सिनेमा के कथानक को लेकर पहले भी विरोध या समर्थन होते रहे हैं। पद्मावत फिल्म के विरोध का किस्सा लोगों को मालूम है। उस समय महारानी की छवि वैसी नहीं दिखाई गई जैसी वास्तव में है। कश्मीर फाइल्स को पूरे देश ने बहुत ध्यान से देखा था। इस कहानी में कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न को फिल्माया गया था। यहां भी फिल्म के विरोधी कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न के प्रकाश में आ जाने से नाराज थे। दि केरला स्टोरी नाम की फिल्म पर लगातार विवाद होता ही रहा है।

दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं। भारत का अब तक का उपलब्ध इतिहास अतिरेकों से भरा पूरा है। कुछ विद्वानों का कहना है कि इतिहास के पात्रों को हम फिल्म का विषय बनाकर अच्छा नहीं करते। इतिहास भूतकाल की स्मृतिजन्य विरासत है, लेकिन अब तक लिखे गए सभी इतिहासों में तथ्यों को छिपाने या अधिक उजागर करने के आरोप लगाते हैं। भारतीय इतिहास का विरूपण हुआ है। कुछ विद्वानों ने चन्द्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखे व अभिनीत किए गए चाणक्य सीरियल की कहानी में कल्पनाशीलता का आरोप लगाया है। जबकि ऐसा सच नहीं है। सीरियल में इतिहास है। साहित्य है और भारत के लिए गर्व करने लायक अनेक तथ्य।

फिल्म निर्माता सिनेमा बनाते हैं। वह इससे भारी कमाई पाते हैं। निन्दा-स्तुति भी होती है। जरूरी नहीं कि वह देश के लिए अपने सामाजिक दायित्व का ध्यान रखें। 80 के दशक में गौतम घोष की ‘पार’ गोविन्द निहलानी की ‘आक्रोश’ और ‘अर्धसत्य’ जैसी फिल्मों ने सामाजिक दायित्व वाले दर्शकों को मोहित किया था। फिल्मों में इतिहास देखना गलती निकालना कोई अच्छी बात नहीं है। कला को कला, साहित्य को साहित्य और इतिहास को इतिहास की तरह रखकर ही हम जिम्मेदार राष्ट्र बन सकते हैं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7364

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -7363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# विकसित राष्ट्र के विकास का आधार स्तम्भ है महिला सशक्तिकरण

**डॉ. मोहन यादव**

नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है, भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है। भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है, प्रथमा रही है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि पूरे संसार ने महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया और आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं नारी शक्ति और उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन करता हूँ।

विश्व पटल पर यह दिन चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन देश में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये कई नवाचार हुए और अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। इन योजनाओं का अनुकरण अन्य प्रांतों ने भी किया। इस तरह मध्यप्रदेश, देश में महिला सशक्तिकरण के लिए अग्रणी प्रांत बन गया।

प्रधानमंत्री जी ने हमें विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। भारत की वैचारिक विरासत नारी सम्मान की रही है। यदि सामाजिक वातावरण में मयार्दा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने-आप कम हो जायेंगे और नारी स्वयमेव सुरक्षित हो जाएगी। इसीलिए भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप हमने प्रदेश में आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता और नारी सम्मान के लिये 19 स्थानों को नशामुक्त करने का निर्णय लिया है। इससे हमारे धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहेगी, नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी, घरेलू हिंसा में नियंत्रण के साथ महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। मुझे उम्मीद है कि शराबबंदी से आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता के साथ महिलाओं के सम्मान को लेकर सकारात्मक बदलाव आयेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत विकास की नई करवट ले रहा है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए ज्ञान के सम्मान का मंत्र दिया है। इसके अंतर्गत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। विकास के आधार स्तम्भ में से एक, महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास और विमेन लीड डेवलपमेंट के प्रयास को समन्वित रूप से लागू करने के लिए प्रदेश में पहली बार देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन शुरू किया गया है। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास, सुरक्षा, विभिन्न शासकीय सेवाओं की पहुँच में सुनिश्चितता, महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन और समाज में आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए एकीकृत प्रयास शामिल हैं। नारी शक्ति मिशन के तहत बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण आदि कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किये जा रहे हैं।


भारतीय जीवनशैली में महिलाओं की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। हम जितने अधिक अवसर बहन-बेटियों को देंगे, सुविधाएँ देंगे तो वे समाज को कई गुना लौटाकर देंगी। महिला शक्ति से देश नई ऊँचाई तक पहुँच सकता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। समय के साथ शिक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में उनकी भूमिका बढ़ रही है। श्री मोदी जी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया जिससे महिलाओं की भूमिका न केवल परिवार और समाज के विकास में अग्रणी रहे, अपितु विकसित भारत अभियान में भी उनकी सहभागिता हो। प्रधानमंत्री जी ने आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, मातृ वंदना, महिला स्व-रोजगार, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं की श्रृंखला से महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित किया है। मेरा मानना है कि नारी का गौरव राष्ट्र के सपने पूरे करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

मुझे यह बताते हुए संतोष है कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के सम्मान और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनप्रतिनिधित्व में एक-तिहाई महिलाओं को शामिल किया है। मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है जिसमें शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश में लाडो अभियान, शौर्या दल, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिये लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की 19 लाख बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है। मध्यप्रदेश में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की यूनिसेफ ने सराहना की है।

प्रदेश में नए-नए उद्योग आ रहे हैं, इनमें महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहा है। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्य करने वाली बहनों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। हम हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नीतियाँ लेकर आये हैं। इनमें एमएसएमई विकास नीति में महिला उद्यमी इकाई को विशेष लाभ का प्रावधान है। ड्रोन संवर्धन नीति में हमारी ड्रोन दीदी योजना अधिक विस्तारित होगी।

## दैनिक पंचांग

**9 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | कुंभ में |
| चंद्र | मिथुन में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मीन | 06.35 बजे से |
| मेष | 08.05 बजे से |
| वृष | 09.45 बजे से |
| मिथुन | 11.43 बजे से |
| कर्क | 13.57 बजे से |
| सिंह | 16.13 बजे से |
| कन्या | 18.25 बजे से |
| तुला | 20.36 बजे से |
| वृश्चिक | 22.50 ब.से |
| धनु | 01.06 बजे से |
| मकर | 03.12 बजे से |
| कुंभ | 04.58 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 68 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 07.46 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 23.55 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 14.58 बजे को समाप्त।
**करण** गर 07.46 बजे तदनन्तर वणिज 19.42 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 29'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872278
**जूलियन दिन** 2460743.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 08

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### अज्ञात चोरों ने होटल में घुसकर चोरी कर घटना को अंजाम देकर हुए फरार



**साहिबगंज:** जिले में इन दोनों चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। किसी भी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। ताजा मामला जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनशाही रोड अनलिमिटेड भोजनालय होटल से अज्ञात चोरों ने चोरी कर घटना को दिया अंजाम दिया है। नगर थाना क्षेत्र के गुप्ता मार्केट कॉलेज रोड निवासी अमित कुमार शाह रोज की तरह अपना भोजनालय के दुकान लगाया करता था। और बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने भोजनालय दुकान के शटर का ताला काटकर अंदर प्रवेश किया और कैस समेत कई सामान उड़ा ले गए। होटल मालिक ने बताया कि होटल में रखे गैस सिलेंडर, मिक्सर ग्राइंडर, पानी का मोटर समरसेबल, बर्तन, इनवर्टर बैट्री, गल्ला में रखें बारह सौ रुपये कैस, चोरों ने उड़ा ले गए। वहीं एक लाख रुपए के लगभग समान की चोरी हुई है। इधर सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी पुलिस जांच में जुड़ गई।

### होली को लेकर ईचागढ़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**ईचागढ़:** ईचागढ़ थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद की अध्यक्षता में होली को लेकर शांति समिति कि बैठक आयोजित कि गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे उपस्थित थे। शांति समिति कि बैठक में शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व को मनाने का निर्णय लिया गया। अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने कहा कि शराब एवं शराबियों पर विशेष नजर रखते हुए होली मनाई जाय , चुंकि नशे के हालत में पुरानी विवाद को लेकर लोग मार पीट कर लेते हैं, जिससे रंग में भंग डालने का काम किया जाता है। बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि डीजे बजाने और अश्लील गाने बजाने वाले पर कारवाई किया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारी को सभी डीजे वाले को नोटिस तामील कराने का निर्देश भी दिया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने कहा कि गलत अपवाह फैलाने व हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखा जाएगा एवं अनियंत्रित व साइलेंसर खोलकर बाइक चलाने वाले पर कारवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार होली तक छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

### ई रिक्शा पलटने से महिला हुई घायल अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज:** मदनशाही में सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि महाराजपुर निवासी भारत मंडल के 50 वर्षीय पत्नी मनोरमा देवी अपने घर महाराजपुर से मदनशाही किसी काम को लेकर ई रिक्शा में सवार होकर आ रही थी। उसी दौरान सकरी बास्कोला के समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के सर फट गया पाव में चोट लगी है। फिलहाल घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर ऋतुराज के देखरेख में किया गया।

# उपायुक्त ने किया बेतोना पहाड़ का निरीक्षण ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड के बेतोना पहाड़ का उपायुक्त हेमंत सती ने निरीक्षण किया और स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जा सके।



**ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने संपूर्ण बेतोना पहाड़ का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने उन्हें क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की कमी, पेयजल की दिक्कत, सड़कों की जर्जर स्थिति, आवास निर्माण में आ रही समस्याएं, पशुपालन और रोजगार के अवसरों की कमी जैसी कई समस्याओं से अवगत कराया।

**विभिन्न विभागों को दिए निर्देश**

ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बेतोना पहाड़ में आंगनबाड़ी केंद्र ना होने के कारण वहां के बच्चों को आसपास के गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ा जाएगा। वहीं, पेयजल समस्या को दूर करने के लिए पीएचईडी विभाग को गांव में डीप बोरिंग और अन्य जल स्त्रोतों के जरिए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**पशुपालन और रोजगार के लिए योजनाओं का लाभ**

उपायुक्त हेमंत सती ने पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को दो गाय योजना और बकरा पालन योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। इसके अलावा, गांव के 18 से 35 वर्ष के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़कर रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

**बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ मिलेगा**

पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने पूरे गांव को ह्यबिरसा हरित ग्राम योजनाह्न के तहत शामिल करने का निर्देश दिया। इसके तहत ग्रामीणों को वृक्षारोपण के लिए सहायता दी जाएगी, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और जलवायु संतुलन बना रहेगा।

**समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन**

निरीक्षण के अंत में उपायुक्त हेमंत सती ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन जल्द से जल्द किया जाए, ताकि ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके।निरीक्षण के दौरान संबंधित, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

## सिंगल पथ को डबल लाइन करने को लेकर मुख्यमंत्री से विधायक ने की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** साहिबगंज और पाकुड़ दोनों जिले के लाइफ लाइन कहे जाने वाली पाकुड़ बरहरवा मुख्य पथ का अब सिंगल लैंड डबल होने कि दिशा में विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मुलाकात कर पाकुड़ और साहिबगंज जिला के बरहरवा को जोड़ने वाले मुख्य पथ चौड़ीकरण की मांग की मांग करते हुए कहा कि पाकुड़ से लेकर बरहरवा तक सड़क चौड़ा है लेकिन भीमपाडा,पलासबोना श्रीधरपुर, के पास सडक काफी पतला है जिस कारण अक्सर जाम लगता है, कई बार दुर्घटना भी हो चुका है, और कई लोगो कि जान भी जा चुका है यह सड़क को अगर चौड़ीकरण कर दिया जाए तो जाम की स्थिति नहीं होगी साथ ही यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी लेकिन मुख्यमंत्री से मिलकर आग्रह किया गया है कि उक्त सड़क को चौड़ीकरण किया जाए ताकि यहां के आर्थिक विकास में मदद हो सके। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ में जूट उद्योग लगाने एवं इसकी दिशा में आवश्यक पहल करने करने का आग्रह किया है। विधायक ने बताया कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा जूट मिल लगाने के लिए पहल किया गया था।

## किसान मेला में कोहड़ा में बंशी और लोकी में छुटू लाल को मिला प्रथम पुरस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाटमदा :** पटमदा प्रखंड में शनिवार को आत्मा समेती सहाय्य अनुदान योजनांतर्गत प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शन का आयोजन किया गया।मेला में प्रखंड के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दुगुनी करने के लिए कई लाभकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। कृषि मेला का आयोजन कृषकों को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से किया गया है। विधायक ने किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने की पहल की है।पार्षद प्रदीप बेसरा ने कहा कि पटमदा के किसान मेहनती हैं। सिर्फ जरूरत है किसानों को सरकार से लाभ देने की।



सीओ डॉ राजेंद्र दास ने बताया कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था, किसान देश की शान, किसान अन्नदाता, किसान देश की रीढ़,किसानों के लिए केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं। इस दौरान किसानों के द्वारा कृषि उत्पादों को स्टॉल में लगाया गया था। जिसमे विभिन्न कृषि उत्पादों में प्रथम पुरस्कार पाने वाले किसान वंशी महतो पाथरडीह ,युधिष्ठिर महतो आडिया (मुर्गा), निपेन मंडल खेड़ुआ (आलू),छूटू लाल महतो रांगाटांड़ सहित काफी संख्या में किसान अपने उत्पादों के साथ मेला में शामिल हुए। किसान मेला में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, प्रमुख बालिका सोरेन,विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो,पार्षद प्रदीप बेसरा,बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, साधु महतो सहित कई किसान उपस्थित थे।

## शुद्ध पेयजल उपलब्धता, बाइक स्टैंड निर्माण व नए पेट्रोलिंग बीट गठन का निर्णय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा द्वारा सहायक अभियंता, रामपुरहाट के साथ एक बैठक किया गया। जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से पाकुड़ यार्ड में, सिग्नल ऑफिस में, इंजीनियरिंग ऑफिस में एवं स्टेशन बुकिंग कार्यालय के पीछे एक बाइक स्टैंड बनाने पर सहमति बनी, ताकि रेलवे स्टाफ को बाइक रखने की सुविधा प्राप्त हो सके। पाकुड़ यार्ड में तिलभीठा छोर पर एक डीप बोरिंग द्वारा पानी की व्यवस्था 15 दिन में कर देने की सहमति बन चुकी है। इस पर सहायक अभियंता ने ठेकेदार से बात कर इसे यथा शीघ्र करने का आश्वासन दिया है। साथ ही सिग्नल ऑफिस, टी आर डी ऑफिस के स्टोर के बाउंड्री वालों को ऊंचा कर सुरक्षित किया जाएगा। मुख्य रूप से सभी इंजीनियरिंग गेट में पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने हेतु जार द्वारा पानी सप्लाई करने पर सहमति बनी है। इसको आने वाले समय में बहुत जल्द चालू चालू किया जाएगा। मुख्य रूप से नाइट पेट्रोलिंग ड्यूटी के लिए प्रत्येक गैंग के लिए 3 किलोमीटर लिमिट को बनाए रखने के लिए एक अलग गैंग बनाया जाएगा जिससे सभी पेट्रोलिंग बीट को 3 किलोमीटर के अंदर ही रखा जाए। इस पर फिर से सर्वे कर नया पेट्रोलिंग बीट बनाया जाएगा। हॉट वेदर पेट्रोलिंग के लिए दो आदमी को मुहैया कराने के लिए सहमति बन गई है, इसके संबंध में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता पाकुड़ एवं नलहटी के साथ बातचीत कर इसे सुधार किया जाएगा। वहीं गुमानी रेलवे स्टेशन पर आपात स्थिति के लिए एक डीप ट्यूबवेल देकर चापाकल का निर्माण आगामी 15 दिन के अंदर कर दिया जाएगा।इस इनफॉर्मल मीटिंग में जितने भी विषय उठाए गए हैं उन पर सहायक अभियंता रामपुरहाट में दो महीने का समय लिया है एवं दो महीने के अंदर इन सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। मौके पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा की ओर से इस बैठक में शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे, शाखा सचिव संजय कुमार ओझा, संयुक्त सचिव सोमेन्न घोष, संगठन सचिव गौतम कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष अमर कुमार मल्होत्रा शामिल हुए।

## न्यायालय के निर्देश पर अंचल अधिकारी ने किया अतिक्रमण मुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को अंचल अधिकारी बरहरवा के नेतृत्व में पाकुड़ बरहरवा लिंक पथ पर श्रीकुंड बाजार में 32 दुकानदारों के दुकानों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जानकारी मिली है कि बरहरवा पाकुड़ लिंक पथ पर श्रीकुंड बाजार स्थित पूल के नीचे वाले चौमुंहानी चौक को स्थानीय दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा था जिस कारण भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा सभी रैयतों को भूमि के बदले उन्हें उचित मुआवजा देने के लिए कई बार नोटिस किया गया था। नोटिस के बाद जहां कुछ लोगों ने भूमि के बदले रुपया लिया था वहीं कुछ लोग सरकार द्वारा कम कीमत लगाए जाने को लेकर पैसा नहीं लिए थे, इन लोगों को भी कई बार नोटिस किया गया था। कुछ भूस्वामी ने बताया कि उनको ना ही मकान का ना ही जमीन का पैसा भुगतान किया गया है। अंचल अधिकारी बरहरवा रामजी वर्मा ने



बताया कि, कुछ लोगों को मकान का पैसा दे दिया गया है एवं कुछ लोगों का जमीन का पैसा बाकी है। इन लोगों को बार-बार नोटिस किए जाने के बावजूद भी जब इन लोगों ने अतिक्रमणित भूमि को खाली नहीं किया तो न्यायालय के निर्देश पर अतिक्रमणित जगह को खाली कराया जा रहा है। इस दौरान बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया, बरहरवा थाना के सब इंस्पेक्टर सिदाम रविदास कोटालपोखर के सब इंस्पेक्टर प्रीतम झा के अलावे अंचल निरीक्षक मुकेश, कुमार, अंचल अमीन बबलू के अलावे दोनों थाना से भारी पुलिस बल के जवान वहां पर उपस्थित थे।

# कृषि के साथ पशुपालन, बागवानी और कुक्कुट पालन में ध्यान दें किसान : राम सूर्या मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** कृषि, पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला प्रशासन की ओर से कचहरी मैदान, खूंटी में आयोजित दो दिवसीय कृषि, उद्यान मेला सह प्रदर्शनी का समापन शनिवार को हो गया। इस दौरान खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा, निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप सहित अन्य शामिल हुए। मौके पर विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य कर रही है। सरकार की ओर से कई लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। विधायक ने



कहा कि किसान को आर्थिक मजबूती के लिए खेती के अलावा पशुपालन, बागवानी, कुक्कुट पालन आदि पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आइटीडीए निदेशक ने कहा कि जिले की 75 प्रतिशत आबादी खेती पर आश्रित है। उन्होंने उन्नत कृषि पर जोर देते हुए कहा कि कम संसाधन में वैज्ञानिक तरीके से खेती कर किसान अपनी आमदनी को मजबूत कर सकते हैं। मेले में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की ओर से विभाग के तहत संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए योजनाओं से लाभ उठाने की अपील की गई। मेला के दौरान प्रगतिशील महिला-पुरुष किसानों ने लाह की खेती, कुक्कुट पालन, बागवानी में अपने अनुभवों को साझा करते हुए लोगों से जहर की खेती पोस्ता की खेती का त्याग करने की अपील की। इस दौरान जिले के किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत खेती करने की तकनीक से अवगत कराया गया। मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों पर सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शनी को पुरस्कृत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### तुंगबुरू में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**पटमदा:** पटमदा प्रखंड की जोड़सा पंचायत अंतर्गत तुंगबुरु गांव में शनिवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से स्वीकृत पीएमजीएसवाई सड़क सरजमली से तुंगबुरु भाया चिथलगोड़ा तक करीब 2 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व मुखिया जबा रानी सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। दो करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण का ठेका मुद्रिका इंफ्रास्टिल प्राइवेट लिमिटेड जमशेदपुर को मिला है। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को आज पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि पटमदा मुख्यालय जाने के लिए ये काफी महत्वपूर्ण सड़क है। सड़क खराब रहने के कारण लोग कई किमी घूमघूम कर पटमदा जाते थे। सड़क का निर्माण हो जाने से लोगों को अब सुविधा होगी। इस दौरान झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, रुपेण सिंह, जागरण पाल, छुटुलाल माझी, कृष्ण मोहन कुंभकार, गोविंद सिंह, संजय सिंह, धीरेन टुडू, अंबुज पाल, स्वपन महतो आदि उपस्थित थे।

### चांडिल स्टेशन में जांच के दौरान अंग्रेजी शराब बरामद, एक हिरासत में



**चांडिल :** होली त्योहार के मद्देनजर चांडिल जंक्शन में आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान टीम को लगातार सफलता मिल रही है। शुक्रवार की शाम स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर जांच के दौरान आरपीएफ टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को हरासत में लिया है। आरपीएफ ने जब्त शराब और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए सरायकेला-खरसावां जिला आबकारी विभाग को सौंप दिया है। पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने बपना नाम मोहन सिंह, उम्र लगभग 50 वर्ष और चांडिल स्टेशन बस्ती का रहने वाला बताया। शराब की बोतलों के बारे में उससे पूछताछ करने पर बताया कि उपरोक्त शराब बेचने के लिए पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत बलरामपुर से खरीदकर ला रहा था। इसके बाद चांडिल स्टेशन आरपीएफ के पोस्ट कमांडर सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बरामद शराब को विधिवत जब्त किया। बरामद शराब का मूल्य 20,440 रुपये इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चांडिल रेलवे स्टेशन में आरपीएफ के एएसआई एसकेमहतो, सीटी यूसी मीना और सीटी आरके प्रसाद जांच अभियान चला रहे थे। इस दौरान ट्रेन नंबर 18184 बक्सर-टाटानगर के चांडिल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या तीन पर पहुंचने के बाद आरपीएफ टीम ने देखा कि एक व्यक्ति को दो बैग में कुछ भारी सामान लेकर उक्त ट्रेन से उतर रहा है। संदेह होने पर उसे हिरासत में लेते हुए दो बैगों के साथ आरपीएफ पोस्ट चांडिल लाया गया। पोस्ट पर लाने के बाद उसके बैगों की जांच करने पर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जांच के दौरान दो बैगों में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।

### तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय व्यक्ति घायल, हायर सेंटर रेफर



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत संध्या कॉलेज के समीप तेज रफ्तार फोर व्हीलर वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया। जहां अस्पताल में चिकित्सक ऋतुराज के द्वारा फौरन इलाज किया गया। बताया जा रहा है कि संध्या कॉलेज रोड निवासी राजेंद्रर प्रसाद अपने घर के पास किसी काम को लेकर खड़े थे। उसी दौरान तेज रफ्तार फोर व्हीलर वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया, टक्कर लगने से राजेंद्रर प्रसाद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए और सड़क खून से लहू लोहान हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया इधर अस्पताल में चिकित्सक ऋतुराज के द्वारा प्राथमिक की उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है। इधर परिजन अस्पताल पहुंचकर रो-रोकर बुरा हाल है।

### अंजुमन नगर में बीते कुछ दिनों पहले मिले एक अज्ञात महिला का शव का शिनाख्त



**साहिबगंज:** शहर के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर में बीते दिनों एक अज्ञात महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। जहां पुलिस ने छानबीन पूछताछ के दौरान अज्ञात मृत महिला का का पहचान किया। जहां पुलिस ने अज्ञात महिला की पहचान पीरपैंती बकिया दियारा निवासी रासो देवी 40 वर्ष पति स्व प्रमोद कुमार के रूप में हुई हैं। जहां जिरवाबाड़ी टाइगर मोबाइल पवन कुमार ने दिन शनिवार 8 मार्च 2025 को दिन में मृत महिला का फोटो की पहचान जगह-जगह लेकर पूछताछ करने के दौरान मृत महिला के बड़ा बेटा कारू डोम ने पहचान लिया। जहाँ वर्तमान समय में झरना कॉलोनी रनिंग रूम पोखर के समीप टूटे-फूटे झोपड़ी में रहती थी। वह कचरा,कबाड़ा चुनने का काम करती थी। उसके पांच छोटे छोटे बच्चे हैं। जहाँ लगभग 15 साल से साहिबगंज में यहां रहती थी। इधर परिजन जिरवाबाड़ी थाना पहुंचकर जानकारी लिया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि मृत महिला की पहचान हो गई है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फरवरी में ईवी बिक्री में 18 फीसदी गिरावट

**- तिपहिया और यात्री वाहनों में मामूली बढ़त**




**नई दिल्ली ।**

देश में फरवरी के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में कुछ मु श्किलों की वजह से सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत और मासिक आधार पर 18.2 प्रतिशत की गिरावट आई और यह घटकर 1,39,026 रह गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि ईवी की सभी चार श्रेणियों की बिक्री में मासिक आधार पर दो अंकों में गिरावट दर्ज की गई। लेकिन तिपहिया वाणिज्यिक और यात्री वाहनों में सालाना आधार पर एक अंक में वृद्धि देखी गई। फरवरी के दौरान टीवीएस मोटर, एथर एनर्जी और ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री घटकर 18,762, 11,807 और 8,647 रह गई जिससे देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 22.1 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि इसी श्रेणी में बजाज ऑटो की मासिक बिक्री में कुछ सुधार नजर आया। सालाना आधार पर बिक्री में 8 प्रतिशत की गिरावट आई। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री में मासिक आधार पर 11.4 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि सालाना आधार पर इसमें 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कुल बिक्री 53,116 रही। ओमेगा सेकी को छोड़कर सभी मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने मासिक आधार पर तिपहिया वाहनों की अपनी बिक्री में भारी गिरावट देखी। यात्री वाहनों के मामले में फरवरी के दौरान बिक्री घटकर 8,968 रह गई जबकि एक महीने पहले यह 11,266 थी। हालांकि एक साल पहले की 7,539 बिक्री की तुलना में इसमें इजाफा हुआ है। केवल ह्युंडै मोटर और बीएमडब्ल्यू इंडिया ने मासिक और सालाना दोनों आधार पर खासा इजाफा दर्ज किया। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने 856 रही जबकि जनवरी में यह 847 और एक साल पहले 972 थी। इस श्रेणी में मासिक आधार पर 11.9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# महिला निवेशकों का औसत एसआईपी आकार पुरुषों से 22 फीसदी अधिक: रिपोर्ट

**- महिलाओं की निवेशक भागीदारी 45 फीसदी अधिक**



**नई दिल्ली ।**

एक रिपोर्ट के अनुसार महिला निवेशकों का औसत एसआईपी आकार पुरुषों से 22 फीसदी अधिक है। एकमुश्त निवेश के मामले में भी महिलाओं की निवेशक भागीदारी 45 फीसदी अधिक है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, महिला निवेशक न केवल भागीदारी कर रही हैं, बल्कि सक्रियता के साथ निवेश भी कर रही हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उन्होंने 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख महिला निवेशकों के निवेश पैटर्न का अध्ययन किया है। इस अध्ययन में पाया गया कि 90 फीसदी महिला निवेशकों ने एसआईपी के जरिये उनके प्लेटफॉर्म पर म्युचुअल फंड निवेश की शुरुआत की है। इसके साथ ही, रिपोर्ट में दर्ज है कि करीब 72 फीसदी महिला निवेशक बी30 (शीर्ष 30 को छोड़कर) शहरों से हैं, जिससे प्रमुख शहरों के अलावा भी फंडों की बढ़ती पहुंच का पता चलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वाराणसी, रांची, देहरादून, गुवाहाटी और वड़ोदरा जैसे शहरों में महिला निवेशकों की भागीदारी बढ़ रही है, जो पैसा कमाने में उनकी हिस्सेदारी को उजागर करती है।

# एलन मस्क पर कानूनी शिकंजा! ट्विटर डील को लेकर कोर्ट में होगी पूछताछ

**2022 में ट्विटर की खरीद से जुड़ा है मामला**



**सैन फ्रांसिस्को ।**

एलन मस्क को 3 अप्रैल को वॉशिंगटन डीसी में निवेशकों के वकीलों के सामने पेश होना होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 2022 में ट्विटर की खरीद से जुड़ा है। निवेशकों का आरोप है कि मस्क ने जानबूझकर डील को टालमटोल किया और कंपनी की आलोचना कर ट्विटर के शेयर गिरा दिए। इससे उन्हें सस्ते में सौदा करने का मौका मिला। पहले मस्क के वकील उनकी गवाही को लेकर राजी नहीं थे, लेकिन अब उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मस्क ने ट्विटर खरीद को लेकर कई बार अपना फैसला बदला, जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। आखिरकार, कानूनी लड़ाई के बाद उन्होंने 44 अरब डॉलर में ट्विटर खरीदा और इसे एक्स क्राप नाम से रीब्रांड कर दिया। इस बीच, मस्क अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं और अपनी कई कंपनियों से जुड़े कानूनी मामलों में उलझे हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को की एक संघीय अदालत ने दिसंबर 2023 में एलन मस्क की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एक केस को रद्द करने की मांग की थी। जज ने कहा कि मस्क के बयान वास्तविक स्थिति से काफी अलग थे। अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने जनवरी में मस्क पर केस दर्ज किया था। एसईसी का आरोप है कि मस्क ने ट्विटर में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की जानकारी समय पर नहीं दी और शेयरों को गुपचुप तरीके से कम कीमत पर खरीदते रहे। इस वजह से कई निवेशकों ने अपने शेयर सस्ते में बेच दिए और उन्हें 150 मिलियन डॉलर (करीब 1,200 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। यह मामला यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया (सैन फ्रांसिस्को) में चल रहा है।

# एनएसई-बीएसई के डेरिवेटिव अनुबंधों में टकराव से बदलाव की संभावना

**- विश्लेषकों का मानना है कि बीएसई के आय वृद्धि के अनुमानों में कटौती की गई**




**नई दिल्ली ।**

भारत के दो सबसे बड़े शेयर बाजारों एनएसई और बीएसई के बीच निपटान की तारीख पर हैरानी बनी है। एनएसई ने निफ्टी डेरिवेटिव अनुबंधों की एक्सपायरी तारीख में बदलाव की घोषणा की है, जो बाजार में बड़े बदलाव की संभावना ला सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि बीएसई के आय वृद्धि के अनुमानों में कटौती की गई है और एनएसई के इस कदम से वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। ब्रोकरेज ने बीएसई के आने वाले वित्त वर्ष के आय अनुमानों में कटौती की है और उनके कीमत लक्ष्य को भी कम किया है। शेयर की अर्निंग रेटिंग में भी 40 गुना की घटाव देखने को मिला है। इसके चलते बीएसई का शेयर कारोबार में गिरावट का शिकार हो गया है। बीएसई के प्रबंध निदेशक ने इस स्थिति पर अल्पकालिक प्रतिक्रिया की बात कही है, हालांकि एक्सपायरी दिन में बदलाव को लेकर कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। बीएसई के इस सागर के नमूने के साथ, बाजार में एक नया दौर शुरू हो सकता है। ब्रोकरेज ने बीएसई के वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के आय अनुमानों में क्रमशः 13.4 प्रतिशत और 11.6 प्रतिशत की कटौती की है और कीमत लक्ष्य भी लगभग 30 प्रतिशत घटाकर 5,160 रुपये कर दिया है, जिससे शेयर की अर्निंग रेटिंग घटकर 40 गुना (पहले 50 गुना) रह गई है। बीएसई का शेयर 4,178 रुपये पर बंद हुआ। पिछले 10 कारोबारी सत्रों में यह शेयर करीब 30 फीसदी गिर चुका है। बीएसई के प्रबंध निदेशक का मानना है कि बाजार में इस तरह के घटनाक्रमों पर अल्पकालिक प्रतिक्रिया होती है, लेकिन उन्होंने इस बात का कोई पक्का जवाब नहीं दिया कि बीएसई अपने एक्सपायरी दिन में बदलाव करेगा या नहीं। उन्होंने कहा कि हम बाजार की प्रतिक्रिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और उसके आधार पर कोई निर्णय ले सकेंगे।

# टेक महिंद्रा ने अमेरिका में खोला नया हेडक्वार्टर

**- कारोबार बढ़ाने में मिलेगी मदद**




**नई दिल्ली ।**

टेक महिंद्रा ने अमेरिका के टेक्सास के प्लेनो में नए हेडक्वार्टर खोला है। इससे कंपनी को अमेरिका में उसके कारोबार को बढ़ाने में मदद करेगा। अमेरिका में टेक महिंद्रा का यह 19वां ऑफिस है। यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नॉर्थ टेक्सास में है। यह रीजन अपने बिजनेस इकोसिस्टम और डीप टैलेंट पूल के लिए जाना जाता है। 27,000 स्क्वायर फीट में फैली इस सुविधा में 130 सीटें हैं। इस ऑफिस के जरिए कंपनी टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग, कस्टमर सपोर्ट और डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराएगी। टेक महिंद्रा के इस नए ऑफिस की एक प्रमुख विशेषता इनोवेशन लैब है। यह लैब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में काम करेगी और इनोवेशन में तेजी लाने के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रयासों को आगे बढ़ाएगी। प्लेनो के मेयर ने कहा कि टेक इनोवेशन हमारे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। टेक महिंद्रा का नया कार्यालय स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा और हमारी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जो एक संपन्न तकनीकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टेक महिंद्रा के एक अधिकारी ने टेक्सास को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए एक उभरती हुई शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि नॉर्थ टेक्सास में एक शीर्ष नियोक्ता होने के कारण हम नई सुविधा के खुलने का स्वागत करते हैं। यह ग्राहकों, पार्टनर्स और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## बाजार में अभी और 10 परसेंट की गिरावट बाकी!

**- निवेशकों को सतर्क रहना जरूरी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार में इस समय महामारी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट देखी जा रही है। भारत का बाजार धीरे-धीरे बॉटम आउट हो रहा है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए अभी सुधार की जरूरत है। बाजार के जानकारों का कहना है कि आगे 10 फीसदी और गिरावट आ सकती है, लेकिन यह लॉन्ग-टर्म निवेशकों के लिए अवसर भी प्रदान करेगी। समग्र रूप से भारतीय बाजार का भविष्य स्थिर नजर आ रहा है, लेकिन निवेशकों को सतर्क रहना जरूरी है। इस गिरावट में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली मानी जा रही है। बाजार के जानकारों ने बताया कि अबर्डीन के बोर्ड मेंबर्स की भारत यात्रा सकारात्मक रही। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, बढ़ता सरकारी खर्च और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर को लेकर संतोष व्यक्त किया। एफआईआई निवेशकों की बिकवाली के चलते पिछले 4-5 महीनों में बाजार में करेक्शन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारत में कैपेक्स खर्च में थोड़ी कमी आई है और भारत इनसे अपेक्षाकृत कम प्रभावित होता है। भारत में एफआईआई निवेशकों की बिकवाली के अलावा ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के फैसले का भी असर महसूस हो रहा है।

## अमेरिका के एक्सचेंज ऑपरेटर नेस्डेक इंक में अब 24 घंटे होगी ट्रेडिंग!

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े एक्सचेंज ऑपरेटर नेस्डेक इंक ने अपने इक्विटी एक्सचेंज पर सप्ताह में पांच दिन, 24 घंटे ट्रेडिंग शुरू करने की योजना बनाई है। एक्सचेंज ने यह फैसला अमेरिकी शेयर बाजार की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए लिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को अधिक अवसर हो सिल होंगे। नेस्डेक के प्रेसिडेंट के मुताबिक नियामकीय मंजूरी और इंडस्ट्री के अन्य भागीदारों के साथ तालमेल के बाद यह सुविधा 2026 की दूसरी छमाही तक शुरू हो सकती है। शुरुआत में नेस्डेक कुछ बड़े मार्केट-कैप स्टॉक्स पर एक्सटेंडेड ट्रेडिंग की टेस्टिंग कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि एक्सचेंज इस सुविधा के लिए अतिरिक्त शुल्क लेता है या नहीं। नेस्डेक ने अपनी योजना की पुष्टि करते हुए कहा है कि वह जल्द ही अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन से अप्रूवल के लिए आवेदन करेगा।

## मलेशियाई पाम ऑयल को बढ़ावा देने एमपीओसी और ओटीएआई में करार

**मुंबई ।** भारत और मलेशिया के बीच व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओटीएआई) ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। एमपीओसी और ओटीएआई ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इस सहयोग के तहत भारतीय बाजार में मलेशियाई पाम ऑयल के पोषण संबंधी लाभों और स्वास्थ्य विशेषताओं को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारत को मलेशियाई पाम ऑयल का अहम बाजार मानते हुए, इस साझेदारी का उद्देश्य पाम ऑयल से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना और इसके स्वास्थ्य एवं औद्योगिक उपयोगों को उजागर करना है। यह पहल उपभोक्ता जागरूकता, उद्योग संवाद और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता देगी।

## एचडीएफसी बैंक का शेयर 1689 रुपये पर हुआ बंद

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है, जहां कुछ कंपनियों के शेयर तेजी पकड़ रहे हैं, वहीं कुछ में गिरावट देखने को मिल रही है। एचडीएफसी बैंक का शेयर भी निवेशकों के बीच चर्चा में बना हुआ है। शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक का शेयर 1689.25 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सप्ताह में इसने मामूली बढ़त दर्ज की, लेकिन पिछले एक महीने में 2.67 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, दीर्घकालिक नजरिए से देखें तो पिछले 1 साल में 16.69 फीसदी और 5 साल में 51.95 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। जिससे इसका भविष्य सकारात्मक नजर आ रहा है। वर्तमान में एचडीएफसी बैंक के शेयर ने बीएसई पर 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 1689.25 रुपये पर बाजार बंद किया। पिछले कारोबारी दिन इसका मूल्य 1691.20 रुपये था, यानी इसमें 1.95 रुपये की मामूली गिरावट आई। बैंक के शेयरों का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 1,880 रुपये और न्यूनतम स्तर 1,421.25 रुपये रहा है। इस समय बैंक का कुल बाजार पूंजीकरण 12,92,884 करोड़ रुपये है, जो इसे भारत की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनियों में शामिल करता है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह एक मजबूत स्टॉक बना हुआ है। बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर है और इसकी विकास दर भी संतोषजनक बनी हुई है। हालांकि, बाजार की मौजूदा अस्थिरता के कारण इसमें अल्पकालिक उतार-चढ़ाव देखे जा सकते हैं।




# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**- सेंसेक्स 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 पर बंद**
**- निफ्टी 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर बंद**




**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी तो कभी गिरावट पर कारोबार होता रहा। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरे निशान पर खुला। हालांकि, जल्द ही बाजार लाल निशान पर भी आ गया। बीते हफ्ते गिरावट के सुनामी में फंसे निवेशकों के लिए दिन की शुरुआत तो अच्छी हुई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 429.31 अंक चढ़कर 73,627.41 अंक पर खुला और 112.16 अंक की गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 130 अंक बढ़कर 22,254.70 अंक पर खुला और 5.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 347.07 अंक गिरकर 72,738.87 पर खुला और 96.01 अंक गिरकर 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 109.85 अंक गिरकर 22,009.45 पर खुला और 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। सेंसेक्स 807.36 अंकों की बढ़त के साथ 73,800.38 रुपये के स्तर पर खुला और 740.30 अंक की छलांग के साथ 73,730.23 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 92.85 अंक चढ़कर 22,175.50 अंक पर खुला और 254.65 अंक की बढ़त के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 71.90 अंकों की बढ़त के साथ 73,817.34 के स्तर पर खुला और 609.86 अंक उछलकर 74,340.09 पर बंद हुआ। निफ्टी 32.46 अंकों की मजबूती के साथ 22,369.75 के स्तर पर खुला और 207.40 अंक चढ़कर 22,544.70 के स्तर पर पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 62.42 अंक टूटकर 74,296.00 पर खुला और 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 7.25 अंक फिसलकर 22,537.45 पर खुला और 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर बंद हुआ।

## एनबीएफसी पर आरबीआई की कार्रवाई, लगाया भारी जुर्माना

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर कुल 76.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म्स द्वारा आरबीआई के निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के कारण की गई है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2017 के उल्लंघन पर फेयरएसेट्स टेक्नोलॉजीज इंडिया पर 40 लाख रुपए, जबकि ब्रिज फिनटेक सॉल्यूशंस और रंग दे पी2पी फाइनेंशियल सर्विसेज पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने विजनरी फाइनेंसपीयर पर 16.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि यह जुर्माना नियामकीय अनुपालन में कमियों के आधार पर लगाया गया है और इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है। आरबीआई ने अलग-अलग विज्ञप्तियों के माध्यम से इस जुर्माने की जानकारी दी।

# भारत की 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में 76 सीटें महिलाओं के पास!

**बेंगलुरु।**

116 भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों की 1,314 बोर्ड सीटों में से 76 सीटें महिलाओं के पास हैं, जो कुल सीटों का 5.8 फीसदी है। शनिवार को जारी ताजा रिपोर्ट में में यूनिकॉर्न इकोसिस्टम में जेंडर डायवर्सिटी को बेहतर बनाने के पर प्रकाश डाला गया है।

इसके विपरीत हाल ही में एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारतीय इंक में महिलाओं के पास 18.3 फीसदी बोर्ड सीटें थीं, जबकि वैश्विक औसत 23.3 फीसदी है।

एक प्राइवेट रिसर्च के मुताबिक कंपनी लेवल पर 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में से 48 फीसदी के बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक थीं, जबकि उनमें से केवल 11 फीसदी के पास एक से ज्यादा महिला निदेशक थीं। यह भारतीय यूनिकॉर्न द्वारा बोर्डरूम में जेंडर गैप को पाटने के प्रयासों का नतीजा है। रिसर्च के शोध निदेशक ने कहा कि यह लंबे समय से चला आ रहा है कि वे कंपनियां जिनके पास ज्यादा डायवर्स बोर्ड हैं, वे वित्तीय रूप से बेहतर प्रदर्शन करती हैं। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि ज्यादा डायवर्स बोर्ड वाली कंपनियां बेहतर वित्तीय प्रदर्शन करती हैं।

विश्लेषण के मुताबिक दूसरे क्षेत्र के यूनिकॉर्न की तुलना में वित्त यूनिकॉर्न में महिला निदेशकों (16) का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा था। इसके बाद सॉफ्टवेयर (8), खुदरा (7), बीमा (5), यात्रा और आतिथ्य (5), और उभरती हुई टेक्नोलॉजी (4) यूनिकॉर्न का स्थान रहा। कई यूनिकॉर्न अपने बोर्ड में एक से अधिक महिला निदेशकों के साथ बोर्डरूम डायवर्सिटी के प्रति अपने कमिटमेंट के लिए आगे आए हैं। उनके बोर्ड में कई महिलाओं की मौजूदगी ब्रॉडर इकोसिस्टम के लिए एक सकारात्मक उदाहरण पेश करती हैं, जो दर्शाती है कि जेंडर-इंक्लूसिव लीडरशिप संभव है और व्यवसाय के विकास के लिए फायदेमंद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्डरूम में महिलाओं की रिपोर्ट के मार्च 2024 एडिशन के मुताबिक 2022 से बोर्डरूम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 3.6 फीसदी बढ़ा है और जेंडर पैरिटी प्राप्त करने की अनुमानित समयसीमा भी सात साल कम हो गई है।

## भारत शुल्क कटौती करने पर सहमत: ट्रंप

**न्यूयॉर्क ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अपने शुल्क में पर्याप्त कटौती करने के लिए सहमत हो गया है, क्योंकि भारत अमेरिका पर बहुत अधिक शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस से दिए बयान में कहा कि आर्थिक, वित्तीय और व्यापारिक दृष्टिकोण से हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने पूरी तरह से ठगा है उन्होंने कहा कि कनाडा, मेक्सिको और फिर आप सीधे लाइन में चले जाइए। भारत हम पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। यह लगभग प्रतिबंधात्मक है। हम अंदर बहुत कम व्यापार करते हैं। ट्रंप ने कहा, वैसे, वे इस बात पर सहमत हो गए हैं कि अब वे अपने शुल्क में कटौती करना चाहते हैं, क्योंकि अब कोई तो उनके किए की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ भी यही बात है। अन्य कई देशों के साथ भी यही बात है, तथा यूरोपीय संघ इस देश का बहुत ज्यादा दुरुपयोग कर रहा है। ट्रंप की यह टिप्पणी उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की उनके अमेरिकी समकक्ष हॉवर्ड लुटनिक के साथ व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका यात्रा के बाद आई है। ट्रंप ने इस सप्ताह तीसरी बार भारत द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क की आलोचना की है। इससे पहले ट्रंप ने कहा कि भारत बहुत उच्च शुल्क वाला देश है और उन्होंने दोहराया कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे।

## जीएमआर एयरपोर्ट्स ने डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई




**नई दिल्ली ।** जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड ने जर्मनी की फ्रापोर्ट से 10 प्रतिशत शेयरधारिता का अधिग्रहण पूरा करने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर ली है। पिछले सितंबर में जीएमआर समूह की कंपनी ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी 12.6 करोड़ डॉलर में खरीदने के लिए फ्रापोर्ट एजी फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट सर्विसेज वर्ल्डवाइड के साथ शेयर खरीद समझौते की घोषणा की थी। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि अपेक्षित अनुमोदन मिलने और पूर्व शर्तें पूरा करने के बाद कंपनी और फ्रापोर्ट के बीच शेयरों के हस्तांतरण और प्रतिफल के आदान-प्रदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने कहा कि इस अधिग्रहण के बाद उसकी डायल में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत से बढ़कर अब 74 प्रतिशत हो गई है। डायल में शेष 26 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पास है। डायल राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करती है जो कि देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है।

# डिप्टी CM ने की वेदनाम उत्सव में शिरकत

## मोतिहारी में जवानों ने किया शानदार प्रदर्शन, सम्राट चौधरी बोले-मोदी सरकार ने सेना को कराई सुविधाएं उपलब्ध





**मोतिहारी।** में आयोजित शौर्य वेदनाम उत्सव के दूसरे और अंतिम दिन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिरकत की। सेना के जवानों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत डिप्टी सीएम, सांसद राधामोहन सिंह और ब्रिगेडियर विकास भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। सेना के जवानों ने अतिथियों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके पिता तीन युद्धों में शामिल रहे हैं। एक समय था जब जवानों के पास पहनने के लिए जूते तक नहीं थे। गलवान घाटी में बर्फ के बीच डयूटी करनी पड़ती थी। डिप्टी सीएम ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद सेना को पूरी छूट मिली। 2014 से पहले जवानों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट भी नहीं थे। मोदी सरकार ने सेना को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। पहले सेना को प्रधानमंत्री के आदेश का इंतजार करना पड़ता था। अब जवानों को खुली छूट है। दुश्मन की छेड़छाड़ पर तोप का गोला दाग सकते हैं। महिला दिवस पर उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक महिलाएं काम कर रही हैं। नीतीश सरकार ने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। आज महिलाएं घर के साथ-साथ सीमा की सुरक्षा भी कर रही हैं।हथियारों की प्रदर्शनी का निरीक्षणकार्यक्रम के बाद उन्होंने सेना की लगाई गई हथियारों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। नेवी अरेंजमेंट के आशीष श्रीवास्तव ने नौसेना की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। सांसद राधामोहन सिंह ने सेना की प्रशंसा की और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जताई। डेयर डेविल्स की विंग कमांडर डिंपल सिंह भाटी ने कहा कि एक समय उन्हें लग रहा था कि वे देश की सेवा नहीं कर पाएंगी। लेकिन धीरे-धीरे घर से बहार निकाले। इसको लेकर मेरे घर के लोगो ने सपोर्ट किया और आज आप सभी देख रहे है कि किस तरह से आपके सामने खरी हूं।

## सड़क हादसे में 1 की मौत, 3 घायल



**मुजफ्फरपुर।** के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के समीप ओवर टेक करने के दौरान ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारी है। जिसमें ऑटो सवार एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, ऑटो में पांच लोग सवार थे। घटना में ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया ।पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले छानबीन की। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए आनन फानन में एसकेएमसीएच भेज दिया। वहीं, मृत बच्चे के शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों और मृतक की पुलिस पहचान कर रही है। पुलिस ने घटना के आरोपी ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है ।वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि कांटी के तरफ से ऑटो और ट्रक आ रहा था। ओवर टेक करने के दौरान यह घटना घटी है। एक की मौत मौके पर ही हो गई है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल है।

## मस्जिद पर सीसीटीवी लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट



**औरंगाबाद।** के देवकुंड इलाके में मस्जिद के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर शुक्रवार शाम को दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। घटना में दो महिला समेत कुल 8 लोग घायल हो गए। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने उनके ऊपर लाठी-डंडों और तलवार-भाला से हमला किया। घायलों का कहना है कि घटना के बाद हम लोग थाना पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने कहा कि पहले आप लोग इलाज करा लीजिए। घटना हथियारा गांव की है। जानकारी के अनुसार, प्रशासन के निर्देश पर रमजान को लेकर नमाजियों की ओर से मस्जिद के मुख्य दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा था। उसी दौरान मस्जिद के बगल में रहने वाले मुस्ताक अंसारी उर्फ कल्लू ने उक्त लोगों को सीसीटीवी कैमरा लगाने से मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई और बात बढ़ते-बढ़ते मारपीट हो गई। वहीं दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे व तलवार चली। लड़ाई के दौरान बीच बचाव करने वाली महिला सहित कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए। घायल महिला बोली- घर के आंगन की ओर किया जा रहा था फोकस अस्पताल में इलाज करा रही महिला ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा मस्जिद की छत पर लगाया जा रहा था और उसका फोकस हमारे घर की ओर किया जा रहा था। घर में महिलाएं, लड़कियां हैं। ऐसे में घर की ओर फोकस करने का क्या मतलब है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगाने है तो अंदर लगाए, मस्जिद के मुख्य गेट पर लगाएं। महिला के मुताबिक, जब हम लोगों ने कैमरा लगाने से इनकार किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और तलवार-भाला से हम लोगों पर हमला कर दिया। मारपीट व तलवारबाजी की घटना में पहले पक्ष के शहाबुद्दीन अंसारी का बेटा कौसर अली, सेराजुद्दीन अंसारी का बेटा हामिद अंसारी, इल्ताफ राजा और पत्नी सायरा बानो तलवार से चोट लगने पर बुरी तरह से जख्मी हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से मुस्ताक अंसारी, पत्नी सकीना खातून, बेटा असलम और फिरदौस भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची देवकुंड पुलिस ने मामले को शांत कराया। वहीं, सभी घायलों को इलाज के लिए पीएचससी भेज दिया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पांच लोगों को मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया। घटना के बाद से पुलिस गांव में कैंप कर रही है।

## धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबार, ढाई लाख लोग पहुंचे



**गोपालगंज।** के राम जानकी मठ में पंडित धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबार लगा है। श्रद्धालुओं से पूरा पंडाल खचाखच भरा है, लोगों को बैठने की जगह भी नहीं मिल पा रही है। बताया जा रहा है कि करीब ढाई लाख लोग पहुंचे हैं। इनमें बिहार के अलावे यूपी और नेपाल के भी लोग हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने दिव्य दरबार कू शुरूआत करते हुए भोजपुरी ने कहा- 'का हाल बा, हमहु ठीक बा। हमारे सबसे लाडले बिहार के पगलन की जय। मुझे गाली देने वालों की भी जय। जिनको मेरे बिहार आने से पेट में दर्द हो रहा है उनकी भी जय।''लोग कहते हैं कि बिहार आऊंगा तो जेल भेज देंगे। तुम लोग रोहिंग्या को रोक नहीं पाए। मैं तो भारत का हूं। रोक कर दिखाओ। मैं किसी पार्टी से नहीं हूं। बजरंग बलि का भक्त हूं। जब तक जिंदा हूं बिहार आऊंगा और दरबार लगाऊंगा।' वहीं शुक्रवार को हनुमंत कथा के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि 'हिंदू अकेला होगा तो भागना पड़ेगा, लेकिन सभी हिंदू एक साथ हो जाएं तो देशद्रोहियों को यहां से भागना पड़ेगा।' उन्होंने हिंदुओं को एकजुट करते हुए एकता का महत्व समझाते हुए मधुमक्खी और कुत्ते का उदाहरण दिया। कहा कि 'एक कुत्ता अकेला होने पर भाग जाता है, लेकिन मधुमक्खियां झुंड में होने के कारण इंसान को भागना पड़ता है।'बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने एक बार फिर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग की। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'हम मंदिरों में भीड़, सड़कों पर तूफान चाहते हैं, रामराज से भरा हिंदुस्तान चाहते हैं। जात-पात को छोड़कर जब सारे सनातनी एक होंगे, तभी भारत हिंदू राष्ट्र कहलाएगा।' उन्होंने कहा कि 'लोग बोलते हैं, मैं संविधान के खिलाफ बोलता हूं। मैं संविधान के खिलाफ नहीं हूं। एक हाथ में संविधान, दूसरे में भगवान लिए चलता हूं।' कथा के बीच में धीरेंद्र शास्त्री भावुक हो गए। अपने पुराने दिन को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे पिता जी को कोई शादी में नहीं बुलाता था। परिवार वाले अपनी शादी के कार्ड में पिताजी का नाम तक नहीं लिखते थे, क्योंकि हम गरीब थे। फटे कपड़े पहनकर चले जाएंगे तो उनकी इज्जत चली जाएगी, लेकिन हमारी मां कहती थीं, 'तुम राम को कभी मत छोड़ना, हमारे दिन भी आएंगे।' इस दौरान उन्होंने एक शायरी भी सुनाई- 'मुझे कौन पूछता था तेरी बंदगी से पहले, मैं खुद को ढूंढता था, इस जिंदगी से पहले।' धीरेंद्र शास्त्री को देखने के लिए भीड़ लगातार बढ़ती जा रही थी। कई लोग उन्हें देखने के लिए टीन शेड पर खड़े हो गए। ये देखकर बाबा ने कहा, 'ओह, पगला, ठठरी... टीन शेड ना तोड़ दिओ...आराम से कथा सुनो। बड़ा गरीबी से टीन शेड लगवाया है।' धीरेंद्र शास्त्री की कथा में आज करीब 40 से 50 हजार भीड़ जुटी। बाबा का कथा सुनने के लिए 100 डट दूर छपरा, सीवान से भक्त यहां पहुंचे। इस दौरान विदेशी लोग भी कथा का आनंद ले रहे थे।

## मामा था टारगेट,भांजे की हो गई हत्या



**समस्तीपुर।** में इंटर के स्टूडेंट आयुष यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। आयुष के मामा विजय यादव का कहना है कि 'मेरा पड़ोसियों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आयुष मेरी शर्ट पहनकर बाइक से अपने दोस्त के साथ मार्केट गया था। मेरे दुश्मन को लगा कि बाइक पर पीछे मैं बैठा हूं। उन लोगों ने गोली चला थी और आयुष की मौत हो गई। वहीं मृतक के पिता अशोक राय का कहना है कि 'बिवाद सुसराल का था, बदमाशों ने मेरे बच्चे को मार दिया और मैं आरोपियों को छोड़ूंगा नहीं।'

पूरी घटना शुक्रवार शाम की केंद्रीय विद्यालय के पास की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी साजन और मुकेश को अरेस्ट कर लिया है। आयुष के पिता ने बताया- 'पिछले 2 साल उनका परिवार ससुराल में रह रहा है। मैं पेंटर हूं। मेरा बड़ा बेटा दादा-दादी के साथ जितवारपुर में रहता है। छोटा बेटा आयुष ननिहाल में रहता था। मैं काम से लौटने के दौरान ससुराल में फोन किया पता चला कि आयुष की गोली मारकर हत्या कर दी।' विजय राय ने बताया- 'हम लोगों की एक बीघा जमीन है, जिसकी कीमत करोड़ों में है। उसी जमीन को लेकर पड़ोसी साजन राय और उनके पट्टीदारों से वर्षों से जमीन का विवाद चल रहा है। कई बार मारपीट भी हुई है, जिसका मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

## फेसबुक पर दोस्ती, बातचीत के बाद प्यार

**जमुई।** सोशल मीडिया के जरिए प्यार की एक और कहानी सामने आई है। जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के कोल्हना गांव के 27 साल की अमोद कुमार और लखीसराय के हलसी थाना क्षेत्र की 21 साल की काजल कुमारी की मुलाकात फेसबुक पर हुई। दोनों के बीच फेसबुक पर दोस्ती हुई। फिर मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ। लंबे समय तक बातचीत के बाद दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। काजल ने अमोद से मिलने के लिए उसे लखीसराय बुलाया। पहली मुलाकात के बाद दोनों कई बार मिले। इस बीच काजल के परिवार को इस रिश्ते की जानकारी मिली। परिवार ने काजल पर दबाव बनाया और उसकी शादी कहीं और तय कर दी। कुछ दिनों तक दोनों की बातचीत बंद रही। फिर दोनों ने मिलकर भागने का प्लान बनाया। बुधवार की सुबह दोनों प्रेमी-युगल अपने परिवार को छोड़कर जमुई के पंच मंदिर में पहुंचे। वहां उन्होंने शादी की। इसके बाद दोनों ने जमुई कोर्ट में अपनी शादी का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया। जब इस बात की जानकारी लड़की के भाई को चली तो उसने केस करने की धमकी देते हुए 5 लाख की डिमांड की। हालांकि, लड़के के परिवार ने लड़की को स्वीकार कर लिया हैं। दोनों बालिग है। फिलहाल दोनों तरफ से थाने में कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है।

## महिला दिवस पर आरजेडी का 'माई बहिन सम्मेलन



**पटना।** के बापू सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आरजेडी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रितू जायसवाल 'माई बहिन सम्मेलन' की अध्यक्षता करेंगी। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। विधानसभा चुनाव से पहले इस सम्मेलन के जरिए महिला वोट बैंक को एकजुट करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे पहले 5 मार्च को आरजेडी ने युवा चौपाल बुलाया था। पटना के मिलर हाई स्कूल ग्राउंड में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा- 2025 में हमारी सरकार बनेगी। पूरे भारत में सबसे युवा प्रदेश बिहार है। नया बिहार आप लोगों को बनाना है। जहां युवा सबसे ज्यादा हैं वहां टायर्ड और रिटायर्ड मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। यह सरकार थोड़ी दिन और रहेगी, तो पूरे बिहार बीमार कर देगी।'

युवा चौपाल में पोस्टर के जरिए पीएम मोदी, सीएम नीतीश और गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसा। युवा राजद की तरफ से लगाए गए पोस्टर में लिखा था, 'देश-प्रदेश को अब बुड्ढे नेता नहीं चाहिए। युवाओं का दौर है। युवा नेता चाहिए। राजद युवा कार्यकताओं का इशारा तेजस्वी यादव की ओर था।

# हाटे एक्सप्रेस से मिली 42 लाख की चांदी





**कटिहार।** कटिहार जंक्शन पर रेल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 70 किलो चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। जब्त किए गए आभूषणों की कीमत लगभग 42 लाख रुपए आंकी गई है। रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने बताया कि चांदी के आभूषणों को कोलकाता से हाटे बजारे एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में लाया जा रहा था। इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। रेल एसपी ने बताया कि नियमों के अनुसार 50 हजार रुपए से अधिक की वस्तुओं के अंतर-राज्यीय परिवहन के लिए ई-वे बिल जरूरी है। इस मामले में कोई ई-वे बिल नहीं बनवाया गया था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही इस पूरे रैकेट का खुलासा किया जाएगा। रेल एसपी ने बताया है कि कुछ दिनों से ये गुप्त सूचना मिल रही थी कि पश्चिम बंगाल से वहां पर अवैध रूप से कुछ आभूषण यहां लाए जा रहे है। इसके लिए विशेष टीम का गठन किया गया और छापेमारी की गई। इसमें 70 केजी 700 ग्राम चांदी के आभूषण मिले है। मामले में बंगाल के दो लोगों को पकड़ कर थाना लाया गया है। दूसरे स्टेट में अगर 50 हजार से ऊपर के सामान को लाया जाता है, तो ई-वे बिल चालान होना चाहिए। लेकिन, इनकी ओर से ये दिया नहीं गया है। एक चालान दिया गया है, वो भी कम मात्रा का चालान है। इससे यह साफ है कि इन्होंने काफी बड़े स्तर पर टैक्स की चोरी की है। ट्रेन से 70 केजी का चांदी बरामद होना सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी खतरा है। होली को लेकर पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### हेड कांस्टेबल का बेटा बना असिस्टेंट कमांडेंट



**कटिहार।** में बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) के हेड कांस्टेबल संतोष सिंह के बेटे ने बड़ी सफलता हासिल की है। उनके बेटे संदीप सिंह ने सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स एग्जाम में अपनी श्रेणी में 282वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ वह सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयनित हुए हैं। संदीप की प्रारंभिक शिक्षा कटिहार के एक निजी विद्यालय से हुई। उन्होंने केबी झा कॉलेज से इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वह बोकारो में सेंट्रल फोर्स की परीक्षा की तैयारी में जुट गए। संदीप की इस सफलता से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। माता-पिता गौरवान्वित हैं और छोटी बहन भी अपने भाई से प्रेरणा ले रही है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर स्थानीय लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं। यह सफलता दशार्ती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### इंस्टाग्राम पर कुत्ते की पूंछ काटते बनाया वीडियो



**कटिहार।** में सोशल मीडिया पर फेमस होने की चाह में एक युवक ने पशु क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। घटना प्राणपुर थाना क्षेत्र की है। जहां एक युवक ने एक कुत्ते की पूंछ काट दी और इस क्रूर कृत्य का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया।वीडियो में दिख रहा है कि युवक एक संथाली गाने पर कुत्ते की पूंछ काट रहा है। यह वीडियो वायरल होते ही पशु अधिकार संगठन 'पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल' (पेटा) ने कटिहार के एसपी को मेल के जरिए शिकायत की। पेटा ने वीडियो की कॉपी भी एसपी को भेजी और कार्रवाई की मांग की। कटिहार के एसपी वैभव शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान कर ली गई है। प्राणपुर थाना क्षेत्र के इस युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने की पत्नी की हत्या कर शव को जलाया



**कटिहार।** के पोठिया थाना क्षेत्र में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को मात्र दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया। मृतका की मां मीरा देवी ने गुरुवार को पोठिया थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी काजल देवी का अपहरण उसके पति नीरज कुमार और अन्य लोगों ने किया है। मामले को लेकर कोढ़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में नीरज ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। नीरज ने बताया कि वह पिछले एक साल से काजल से अलग रह रहा था। गुरुवार को उसने काजल को बुलाया। बखरी गांव के मकई के खेत में उसने गला दबाकर काजल की हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए शव को जलाने की भी कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आग लगने से 8 दुकान जलकर राख



**कटिहार।** के संग्राम चौक पर गुरुवार की देर रात आग लगने से 8 दुकानें जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने दुकानों से उठती लपटों को देखकर दुकानदारों को सूचित किया था। इसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे में डब्लू शेख, चंचल सिंह, सिद्धांत पासवान, निताई दे, सोनू कुमार और अशोक जायसवाल की नाश्ता और किराना की दुकानें जलकर राख हो गई। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। राजद के युवा प्रदेश सचिव आशु पांडे ने बिजली विभाग की लापरवाही को इसका जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जर्जर और डुप्लीकेट बिजली के तार लगे हुए है। प्रभावित दुकानदारों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। अंचलाधिकारी से स्थिति का जायजा लेकर उचित मुआवजा देने की मांग की गई है।

### माता-पिता की थी इच्छा, गांव में बनवा रहे राम मंदिर

**जमुई ।** झाझा प्रखंड के कनौदी पंचायत अंतर्गत केंदुआर गांव में श्रद्धा,विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री राम मंदिर के निर्माण की नींव रखी गई। केंदुआर निवासी तुलसी पंडित ने अपनी निजी भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कर इस धार्मिक कार्य का शुभारंभ किया। शुक्रवार को राममंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन का काम किया गया है,अब मंदिर निर्माण को लेकर हर दिन कार्य होगा। तुलसी पंडित फर्नीचर का कारोबार करते है। जो फिलहाल बाबा नगरी देवघर में रहते है। राम मंदिर निर्माण की पहली ईंट आचार्य परमानंद पांडेय, तुलसी पंडित एवं उनकी धर्मपत्नी भूषण देवी ने रखी। माता-पिता की थी इच्छा राम मंदिर निर्माण की पहल करने वाले तुलसी पंडित ने कहा, ₹मेरे माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी इच्छा थी कि गांव में भगवान श्री राम का एक भव्य मंदिर बने। उन्हीं के सपने को साकार करने के लिए आज मैंने अपनी निजी भूमि पर इस पवित्र कार्य की शुरूआत की है।माता-पिता के आशीर्वाद से बहुत जल्द मंदिर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। तुलसी पंडित ने बताया कि हमारी सारी मनोकामना पूर्ण हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर निर्माण में कोई भी सहयोग कर सकते है। प्रयागराज से पवित्र जल एवं मिट्टी लेकर आए तुलसी पंडित और उनकी पत्नी भूषण देवी ने बताया कि उन्होंने पहले प्रयागराज में महाकुंभ स्नान किया और वहीं से भूमि पूजन के लिए पवित्र जल एवं मिट्टी लेकर आए। संगमरमर से निर्मित भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा तैयार करवाई गई है, जिसे फिलहाल सिमुलतला में रखा गया है। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद प्रतिमा को स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भगवान श्री राम का ऐसा मंदिर होगा, जो पूरे बिहार में अपनी भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की कि वे मंदिर निर्माण के लिए तन, मन और धन से सहयोग करें, ताकि यह दिव्य एवं आकर्षक मंदिर बन सके। राम मंदिर निर्माण को लेकर पूरे गांव में हर्ष और उल्लास का माहौल बना हुआ है। भगवान श्री राम के मंदिर की नींव रखने के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं आध्यात्मिकता की नई ऊर्जा का संचार हुआ है।



# वेट इश्यू पर सुम्बुल तौकीर को सपोर्ट करती दिखीं रुपाली

टीवी सीरियल 'इमली' के जरिए सुम्बुल तौकीर एक जाना-पहचाना नाम बन गईं। एक्टिंग के अलावा वह डांसिंग में भी काफी माहिर है। काफी फिट भी नजर आती थीं लेकिन पिछले कुछ समय से उनका वजन अचानक बढ़ गया, जिसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। ऐसे में सोशल मीडिया ट्रोल्स को सुम्बुल ने जवाब दिया। इस जवाब को टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने भी सराहा है।

### रुपाली गांगुली ने री-शेयर की सुम्बुल की पोस्ट

सुम्बुल ने अपने बढ़ते वजन के बारे में बताया कि उन्हें साइकेट्रिस्ट ने, न्यूरोलॉजिस्ट ने कुछ मेडिसिन दी हैं, जो सूट नहीं की। इसलिए वजन बढ़ा है। साथ ही वह ट्रोलिंग करने वालों को भी चुप रहने की बात अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कहती हैं। सुम्बुल की इस पोस्ट को रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में लगाया है। वह इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए, सुम्बुल पर गर्व करने की बात भी लिखती हैं। सुम्बुल भी रुपाली को इस बात के लिए थैंक्स लिखती हैं।

### रुपाली गांगुली भी हुई ट्रोलिंग का शिकार


टीवी एक्ट्रेस सुम्बुल अकेली नहीं है जो सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुईं। खुद रुपाली गांगुली भी सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुईं। जब रुपाली गांगुली का अपनी सौतेली बेटी ईशा वर्मा से विवाद हुआ था तो एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया गया था। उनके बारे में काफी कुछ उल्टा-सीधा कहा गया। रुपाली ने भी ट्रोल करने वालों को सोशल मीडिया के जरिए ही जवाब दिया।

### स्टार्स की मेंटल हेल्थ पर असर

जिस तरह से बात-बात पर स्टार्स, एक्टर्स को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है, उससे उनकी मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। कई एक्टर्स इस बारे में बात कर चुके हैं कि ट्रोलिंग से वह काफी परेशान हो जाते हैं।



# कैंसर के दर्द के बीच हिना का पोस्ट



हिना खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी पर्सनल प्रोफेशनल लाइफ पर बात करती दिखती हैं अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में वे सेहत के महत्व पर बात करती दिखी हैं हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक मैसेज शेयर किया है, इसमें लिखा है, सबकुछ बहुत महत्वपूर्ण है, सिर्फ तब तक, जब तक आप बीमार नहीं हो जाते आगे लिखा है, बीमार होने के बाद आपको एहसास होता है कि सिर्फ एक ही चीज महत्वपूर्ण थी और वह है आपकी सेहत हिना खान ब्रेस्ट कैंसर का उपचार करा रही हैं बीते दिनों हेल्थ अपडेट शेयर करते हुए उन्होंने बताया था कि उनकी कीमौथेरेपी और सर्जरी पूरी हो चुकी है

# शिबानी को कहां से आया सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' का आइडिया?

शबाना आजमी के अलावा ज्योतिका, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन जैसी उम्दा एक्ट्रेस ने वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' में ऐसी महिलाओं का रोल किया है, जो ड्रग, क्राइम के जाल में फंस जाती हैं। फिर ड्रग्स का बिजनेस करने लगती हैं। इस कहानी का आइडिया वेब सीरीज की क्रिएटर शिबानी दांडेकर को कैसे आया? इस सीक्रेट के बारे में शिबानी ने हाल ही में बताया है।

### देखती रही हैं खूब क्राइम ड्रामा

शिबानी दांडेकर ने फर्स्टपोस्ट को दिए हालिया इंटरव्यू में बताया कि वह एक समय में बहुत ज्यादा क्राइम ड्रामा देखा करती थीं। ऐसे में अचानक उन्हें ख्याल आया कि क्राइम ड्रामा में महिलाओं की कहानी को दिखाया जाए। इस तरह वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' का आइडिया शिबानी दांडेकर को आया।

### शबाना आजमी ने क्यों किया सीरीज में काम



शबाना आजमी इस सीरीज का हिस्सा इसलिए बनी हैं क्योंकि यह उनके लिए फैमिली प्रोजेक्ट की तरह है। वह रिश्ते में शिबानी की सास लगती हैं। शबाना आजमी ने जावेद अख्तर से शादी की है। फरहान अख्तर, जावेद अख्तर के बेटे हैं, वह उनकी पहली शादी से हुए हैं। शिबानी, फरहान की पत्नी हैं। ऐसे में शिबानी और शबाना रिश्ते में सास-बहू हैं। पिछले दिनों शबाना ने कहा था कि शिबानी ने इस वेब सीरीज को क्रिएट किया। वह कहती हैं, 'उसने मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। मैं बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा (फरहान) तो प्रोड्यूसर ही है।'

### काफी यूनीक है सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' की स्टोरी

डिब्बा कार्टेल की स्टोरी काफी यूनीक नजर आती है। इसमें कुछ महिलाएं एक ड्रग माफिया चला रही हैं, लेकिन आम लोग उन्हें सिर्फ टिफिन सर्विस देने वाली महिलाएं समझते हैं। वेब सीरीज में शबाना आजमी, ज्योतिका, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन ने अहम किरदार निभाए हैं। लेकिन शबाना आजमी सीरीज में छा जाती हैं। साथ ही ज्योतिका की एक्टिंग की भी सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है।



# सेक्रेड गेम्स में नयनतारा-मंजू वारियर को लेना चाहते थे अनुराग कश्यप, फिर क्यों नहीं बनी बात?

**फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने हाल ही में साझा किया है कि उन्होंने नेटफ्लिक्स को हिट वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स के लिए लेडी सुपरस्टार नयनतारा और मंजू वारियर का नाम सुझाया था। साथ ही निर्देशक ने इस बारे में खुलासा किया कि दोनों अभिनेत्रियों ने सैफ अली खान अभिनीत इस सीरीज में अभिनय क्यों नहीं किया।**

### अनुराग ने पहले इन अभिनेत्रियों से किया था संपर्क

निर्देशक ने खुलासा किया कि उन्होंने सेक्रेड गेम्स में रॉ एजेंट कुसुम देवी यादव की भूमिका के लिए सबसे पहले मंजू वारियर से संपर्क किया था। उन्होंने नेटफ्लिक्स के लिए नयनतारा का नाम भी पेश किया, लेकिन सीजन 2 (2019) में यह हिस्सा अमृता सुभाष के पास चला गया। मंजू रानी पद्मिनी, एन्नम एपोजहुम और ओडियान के लिए जानी जाती हैं। अब अनुराग कश्यप उनकी 2024 मलयालम फिल्म फुटेज को हिंदी प्रस्तुतकर्ता के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

### अनुराग ने तीन अभिनेत्रियों को चुना था

अनुराग कश्यप ने कहा कि हम अमृता सुभाष की भूमिका के लिए मंजू को लेने की कोशिश कर रहे थे। हम अलग भाषा की अभिनेत्री की तलाश में थे। हम सेक्रेड गेम्स के लिए ऑडिशन ले रहे थे। हमने नेटफ्लिक्स को तीन ऑप्शन दिए। हमने उन्हें मंजू, नयनतारा और एक और व्यक्ति का नाम सुझाया था।

### नेटफ्लिक्स ने पीछे खींच लिए थे हाथ

उन्होंने कहा कि उस समय नेटफ्लिक्स का भारत में कोई ऑफिस नहीं था, इसलिए सब कुछ अमेरिका जा रहा था और उस समय ओटीटी वास्तव में दक्षिण की फिल्मों को नहीं देख रहे थे। वे दक्षिण के बाजार को नहीं देख रहे थे। वे चाहते थे कि अभिनेत्री को वहीं से चुना जाए, जहां उनका बाजार है। यह महाराष्ट्र या कहीं भी सीमित था। उनकी पसंद हमेशा एल्गोरिदम पर आधारित होती है, जहां से उन्हें ग्राहक मिल रहे हैं।

# मैंने हर नारी में अपने किरदार को देखा है



एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म मिसेज को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म सान्या मल्होत्रा ने फिल्म और अपने किरदार को लेकर खास बातचीत की -

**आपने जब इस किरदार को किया तो आपके मन भी ऐसा कुछ चलता था कि आपने इस रोल को अपने परिवार में कहीं देखा है?**

मैंने अपने आस-पास कई औरतों को इन चीजों से गुजरता हुआ देखा है। मम्मी को देखा है कि लोग बोल देते थे कि घर का काम, काम थोड़ी होता है, सिर्फ बैठे रहना होता है। ये बहुत कॉमन था, जब मैं बड़ी हो रही थी। मेरी एक बहुत ही करीबी दोस्त के साथ ऐसा हुआ, हमने उनका इंटरव्यू किया। उनसे जाना कि उस रिश्ते में उनके साथ क्या चुनौतियां थीं। मैंने कई बार अपने घर में देखा कि मम्मी कुछ बनाती थी तो पापा कह देते थे कि ये नहीं मुझे वो खाना है या घर में पार्टी चल रही होती थी, तो लेडिज बाद में खाती थीं। आदमी और बच्चों के बाद जो बचता था वो घर की औरतें खाती थीं। ये बहुत ही सामान्य चीजें अपने घर में होते हुए देखी हैं।

**आपकी फिल्म कई फिल्म फेस्टिवल में गई। मूवी को देखने के बाद आपको लोगों की तरफ से कुछ फीडबैक भी मिला होगा, उसके बारे में कुछ बताएं।**

मेलबर्न में जब फिल्म की स्क्रीनिंग होनी थी तो मुझे लगता था कि पता नहीं लोगों को कैसा रिएक्शन होगा। फिर मैंने दर्शकों के साथ फिल्म को देखा तो लोगों का रिएक्शन काफी अच्छा था। जिन-जिन सींस पर मुझे लगता कि पता नहीं लोग कैसे रिएक्ट करेंगे, उन सभी पर लोगों ने अच्छे रिएक्शंस दिए। बहुत सारे लोग तालियां, सीटियां बजा रहे थे। बहुत सारी महिलाएं फिल्म देखने के दौरान ही बोल रही थीं कि उसके साथ ऐसा मत करो। तो लोग कम्युनिकेशन कर रहे थे फिल्म के साथ। जिन आदमियों ने फिल्म देखी उनका कहना था कि हमें अंदाजा नहीं था, जिन छोटी-छोटी चीजों को हम नजरअंदाज कर देते हैं, वो एक औरत पर कैसा प्रभाव छोड़ती हैं। एक अंकल तो बोल रहे थे कि आपने तो आदमियों की सही क्लास लगा दी।

**फिल्म में रसोई एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है, तो क्या आपके जहन में पहले से ही रसोई से जुड़ी कुछ यादें थीं?**

मुझे बचपन से ही खाना बनाना बहुत पसंद था। जब मैं बड़ी हो रही थी तो मैं अपनी मम्मी को इंप्रेस करने के लिए खाना बनाती थी, क्योंकि वो काफी बीमार रहती थीं। तो मुझे लगता था कि मैं उनको रोज नई-नई चीजें बनकर खिलाऊं। इसी वजह से मुझे रोटी बनाना अच्छे से आता है। मम्मी जब हॉस्पिटल से आती थीं, मैं सोचती थी कि उन्हें घर का बना क्या कुछ खिलाऊं।



# आगे खिसकेगी धनुष की इडली कढ़ाई? अभिनेता के निर्देशन में बनी फिल्म!

**साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपने व्यस्त प्रोफेशनल शेड्यूल के कारण चर्चा में हैं। अभिनेता के पास न केवल कई प्रोजेक्ट हैं, बल्कि वह अपने निर्देशन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सुपरस्टार ने हाल ही में अपनी निर्देशित फिल्म नीक के साथ एक धमाकेदार हिट फिल्म दी है। अब, उनकी अगली निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई के बारे में कुछ नई जानकारी सामने आई है।**

### इस दिन बड़े पर्दे पर आएगी फिल्म

इडली कढ़ाई में धनुष अभिनय भी कर रहे हैं। फिल्म में वह अभिनेत्री नित्या मेनन के साथ नजर आएंगे। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर खबरें हैं कि इसकी रिलीज की तारीखों में बदलाव होने की संभावना है। इडली कढ़ाई को पहले 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज किया जाना था। हालांकि, अब चर्चा है कि फिल्म को स्थगित किया जा सकता है और अगस्त और सितंबर 2025 के बीच कभी भी बड़े पर्दे पर आने की संभावना है।

### फिल्म में देरी की वजह?

रिपोर्ट्स के अनुसार, देरी की वजह धनुष निर्देशित फिल्म के कुछ हिस्से अभी भी अधूरे रह जाना हो सकता है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल रुका हुआ है, क्योंकि अभिनेता आनंद एल राय द्वारा निर्देशित अपनी हिंदी फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, इस मामले में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### धनुष का वर्कफ्रंट

वहीं, अभिनेता को लेकर और भी कई चर्चाएं हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, धनुष ने एक और प्रोजेक्ट निर्देशन के लिए साइन किया है। इस बार उनके साथ कोई और नहीं, बल्कि तमिल सुपरस्टार अजित कुमार होंगे। यहां तक कि फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर को संगीतकार के रूप में शामिल किए जाने की चर्चा है।

हालांकि, इन खबरों पर भी आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। वहीं, बात करें धनुष के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता के पास शेखर कम्मुला की कुबेर भी है । निर्माताओं ने हाल ही में घोषणा की कि मल्टी-स्टारर यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

# विदेश में अभिनय से जुड़ी स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे अल्लू अर्जुन


साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 द रूल की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेता अपनी अगली फिल्मों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अब उनके पास एटली, त्रिविक्रम श्रीनिवास और संदीप रेड्डी वांगा के साथ फिल्में हैं। शुरुआत में अल्लू अर्जुन ने त्रिविक्रम की फिल्म शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब उन्होंने अपना मन बदल लिया है और एटली के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है।

### विदेश में ट्रेनिंग ले रहे अल्लू अर्जुन

पिछले कुछ दिनों से अल्लू अर्जुन भारत से दूर हैं। बीते कुछ दिनों से प्रशंसकों और दर्शकों को लग रहा था कि वह छुट्टी मना रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अभिनेता विदेश छुट्टियां मनाने नहीं, बल्किन स्पेशल ट्रेनिंग लेने गए हैं। इस बात का खुलासा अभिनेता के करीबी सहयोगी और तंडेल के निर्माता बनी वास ने किया है। दरअसल, उन्होंने अल्लू अर्जुन की ट्रेनिंग लेने की जानकारी छावा के तेलुगु प्रचार के दौरान साझा की।

### बनी वास ने साझा की ये जानकारी

बनी वास ने कहा, अल्लू अर्जुन गारू एक महीने की ट्रेनिंग के लिए गए थे। बनी गारू हमेशा अपने खाली समय में अभिनय और अन्य कला-संबंधित क्षेत्रों के बारे में शोध करते हैं। उसी के तहत उन्होंने पिछले एक महीने में एक वेलनेस सेंटर में प्रशिक्षण लिया और आज शहर में उतरे। मैं अभी तक उनसे नहीं मिला हूं, लेकिन उनकी टीम जल्द ही उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन एटली की आने वाली फिल्म में एक योद्धा की भूमिका निभाएंगे, जिसे 600 करोड़ रुपये के बजट पर बनाया जा रहा है।



# चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज होगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इसमें दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। भारतीय टीम ने इस बार सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने अब तक इस टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं न्यूजीलैंड को लीग स्तर पर भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो कीवी टीम का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे इसके पहले हुए तीन आईसीसी नॉकआउट मुकाबलों में जीत मिली है। दोनों टीमों का पिछले कुछ साल में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। न्यूजीलैंड की टीम में निरंतरता रही है। वहीं भारतीय टीम ने अपना दबदबा दिखते हुए साल 2011 से अब तक आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मैच जीते हैं।

भारतीय टीम इस एक दशक से अधिक समय में 86 में से 70 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने 77 मैचों में 49 मुकाबले जीते हैं। इससे साफ है कि , मैच जीतने के मामले में भारतीय टीम अपनी विरोधी से कहीं आगे है पर जब बात ट्रॉफी जीतने की आती है, तो टीम इंडिया और न्यूजीलैंड दोनों के पास ही उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही हैं। साल 2011 से अब तक 14 आईसीसी प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं, जिसमें भारत सिर्फ दो बार ही नॉकआउट स्टेज में नहीं पहुंच पाया है। भारत ने इस दौरान चार सेमीफाइनल खेले हैं और पांच बार टीम उपविजेता रही है। तीन बार भारत ने ट्रॉफी जीतने में सफलता हासिल की है।

वहीं न्यूजीलैंड ने भी निरंतरता दिखाते हुए इस दौरान आठ बार नॉकआउट स्तर पर प्रवेश किया है। उसने चार सेमीफाइनल खेले हैं और तीन बार वह उपविजेता रही है। उसने साल 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को हराया भी है। दोनों टीमों के ये आंकड़े बेहतरीन हैं। इस अवधि में कोई अन्य टीम इतनी बार सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। साल 2011 से अब तक सबसे ज्यादा नॉकआउट खेलने वाली टीमों में भारतीय टीम अब तक 12 मैचों के साथ शीर्ष पर है। वहीं न्यूजीलैंड ने इस अवधि में




8 बार आईसीसी नॉकआउट मैच खेले और भारत के बाद वह इस मामले में दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि ट्रॉफी जीतने के मामले में पहले नंबर पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस अवधि में सिर्फ 6 ही नॉकआउट मैच खेले हैं। एकदिवसीय प्रारुप की बात करें तो भारत ने साल 2011 से अब तक 38 ग्रुप स्टेज मैच खेले हैं, जिसमें वह केवल तीन बार ही हारी है और एक मैच टाई रहा है। यह आंकड़ा बाकी सभी टीमों से कही बेहतर है। साल 2019 एकदिवसीय विश्वकप में भारत को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने ही हराया था। इसलिए न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉकआउट में भारतीय टीम को सावधान रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनो ही टीमों के पास बेहतर बल्लेबाज और स्पिनर हैं, ऐसे में मुकाबला रोमांचक होना तय है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, वॉशिंगटन सुंदर, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड-** मिशेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विलियम ओरोर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी, काइल जेमिसन।

# रोहित शर्मा के आगे नई मुसीबत तैयार, जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट ने लाए पसीने



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान लगी पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे हैं। ताजा खबर है कि उन्हें चोट से पूरी तरह उभरने में अभी समय लग सकता है। इस कारण वह आईपीएल के पहले दो सप्ताह चूक सकते हैं। यह खबर सीधे तौर पर रोहित शर्मा को परेशान करने वाली हो सकती है। भले ही मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या है लेकिन टीम पर अभी भी रोहित का प्रभाव है। ऐसे में मुख्य तेज गेंदबाज के ऐसे बाहर होने से टीम की परफार्मेंस पर सीधा असर पड़ सकता है। मुंबई पिछले सत्र में 10वें स्थान पर रही थी। अगर इस बार भी उनका मुख्य गेंदबाज न हुआ तो मुसीबत और भी बढ़ सकती है।


सिडनी में पांचवें टेस्ट मैच के दौरान बुमराह को पीठ के निचले हिस्से में चोट लगी थी। कहा गया कि उन्हें पीठ में ऐंठन है। इस चोट के कारण उन्हें पहली पारी में 10 ओवर गेंदबाजी करने के बाद बाहर होना पड़ा। वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए। नतीजतन वह इंग्लैंड के खिलाफ बाद की सफेद गेंद की श्रृंखला से चूक गए और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए, जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ा झटका था।

बहरहाल, बुमराह बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (पूर्व में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में पुनर्वास से गुजर रहे हैं। चोट लगने के तुरंत बाद उन्होंने जिम वर्कआउट और हल्के गेंदबाजी सत्रों सहित शुरुआती गतिविधियों के साथ अपना पुनर्वास शुरू कर दिया। उनपर बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा बारीकी से निगरानी की जा रही है।

हालिया अपडेट से पता चलता है कि बुमराह ने गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है, लेकिन वह अभी भी पूरी तीव्रता से गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बीते सप्ताह सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिख रहे थे। हालांकि, रिपोर्ट्स बताती हैं कि उनके मेडिकल स्कैन साफ हैं लेकिन मेडिकल टीम उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के लिए मंजूरी देने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वह बिना किसी परेशानी के पूरी क्षमता से गेंदबाजी कर सकें। बुमराह साल 2022 में भी पीठ में फ्रैक्चर से परेशान रहे जिस कारण वह खेल से एक साल बाहर रहे थे। माना जा रहा है कि बुमराह 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 सीजन के पहले दो सप्ताह चूक सकते हैं। यही नहीं, आईपीएल के बाद इंग्लैंड का महत्वपूर्ण दौरा है जहां भारत ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में बड़ी पारी खेलना चाहते हैं शुभमन

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का लक्ष्य रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में विकेट पर रुककर बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेलना है। शुभमन अपना दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट फाइनल खेलने जा रहे हैं। वहीं इससे पहले साल 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में शुभमन बड़ स्कोर नहीं बना पाये थे और केवल चार रन बनाकर आउट हो गये थे। शुभमन अब एकदिवसीयस बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंच गये हैं और दबाव को बेहतर तरीके से संभालने तैयार हैं।



शुभमन ने कहा, तब एकदिवसीय मैच के फाइनल में मेरे मन में कुछ घबराहट थी। शुभमन ने कहा, मैंने बहुत सी चीजें सीखीं। यह मेरा पहला आईसीसी फाइनल था। मैं बहुत उत्साहित था इसलिए उस मैच में संयम नहीं रख पाया। मुझे लगता है कि बड़े आईसीसी नॉकआउट मैचों में, आप जितना सोचते हैं, उससे थोड़ा ज्यादा समय अपने को दे सकते हैं।÷

इस क्रिकेटर ने कहा, हम 2023 में विश्व कप फाइनल हार गए और फिर टी20 विश्व कप 2024 में में जीते। इसलिए मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में हमारे पास अच्छी गति है। यह हमारे लिए वाकई रोमांचक मैच होगा और निश्चित रूप से, अगर हम इसे जीतने में सफल रहेंगे। जिससे हम इस साल इस प्रारूप का शानदार तरीके से समापन कर सकेंगे। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक बहुत बड़ा अवसर है हालांकि इस दौरान प्रशंसकों का भी भारी दबाव रहता है।

# आईपीएल ट्रॉफी के बिना अधूरा रहेगा विराट कोहली का करियर: एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली का शानदार करियर तब और खास हो जाएगा जब वह आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जिताएंगे। यह मानना है दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का। विराट कोहली 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं और उन्होंने 140 मैचों में टीम की कप्तानी भी की है। हालांकि, अब तक वह एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं, जिससे उनकी उपलब्धियों की सूची में यह एक अधूरा सपना बना हुआ है। विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 252 मैचों में 38.67 की औसत से 8,004 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। वह इस टूर्नामेंट में 6,769 रनों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद शिखर धवन से काफी आगे हैं। बावजूद इसके, आरसीबी 17 सीजन में एक भी बार चैंपियन नहीं बन सकी है। टीम 2009, 2011 और 2016 में तीन बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, डिविलियर्स ने उम्मीद जताई है कि इस बार विराट अपनी टीम के लिए खिताब जीत सकते हैं। उन्होंने एक इवेंट में कहा, ÷विराट के खेल में नयापन और निडरता साफ दिखती है। वह अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नए शॉट्स आजमा रहे हैं और



अपनी बल्लेबाजी को लगातार बेहतर कर रहे हैं। आरसीबी के साथ आईपीएल जीतना उनके पहले से ही शानदार करियर के लिए परफेक्ट फिनिशिंग टच होगा।÷ डिविलियर्स ने पिछले सीजन में कोहली के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनका स्ट्राइक रेट कोई समस्या नहीं थी, बल्कि उन्होंने वही भूमिका निभाई जो टीम को उनसे चाहिए थी। उन्होंने कोहली की तुलना दिल्ली कैपिटल्स के फेजर मैकगर्क से करते हुए कहा कि विराट को पारी को संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी और उन्होंने इसे बखूबी निभाया। आरसीबी आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करेगी।

# डब्ल्यूपीएल : हरमनप्रीत पर मैच फीस का दस फीसदी जुर्माना लगा

लखनऊ ।मुम्बई इडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर पर यहां के एकाना स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हुए डब्ल्यूपीएल मुकाबले में आचार संहिता उल्लंघन के लिए जुर्माना लगा है।हरमनप्रीत पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगाया गया है।हरमनप्रीत ने यूपी के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग नियमों को लेकर अंपायर के फैसले पर असहमति जतायी थी।इस मैच में अंपायर ने धीमी ओवर गति के कारण मुंबई इंडियंस को अंतिम ओवर के लिए अंदरुनी घेरे में केवल तीन फील्डर रखने का आदेश दिया था, इससे हरमनप्रीत सहमत नहीं थीं।हरमनप्रीत के अलावा गेंदबाज कर रही अमेलिया कैर ने भी अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। ये दोनों जब अंपायर से बात कर रही थीं तो यूपी वॉरियर्स की बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन भी अंपायर के पास पहुंच गई। इससे हरमनप्रीत भड़क गयी। बहस बढ़ी तो यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा ने किसी प्रकार मामला शांत करवाया।इस मामले में डब्ल्यूपीएल ने आधिकारिक बयान जारी कर लिखा, हरमनप्रीत ने अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है, जो मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : फाइनल में दिखेगा गोल्डन बॉल की रेस रोमांचक

नई दिल्ली ।रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस महामुकाबले में दोनों टीमें ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह मैच बेहद खास होने वाला है, जहां हर रन और हर विकेट की कीमत होगी।भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही है, वहीं न्यूजीलैंड की टीम भी अपने दमदार प्रदर्शन के साथ फाइनल तक पहुंची है। इस खिताबी मुकाबले में जहां एक तरफ टीम इंडिया अपने मजबूत बल्लेबाजी क्रम के दम पर खिताब जीतने की कोशिश करेगी, वहीं न्यूजीलैंड अपनी घातक गेंदबाजी से भारतीय टीम को रोकने की रणनीति बनाएगा। इस मुकाबले में टीमों की जीत के साथ व्यक्तिगत उपलब्धियां भी दांव पर लगी होंगी।



खासतौर पर गोल्डन बैट और गोल्डन बॉल अवॉर्ड की रेस में कुछ खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।गोल्डन बॉल अवॉर्ड उस गेंदबाज को दिया जाता है, जिसने पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट चटकाए हों। इस समय न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी गोल्डन बॉल की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।उन्होंने अब तक चार मैचों में 10 विकेट झटके हैं।उनके बाद भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं, जिन्होंने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं।वहीं, भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने सिर्फ दो मैचों में सात विकेट लेकर सभी को चौंका दिया है।न्यूजीलैंड के कप्तान और ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर भी इस रेस में बने हुए हैं, जिन्होंने अब तक चार मैचों में सात विकेट अपने नाम किए हैं।

# कैसे माही की एक सलाह ने मुझे आत्मविश्वास दिलाया: राहुल त्रिपाठी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर राहुल त्रिपाठी ने बताया कि कैसे पूर्व कप्तान एमएस धोनी की सलाह ने उन्हें 2017 में आईपीएल में पदार्पण के दौरान मदद की। फ्रैंचाइजी के लिए अपने पहले मैच से पहले माही ने त्रिपाठी को शांत करने में मदद की।

उन्होंने कहा, अपना पहला मैच खेलने से दो दिन पहले, मैं ड्रेसिंग रूम में उन्हें देख रहा था। उन्होंने मुझे बुलाकर कहा कि मैं कुछ भी अतिरिक्त करने या सोचने की कोशिश न करूं और मुझे प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह से खेल रहा था, उसी तरह खेलने के लिए माही ने कहा। यह देखते हुए कि यह सलाह उस कद के क्रिकेटर से आई थी और यह तथ्य कि मैं अपना पहला मैच खेलने जा रहा था, इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला। माही की इस सलाह ने वास्तव में मेरी घबराहट को शांत किया। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला।




क्रिकेट जगत में कई लोगों का सपना होता है कि वे उनके साथ क्रिकेट के अनुभव साझा करें और उनके साथ खेलें। उनके साथ रहकर मैंने देखा है कि वे कितने सरल हैं। लंबे इंतजार के बाद राहुल ने आखिरकार 31 साल की उम्र में जनवरी 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी201 सीरीज के दौरान भारत के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। राहुल ने कहा, मैंने कभी हार नहीं मानी। कई बार यह कठिन था और ऐसा लगा कि भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना सपना ही रह जाएगा है। लेकिन मैंने कोशिश करते रहने का फैसला किया और हमेशा विश्वास किया कि एक दिन मुझे वह मौका मिलेगा जिसका मैं इंतजार कर रहा था। और मुझे लगता है कि यह विश्वास ही एक कारण था कि मुझे आखिरकार मौका मिला। यह बहुत ही भावुक क्षण था। टीम के साथ 6-7 घंटे की यात्रा करने के बाद मैं आखिरकार अपना टी20आई डेब्यू करने में सक्षम हो गया। संयोग से, मैंने अपना डेब्यू पुणे में अपने घरेलू मैदान पर किया, जहां मैं बचपन से क्रिकेट खेल रहा हूं। इसलिए मुझे लगता है कि यह सब लिखा हुआ था।

राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर को दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स कैंप में नायर के साथ काम करने के अनुभव पर त्रिपाठी ने कहा, मुझे लगता है कि नायर ने मेरी यात्रा में सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं उन्हें अपना बड़ा भाई मानता हूं। उनसे मिलना मेरे जीवन का बदलाव था।

# सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं, लेकिन क्लासिकल शतरंज हमेशा राज करेगा : गुकेश

नयी दिल्ली ।शतरंज के बदलते परिदृश्य से बेफिक्र मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश सभी प्रारूपों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रीस्टाइल शतरंज जहां रोमांच पैदा करता है वहीं अपने समृद्ध इतिहास के साथ क्लासिकल शतरंज हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बना रहेगा।शतरंज में अभी दो वर्ग सामने आ रहे हैं।इनमें एक वर्ग जहां फ्रीस्टाइल का समर्थक है तो दूसरा वर्ग क्लासिकल शतरंज के प्रति वफादार बना हुआ है।इससे शतरंज में विभाजन की संभावना बन गई है।पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने वाले गुकेश को नहीं लगता है की शतरंज दो गुट में बंट जाएगा। गुकेश ने यहां इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2025 में कहा, ''मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। फ्रीस्टाइल काफी रोमांचक है और मैं इसमें खेल कर खुश हूं। लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह तेजी से आगे बढ़ रहा है।फ्रीस्टाइल में अभी तक केवल दो ही बड़े टूर्नामेंट हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि फ्रीस्टाइल सशक्त हो जाए लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह शतरंज के मूल प्रारूप पर हावी हो जाएगा। क्लासिकल शतरंज का इतिहास और विरासत इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है।'' गुकेश ने कहा, ''क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज़ के साथ फ्रीस्टाइल का जुड़ना खेल के लिए अच्छा है लेकिन यह देखना बाकी है कि यह प्रारूप कैसे आगे बढ़ता है।मैं सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं।'' गुकेश ने इसके साथ ही सात से 14 अप्रैल तक होने वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर के पेरिस चरण के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की।विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और गुकेश उन चोटी के 12 ग्रैंडमास्टर में शामिल हैं जिन्होंने 750,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले पेरिस चरण में भाग लेने की पुष्टि की है।इस भारतीय खिलाड़ी के लिए विश्व चैंपियन बनने तक की राह आसान नहीं रही और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए उन्हें अपने करीबी लोगों से भी पैसा जुटाना पड़ता था।गुकेश ने कहा, ''मुझे याद है कि मेरे माता-पिता के दोस्त मुझे विदेश में टूर्नामेंट खेलने के लिए प्रायोजित कर रहे थे।उस समय यह काफी मुश्किल था और हमें बहुत-बहुत अच्छे और निस्वार्थ लोगों से बहुत मदद मिली।पिछला साल हमारे लिए आर्थिक रूप से बहुत अच्छा था।'' उन्होंने कहा कि परिस्थितियों में बदलाव से न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार को भी राहत मिली है।गुकेश ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है कि मेरे माता-पिता को अब पैसे के बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है।अब हमें पहले की तरह संघर्ष नहीं करना पड़ रहा है और हम आरामदायक जिंदगी जी सकते हैं।



## 3 मैच बारिश से धुले, सुरक्षा घेरा टूटा, पर पाक विशेषज्ञ बोले– सफल रहा चैम्पियंस ट्रॉफी आयोजन

कराची (एजेंसी)।बारिश के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के 3 मैच रद्द होने, टीम के बाहर होने के बाद स्थानीय दर्शकों की दिलचस्पी खत्म होने, स्टेडियम तैयार करने पर पानी की तरह पैसा बहाने, हाइब्रिड मॉडल, सुरक्षा के कड़े उपायों के बावजूद पाकिस्तान में विशेषज्ञों का मानना है कि चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन सफल रहा और भविष्य में यहां और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हो सकेंगे। सुरक्षा कारणों से भारत के पाकिस्तान में खेलने से इनकार के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर हुआ जिसमें भारत ने सारे मैच दुबई में खेले।पाकिस्तान की टीम नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सकी।क्रिकेट विश्लेषक ओमेर अलावी ने कहा कि लाहौर में सेमीफाइनल से एक दिन पहले बन्नू में आतंकी हमले की घटना हुई जिसे देखते हुए हमें शुक्र मनाना चाहिए कि इतने बड़े टूर्नामेंट में एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई। पाकिस्तान ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में 16000 के करीब पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात कर रखे थे। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ, दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा और न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनेर बोल ही चुके हैं कि पाकिस्तान में कड़े सुरक्षा उपायों के बाद दुबई में खेलकर वह कितनी राहत महसूस कर रहे थे।आईसीसी के सुरक्षा मैनेजर डेव मस्कर ने हालांकि टूर्नामेंट को सफल बताया।उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों का समन्वय और पेशेवरपन बहुत अच्छा था।मैं कहूंगा कि यह सफल आयोजन था।सुरक्षा विश्लेषक सोहेल खान ने कहा कि पाकिस्तान ने अच्छी मेजबानी की और एक भी अप्रिय घटना नहीं घटी।सभी की नजरें हमारे सुरक्षाकर्मियों पर थीं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया।

# अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है: शास्त्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले, भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए चेतावनी जारी की, जो टूर्नामेंट में अपने तीसरे खिताब की तलाश में है। भारत के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज की जीत सहित अब तक चार मैचों में अपराजित रिकॉर्ड होने के बावजूद, शास्त्री को लगता है कि ब्लैककैप्स एकमात्र टीम है जो उन्हें हरा सकती है।

अनुभवी खिलाड़ी का आकलन गलत नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी नॉकआउट में भारत पर जीत हासिल की है, उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में उनके बीच खेले गए चार में से तीन मैच जीते हैं।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है। इसलिए भारत पसंदीदा के रूप में शुरू होता है, लेकिन केवल थोड़ा सा। शास्त्री ने



फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए तीन ऑलराउंडर - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और ग्लेन फिलिप्स को चुना। 'प्लेयर ऑफ द मैच, मैं किसी ऑलराउंडर को चुनूंगा। मैं भारत से अक्षर पटेल या रवींद्र जडेजा को चुनूंगा। न्यूजीलैंड से, मुझे लगता है कि ग्लेन फिलिप्स में कुछ खास है। वह मैदान में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'वह 40, 50 रन की पारी खेल सकते हैं और शायद एक या दो विकेट लेकर आपको चौंका सकते हैं।'

शास्त्री ने भविष्यवाणी की कि अगर उनकी टीमें खिताब जीतती हैं तो विराट कोहली, केन विलियमसन और रचिन रवींद्र रविवार को अहम भूमिका निभाएंगे। विलियमसन और कोहली दोनों ही शानदार फॉर्म में हैं, दोनों ने अपने चार मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है। रवींद्र भी असाधारण रहे हैं, उन्होंने दो शतक बनाए हैं, जिसमें सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच की जीत शामिल है।

शास्त्री ने कहा, ÷अब मौजूदा फॉर्म की बात करें तो कोहली। जब ये खिलाड़ी शानदार फॉर्म में होते हैं और आप उन्हें अपने पहले 10 रन बनाने देते हैं, तो वे मुसीबत बन जाते हैं। चाहे वह विलियमसन हों या कोहली।इसलिए न्यूजीलैंड से मैं विलियमसन का नाम लूंगा। एक हद तक रचिन रवींद्र, वह एक शानदार युवा खिलाड़ी हैं। लेकिन जब ये खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं और आप उन्हें फाइनल में 10-15 रन बनाने देते हैं, तो वे दोगुने खतरनाक हो जाते हैं।'

दुबई में होने वाले फाइनल मैच के साथ - एक ऐसा मैदान जो पूरे टूर्नामेंट में स्पिनरों के लिए मददगार रहा है - शास्त्री से पूछा गया कि क्या कोई भी टीम अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकती है, खासकर न्यूजीलैंड, जो इसी मैदान पर भारत के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच हार गया था। शास्त्री ने कहा, 'मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर पिच के आधार पर दोनों में से किसी भी टीम के लिए कोई बदलाव हो। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हमने जो पिच देखी थी, वह टूर्नामेंट में अब तक की सबसे अच्छी पिच थी।' उन्होंने कहा, ÷इसलिए ग्राउंड्समैन के पास पिछले मैच के बाद से सतह तैयार करने के लिए पांच दिन और हैं और अगर यह पिछली बार की तरह 280-300 की सतह है, तो आप इसके बारे में सोचना चाहेंगे। लेकिन आप तब तक टीम में बदलाव नहीं करेंगे जब तक कि जरूरी न हो।'

# रॉयल्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक प्रॉमिस जर्सी लॉन्च की

जयपुर ।राजस्थान रॉयल्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पिंक प्रॉमिस जर्सी लांच की है।रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में होने वाले अपने मुकाबले के लिए ये गुलाबी जर्सी लांच की।रॉयल्स का लक्ष्य इस जर्सी को लांच कर राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन का समर्थन करना है।इस प्रतिबद्धता को सबसे बड़े मंच पर ले जाते हुए रॉयल्स की टीम एक मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिंक प्रॉमिस मैच की मेजबानी भी करेगी।रॉयल्स ने इसी को लेकर कहा, रॉयल्स की सीएसआर शाखा रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ) ने भी एक शक्तिशाली पिंक प्रॉमिस अभियान फिल्म, औरत है तो भारत है के लॉन्च के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।गौरतलब है कि पिछले साल, पिंक प्रॉमिस अभियान ने ल्यूमिनस कंपनी के समर्थन से 250 से अधिक घरों में रोशनी लाकर हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया था।

## एक नजर

### मारुति सुजुकी ने वाहन ऋण के लिए हीरो फिनकॉर्प से किया समझौता

**नई दिल्ली** : देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने शनिवार को हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी में मारुति सुजुकी इंडिया के व्यापक नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के नए और पुराने कार लोन के लिए अनुकूलित वित्तीय समाधानों का लाभ उठाया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस एमओयू को दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप दिया गया, जिनमें मारुति सुजुकी इंडिया की ओर से मार्केटिंग और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी, एलाइड बिजनेस के उपाध्यक्ष कमल महत्ता, मारुति सुजुकी फाइनेंस एंड ड्राइविंग स्कूल के महाप्रबंधक विशाल शर्मा, हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ अभिमन्यु मुंजाल तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एमएसआईएल ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य मारुति सुजुकी के विशाल डीलरशिप नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के अनुकूलित वित्तीय समाधानों का लाभ उठाना है, ताकि कार स्वामित्व को और अधिक सुलभ बनाया जा सके। वहीं, हीरो फिनकॉर्प का प्रतिनिधित्व एमडी एवं सीईओ अभिमन्यु मुंजाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कर रहे थे।

### महिला सशक्तीकरण भारत की विकास यात्रा का आधार : ओम बिरला

**नई दिल्ली** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि महिला सशक्तीकरण भारत की विकास यात्रा का आधार है। आज महिलाएं न केवल विकास में भागीदार हैं, बल्कि वे आगे बढ़कर शासन, विज्ञान, रक्षा, शिक्षा और उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। बिरला ने संसद परिसर में हम भारत की महिलाएं प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक नए युग का साक्षी बन रहा है, जहां महिलाएं जमीनी स्तर के लोकतंत्र से लेकर सत्ता के सर्वोच्च पदों तक प्रत्येक स्तर पर नेतृत्व कर रही हैं। आज जब राष्ट्र भारत का संविधान के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, ऐसे में संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों के योगदान को मान्यता देना आवश्यक है, जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता और निष्ठा से भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के निर्माण में सहायता की। महिलाओं को पूजनीय माने जाने की भारत की प्राचीन परंपरा का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि मातृत्व, शक्ति, त्याग और वात्सल्य हमारे सामाजिक मूल्यों का अभिन्न भाग हैं ।

### म्यांमार में अगले 10 महीनों में आम चुनाव कराए जाएंगे : सैन्य शासन प्रमुख

**नेपीडॉ** : म्यांमार में चार साल पहले चुनी हुई सरकार को अपदस्थ कर सत्ता पर कब्जा करने वाले सैन्य शासन ने अगले 10 महीनों के भीतर आम चुनाव कराने की घोषणा की है। सरकारी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलैंग ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 तक कराए जाएंगे। मिन आंग हलैंग ने बेलारूस की आधिकारिक यात्रा के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। बेलारूस उन कुछ देशों में से एक है जो म्यांमार की सैन्य सरकार का समर्थन करता है। सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार' के अनुसार, अब तक 53 राजनीतिक दल चुनाव में भाग लेने के लिए अपने आवेदन जमा कर चुके हैं।

# किसान अन्नदाता के साथ अब बनेंगे ऊर्जादाता भी : अमित शाह


एजेंसी

**गिर सोमनाथ :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर गुजरात पहुंचे। सबसे पहले शनिवार की सुबह उन्होंने गिर सोमनाथ जिले में प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव का धर्मपत्नी के साथ दर्शन-पूजन किया। इसके बाद कोडिनार में सुगर मिल के पुनरुद्धार और आधुनिकीकरण कार्य के भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए। जूनागढ़ के चांपरडा में उन्होंने ब्रह्मानंद विद्याधाम में विभिन्न प्रकल्पों के लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्यक्रम के बाद अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। रविवार को वे अहमदाबाद में धार्मिक, सामाजिक और विकास कामों में शामिल होंगे। कोडिनार में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा



कि इंडियन पोटाश कंपनी इस सुगर मिल का पुनरुद्धार करेगी। इससे इस क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा। करीब 10 हजार किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। उनके जीवन में समृद्धि का द्वार खुलेगा। शाह ने कहा कि अन्नदाता कहलाने वाले किसान अब ऊर्जा दाता भी बनेंगे। शाह ने कहा कि सुगर फैक्टरी से इथेनॉल और इससे बिजली बनाकर ऊर्जा और गैस का उत्पादन भी होगा। इथेनॉल के उत्पादन से देश में पेट्रोलियम आयात में भी कमी आएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इंडियन पोटाश लिमिटेड इस क्षेत्र में किसानों को गन्ने की बुवाई के लिए उन्नत बीज प्रदान करेगा। इससे गन्ने का उत्पादन बढेगा। ड्रोन तकनीक से खाद का छिड़काव किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने आगे कहा कि वर्ष 2012-13 में 60 करोड़ लोग कृषि पर निर्भर थे, जबकि तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसके लिए 22 हजार करोड़ का बजट रखा था। केन्द्री में नरेन्द्र मोदी की सरकार ने वर्ष 2023-24 में इस बजट को बढ़ाकर 1.37 हजार करोड़ रुपये कर दिया है। इसी प्रकार वर्ष 2012-13 में किसानों को 8.5 लाख करोड़ रुपये का ऋण मिलता था, जो आज 25.50 लाख करोड़ रुपये है। डीएपी की एक बोरी की कीमत पिछले दस वर्षों से वही बनी हुई है क्योंकि कीमत वृद्धि का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। इसके अलावा किसान क्रेडिट सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है. इन सभी उपायों से प्रधानमंत्री ने किसानों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन लाने का काम किया है। तलाला, कोडिनार और वलसाड चीनी मिलों से दस हजार से अधिक किसान जुड़े हुए हैं। सरकार के सहयोग से इन चीनी मिलों को पुनर्जीवित किया गया है। 600 करोड़ रुपये से अधिक के पूंजी निवेश से चीनी उत्पादन के साथ-साथ हरित ऊर्जा स्त्रोतों और जैव उर्वरकों का भी उत्पादन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कंपनी द्वारा मिलों को और अधिक कुशल बनाने के लिए दो डिस्टिलरी, एक ग्रीन पावर प्लांट, एविएशन टरबाइन प्लांट सहित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कोडिनार और तलाला चीनी मिलें 31 अक्टूबर 2025 तक पूरी हो जाएंगी। साथ ही, इन मिलों में गन्ने की पेराई 01 नवंबर 2025 से शुरू कर दी जाएगी। आयोजन में इंडियन पोटाश लिमिटेड के अधिकारियों के साथ सुगर मिल के सदस्य आदि मौजूद रहे।


## मणिपुर में फ्री मूवमेंट का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प



एजेंसी

**कांगपोकपी :** मणिपुर में एक बार फिर से तनाव बढ़ गया। यहां कांगपोकपी जिले में हाईवे ब्लॉक कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए सुरक्षाबलों को बल का प्रयोग करना पड़ा। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने फ्री मूवमेंट के खिलाफ विरोध जताते हुए हाईवे जाम कर दिया था, जिससे यातायात बाधित हुआ। इससे पहले कांगपोकपी जिले के गमगिफाई इलाके में मणिपुर स्टेट ट्रांसपोर्ट (एमएसटी) की एक बस पर भीड़ ने पथराव किया। यह हमला तब हुआ जब दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद पहली बार आज इम्फाल से पहाड़ी जिलों के लिए बस सेवा शुरू की गई थी। प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए भारी सुरक्षा बल तैनात हैं। एमएसटी बसों की सुरक्षा के लिए असम राइफल्स के जवानों को भी तैनात किया गया है। सुरक्षा बल हर स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं। उल्लेखनीय है पिछले वर्ष दिसंबर में भी सरकार ने इसी तरह बस सेवा बहाल करने का प्रयास किया था, लेकिन यात्रियों की अनुपस्थिति के कारण योजना विफल हो गई थी।

## बागडोगरा एयरपोर्ट पर भारतीय वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि अधिकारियों ने कहा है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और सभी क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई है। विमान को दुर्घटनास्थल से हटाने के प्रयास जारी हैं। भारतीय वायुसेना ने विमान को मौके से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार इस दुर्घटना से हवाई अड्डे के क्षेत्र में कुछ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है, ताकि दुर्घटनाग्रस्त लैंडिंग के कारणों का पता लगाया जा सके।

## रेलवे करेगा एक लाख भर्ती, बीकानेर से चलेगी वंदे भारत : रवनीत सिंह बिट्टू


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बीकानेर :** केन्द्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को कहा कि अब तक हम रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी सुधार पर ज्यादा ध्यान दे रहे थे। अब इस वर्ष 2025 में रेलवे में कर्मचारी भर्ती पर फोकस रहेगा। करीब एक लाख खाली पदों पर कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। रेलवे स्टेशनों पर एरपोर्ट से ज्यादा सुविधा मिलेगी। दो-तीन साल बाद हर देशवासी रेलवे में हुए बदलाव की बात करता नजर आएगा। बिट्टू भारतीय रेलवे मजदूर संघ की ओर से आयोजित 21 वे त्रैवार्षिक अधिवेशन को बीकानेर में संबोधित कर रहे थे। रेल राज्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर उसके आधुनिकीकरण तक आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। एक-एक रेलवे स्टेशन पर 5-6 करोड़ लेकर 21-21 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ताकि हमारे देश में भी वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बन सकें। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे मजदूर संघ देशभक्तों का टोला है। दो दिवसीय सम्मेलन के बाद जो भी डॉक्यूमेंट यूनियन की तरफ से भेजा जाएगा। उस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए कर्मचारियों की पदोन्नति से लेकर अन्य सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि बीकानेर से जल्द वंदे भारत ट्रेन चलेगी। साथ ही कोटगेट और सांखला फाटक की समस्या का भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। इससे किसी का नुकसान भी ना हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

## निवेशकों की सुरक्षा और व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**गौतमबुद्धनगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा में सिफी कंपनी के डेटा सेंटर और एमओक्यू सॉफ्टवेयर कंपनी का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के बड़े आईटी हब के रूप में विकसित हुआ है। यह क्षेत्र आज के युवा और वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। आज का युवा अलग पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को प्रदेश में 15 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव को जमीन पर उतारने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां हमने उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने में हमने



सफलता प्राप्त की है, वहीं प्रदेश सरकार ने लोगों में कानून व्यवस्था तथा प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाया है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से सिंगल विंडों के जरिए निवेशकों को राहत दी गई है। एमओयू मॉनीटरिंग के लिए निवेश सारथी पोर्टल से योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उनकी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जो भी निवेश उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है, उसका उन्हें लाभ जरूर मिलेगा। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी, केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा समेत तमाम अधिकारी भी मौजूद रहे। योगी अभी नोएडा में ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# पाकिस्तान ने अफगानी शरणार्थियों को 31 मार्च तक देश छोड़ने को कहा, अप्रैल से शुरू होगा जबरन निर्वासन

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** अवैध शरणार्थियों के खिलाफ पाकिस्तान भी अमेरिका की तरह सख्त कदम उठाने जा रहा है। पाकिस्तान ने अवैध शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च तक देश छोड़कर जाने को कहा है। निर्धारित समय के भीतर अगर उन्होंने स्वेच्छा से पाकिस्तान नहीं छोड़ा तो उन्हें 1 अप्रैल से जबरन निर्वासित किया जाएगा। यह निर्णय सरकार के अवैध विदेशी वापसी कार्यक्रम (आईएफआरपी) का हिस्सा है, जो शहबाज शरीफ सरकार ने 1



नवंबर 2023 से लागू किया था। समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि सभी अफगान नागरिकता कार्ड धारकों और अवैध विदेशी नागरिकों को 31 मार्च 2025 तक देश छोड़ना होगा। जो लोग इस समय सीमा के भीतर स्वेच्छा से वापस नहीं लौटेंगे, उनके 1 अप्रैल 2025 से जबरन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि निष्कासन की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान अपनी सीमा में हो रहे आतंकवादी हमलों और अपराधों के लिए लगातार अफगान नागरिकों को दोषी ठहरा रहा है। इन आरोपों के आधार पर साल 2023 में पाकिस्तान सरकार ने अवैध अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने का अभियान शुरू किया था। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2023 के बाद से अब तक 8 लाख से अधिक अफगानी पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौट चुके हैं। पाकिस्तान ने लगभग 2.8 करोड़ अफगान शरणार्थियों को शरण दी है। अफगानिस्तान में पिछले 40 साल से जारी संघर्षों के दौरान ये शरणार्थी अलग-अलग समय पर पाकिस्तान पहुंचे हैं। खास बात यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लाखों अफगान नागरिकों ने पड़ोसी देशों का रुख किया जिनमें सबसे ज्यादा संख्या में पाकिस्तान और ईरान पहुंचे। पाकिस्तान में पहले से ही लगभग 30 लाख अफगान शरणार्थी थे, जो 80 के दशक में आए थे। तालिबान की वापसी के बाद 6 लाख से अधिक नए शरणार्थी पाकिस्तान पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें


### मणिपुर में दो साल बाद सरकारी बस सेवाएं फिर शुरू

**इम्फाल** : मणिपुर में करीब दो साल के बाद शनिवार से प्रमुख मार्गों पर सरकारी बस सेवाएं पुन: शुरू हो गई हैं। इम्फाल से सेनापति जिले के लिए कांगपोकपी होते हुए और इम्फाल से चुराचांदपुर जिले के लिए बिश्नुपुर के रास्ते बसें चली। सुबह 9 बजे इम्फाल एयरपोर्ट से बसें चलीं। इसके साथ ही, पूरे राज्य में लोगों की मुक्त आवाजाही भी बहाल कर दी गई। यह निर्णय केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद लिया गया है। मुख्य सचिव पीके सिंह ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि ये बसें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की सुरक्षा में संचालित होंगी। उन्होंने इसे जनता की असुविधा दूर करने और राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक कदम बताया। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बस सेवाओं में बाधा डालने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बस सेवाएं इम्फाल-कांगपोकपी-सेनापति, सेनापति-कांगपोकपी-इम्फाल, इम्फाल-बिश्नुपुर-चुराचांदपुर तथा चुराचांदपुर-बिश्नुपुर-इम्फाल रूट के लिए चल रही हैं। इसके अलावा राज्य में हेलीकॉप्टर सेवाएं 12 मार्च से शुरू होंगी। हेलीकॉप्टर सेवा का बुधवार को इम्फाल-चुराचांदपुर (सुबह 11:20 से दोपहर 3:50) तथा शनिवार को इम्फाल-चुराचांदपुर, इम्फाल-उखरुल (सुबह 10:00 से दोपहर 3:00) के लिए उपयोग कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष दिसंबर माह में इम्फाल से कांगपोकपी और चुराचांदपुर के लिए बस सेवाएं शुरू करने की कोशिश की थी, लेकिन इम्फाल के मोइरंगखोम में एएसटी स्टेशन पर कोई यात्री नहीं आया था, जिससे योजना असफल हो गई थी।

### नेपाल-तिब्बत सीमा पर 5.9 तीव्रता का भूकंप, काठमांडू तक हिली धरती

**काठमांडू** : नेपाल और तिब्बत की सीमा पर आज दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 मापी गयी है। भूकंप का असर चीन सीमा से लगे कई जिलों में दिखा। राजधानी काठमांडू में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल की क्षति होने की कोई खबर नहीं है। नेपाल के भूकंप मापन केंद्र के मुताबिक, शनिवार दोपहर स्थानीय समय के अनुसार 2:35 बजे भूकंप आया। भूगर्भविद भरत कोइराला ने कहा कि भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिगात्से में है। उल्लेखनीय है कि तिब्बत के शिगात्से में इसी वर्ष 7 जनवरी को एक बड़ा भूकंप आया था। उस दिन भूकंप की तीव्रता 7.1 थी। इस कारण से शिगात्से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ था। चीनी मीडिया के मुताबिक जनवरी के इस भूकंप में 126 लोगों की जान गई थी और सैकड़ों घर ध्वस्त हो गए थे।

### जयशंकर की आयरलैंड यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली** : विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की हालिया आयरलैंड यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, व्यापार और रक्षा (एफएम) मंत्री साइमन हैरिस के निमंत्रण पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 6-7 मार्च तक आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा की। आयरलैंड में नई सरकार के गठन के पहले दो महीनों के भीतर हो रही विदेश मंत्री की यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा निरंतर सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दोनों पक्षों की प्राथमिकता पर बल देती है। बयान में कहा गया है कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ने आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस से मुलाकात की और बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री ने अपने आयरिश समकक्ष उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री साइमन हैरिस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की और द्विपक्षीय सहयोग के पूरे दायरे और आपसी हितों के प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मामलों की समीक्षा की। मंत्रियों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, शिक्षा, गतिशीलता, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित विविध क्षेत्रों में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उच्च शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और साइबर सुरक्षा, एआई, फिन-टेक और सेमीकंडक्टर सहित नए और उभरते क्षेत्रों में दोनों देशों के व्यवसायों और पेशेवरों के लिए और अधिक अवसर पैदा करने के रास्ते तलाशने पर भी चर्चा की। मंत्रालय के बयान के अनुसार, आयरिश उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने डॉ. जयशंकर को आयरलैंड सरकार की कार्य योजना की एक प्रति भेंट की, जिसका उद्देश्य भारत के साथ आयरलैंड के जुड़ाव को बढ़ाना है। यात्रा के दौरान राजनयिक आदान-प्रदान पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य संस्थागत सहयोग को गहरा करना और राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर अनुभव साझा करना है। इसके अलावा, बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों के महत्व को पहचानते हुए, दोनों पक्ष भारत-आयरलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की स्थापना करने पर सहमत हुए। डबलिन विश्वविद्यालय कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने विश्व के बारे में भारत के दृष्टिकोण पर बात की और प्रमुख शिक्षाविदों और विद्वानों के साथ बातचीत की तथा वैश्विक मामलों पर परिप्रेक्ष्यों पर चर्चा की। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ने डबलिन के सेंट स्टीफन ग्रीन में रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की और आयरिश समाज में उनके समृद्ध योगदान की सराहना की।

### जम्मू से श्रीनगर के लिए एक अप्रैल से शुरू होगी सुबह की नियमित उड़ान, मिली मंजूरी

**जम्मू** : जम्मू-कश्मीर के लोगों के अच्छी खबर है। खासकर सरकारी अधिकारियों और व्यवसायियों के लिए यह खबर बहुत ही फायदेमंद और समय बचाने वाली है। ऐसा नागरिक उड्डयन अथारिटी के रोजाना सुबह जम्मू से श्रीनगर के लिए उड़ान शुरू करने से संभव होने जा रहा है। नागरिक उड्डयन के अधिकारियों ने इसकी मंजूरी दे दी है। अब 01 अप्रैल से रोजाना सुबह जम्मू से कश्मीर के लिए नियमित उड़ान शुरू होगी। यह जानकारी अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री और उधमपुर के सांसद डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से बताया कि एक आम शिकायत रहती थी कि जम्मू से श्रीनगर के लिए सुबह की कोई हवाई उड़ान नहीं है। इसके कारण उन लोगों को एक दिन में वापसी करना मुश्किल होता है। इसमें सरकारी अधिकारियों और व्यापारियों को अधिक परेशानी होती थी। इसके परिणामस्वरूप उनके लिए अक्सर उड़ान भरना और उसी दिन वापस आना मुश्किल हो जाता था। उन्होंने बताया कि इसके संबंध में नागरिक उड्डयन अधिकारियों को एक प्रस्ताव दिया गया था। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए नागरिक उड्डयन के अधिकारियों ने 01 अप्रैल 2025 से जम्मू से श्रीनगर के लिए सुबह 10 बजे एक नियमित दैनिक हवाई उड़ान शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**